वर्ष 10 अंक 204
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, शनिवार
3 मई 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20





03 दिल्ली में आंधी से करीब 100 पेड़ उखड़े, विशेषज्ञों ने नगर निकाय की..
06 जल बर्बादी रोकना सबसे अधिक ज़रूरी : डॉ. सुरेश गर्ग
11 सूर्यकुमार यादव ट्रायम्फ नाइट्स के आइकन खिलाड़ी

















## प्रधानमंत्री मोदी ने आंध्र प्रदेश में 58,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन किया

**अमरावती,** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां 58,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें नए राजधानी शहर अमरावती का निर्माण फिर से शुरू करना भी शामिल है। अमरावती आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू का "ड्रीम प्रोजेक्ट" है। उन्होंने दक्षिणी राज्य के विकास में पूर्ण सहयोग देने का भी आश्वासन दिया।




प्रधानमंत्री मोदी ने 94 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिनमें राजधानी शहर के संस्थान, राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे उन्नयन और रक्षा संबंधी प्रतिष्ठान शामिल हैं।

इस अवसर पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण सहित अन्य लोग उपस्थित थे। उन्होंने कहा, "आज 60,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू की गई हैं। ये परियोजनाएं सिर्फ कंक्रीट की संरचनाएं नहीं हैं, बल्कि ये आंध्र प्रदेश और विकसित भारत की महत्वाकांक्षाओं का मजबूत आधार हैं।"

उन्होंने तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) नीत राजग सरकार के 2047 तक राज्य को 2.4 हजार अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था में बदलने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य का जिक्र करते हुए कहा, "हम सभी जानते हैं कि इंद्रलोक की राजधानी का नाम अमरावती था और अब अमरावती आंध्र प्रदेश की राजधानी है। यह महज संयोग नहीं है। स्वर्णआंध्र के निर्माण के लिए यह एक अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा कि स्वर्णआंध्र विकसित भारत के मार्ग को मजबूत करेगा और अमरावती इसके नजरिये को ऊर्जा देगा।

अमरावती सिर्फ एक शहर नहीं बल्कि आंध्र प्रदेश को एक विकसित राज्य में बदलने की शक्ति है।

मोदी ने कहा, "मैं आंध्र प्रदेश की जनता को, और यहां बैठे अपने साथियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि आंध्र प्रदेश के विकास के लिए आप मुझे हमेशा अपने साथ पाएंगे।"

इसके अलावा, एनटीआर के नाम से लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री एन.टी. रामाराव का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने विकसित आंध्र प्रदेश का सपना देखा था।

मोदी ने कहा, "हमें अमरावती, आंध्र प्रदेश को विकासशील भारत का विकास इंजन बनाने के लिए एकजुट होकर काम करना होगा।"

उन्होंने कहा, "हमने एनटीआर का सपना पूरा कर दिया है। चंद्रबाबू, भाई पवन कल्याण, हमें यह करना है और हमें ही यह करना है।"

अमरावती के निर्माण को फिर से शुरू करने के हिस्से के रूप में, प्रधानमंत्री ने 49,000 करोड़ रुपये की 74 परियोजनाओं की आधारशिला रखी, जिसमें विधानसभा, सचिवालय और उच्च न्यायालय भवनों और न्यायिक आवासीय क्वार्टर के साथ-साथ 5,200 परिवारों के लिए आवासीय भवनों का निर्माण शामिल है।

उन्होंने बुनियादी ढांचे और बाढ़ शमन परियोजनाओं की आधारशिला रखी, जिसमें नए राजधानी शहर में भूमिगत उपयोगिताओं और उन्नत बाढ़ प्रबंधन प्रणालियों के साथ 320 किलोमीटर लंबा विश्व स्तरीय परिवहन नेटवर्क शामिल है।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि वह अमरावती को सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि एक पूरे हुए सपने के रूप में देखते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अमरावती एक ऐसी जगह है, जहां विरासत और विकास एक साथ चलते हैं।

'लैंड पूलिंग' योजना के तहत बुनियादी ढांचे की परियोजनाएं अमरावती की ग्रीनफील्ड राजधानी में 1,281 किलोमीटर सड़कों को कवर करेंगी, जिनमें मध्यवर्ती डिवाइडर (सेंट्रल मीडियन), साइकिल ट्रैक और एकीकृत सुविधाएँ (इंटीग्रेटेड यूटिलिटीज़) शामिल होंगी।

इसी तरह, प्रधानमंत्री ने 5,028 करोड़ रुपये की लागत वाली नौ केंद्रीय परियोजनाओं की भी आधारशिला रखी, जिनमें कृष्णा जिले के नागयालंका में डीआरडीओ का मिसाइल परीक्षण केंद्र (1,459 करोड़ रुपये), वाइजैग में एकता मॉल (100 करोड़ रुपये), गुंटकल-मल्लप्पा गेट रेल ओवरब्रिज (293 करोड़ रुपये) और छह राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं (3,176 करोड़ रुपये) शामिल हैं।

## नेशनल हेराल्ड मामला : अदालत ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस जारी किया

**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को नेशनल हेराल्ड धन शोधन मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस जारी किया।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के समय सोनिया गांधी और राहुल गांधी को अपना पक्ष रखने का अधिकार है।

न्यायाधीश ने कहा, ''किसी भी स्तर पर पक्ष रखने का अधिकार निष्पक्ष सुनवाई की जान है।'' उन्होंने मामले की अगली सुनवाई आठ मई के लिए तय की। न्यायाधीश ने कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा और सुमन दुबे, तथा यंग इंडियन, डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड और सुनील भंडारी को भी नोटिस जारी किया। आरोपपत्र धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 3 (धन शोधन) और धारा 4 (धन शोधन के लिए दंड) के तहत दायर किया गया था। चौदह पन्नों के आदेश में न्यायाधीश ने कहा कि ''अभियोजन एजेंसी ईडी को कोई फर्क नहीं पड़ेगा यदि आरोपियों को आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के समय अपना पक्ष रखने की अनुमति दी जाती है।''



संक्षिप्त सुनवाई के दौरान, ईडी का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने कहा कि जांच एजेंसी ''इस तरह के नोटिस का विरोध नहीं कर रही है, क्योंकि वह निष्पक्ष सुनवाई की पक्षधर है।' अदालत ने कहा, 'इसके अलावा, बीएनएसएस (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) की धारा 223 निष्पक्ष सुनवाई के एक हिस्से के रूप में आरोपियों को अपना पक्ष रखने के अधिकार को आगे बढ़ाने के लिए एक अच्छा प्रावधान है, ताकि उन्हें संबंधित अपराधों का संज्ञान लिए जाने से पहले अदालत में अपना पक्ष रखने की अनुमति दी जा सके।'' हाल में आरोपपत्र दाखिल करने वाले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2021 में अपनी जांच शुरू की थी, जब एक मजिस्ट्रेट अदालत ने 26 जून 2014 को भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर एक निजी शिकायत पर संज्ञान लिया था।

## हरियाणा के साथ जल बंटवारे के मुद्दे पर पंजाब के सभी राजनीतिक दल एकजुट

**चंडीगढ़,** (भाषा) पंजाब एवं हरियाणा के बीच जल बंटवारे को लेकर बढ़ते तनाव के बीच पंजाब की आम आदमी पार्टी नीत सरकार की ओर से शुक्रवार को यहां बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में इस मुद्दे पर सभी दलों ने एकजुट रुख अपनाया।

दोनों पड़ोसी राज्यों के बीच जल बंटवारे के मुद्दे पर नया विवाद खड़ा हो गया है, क्योंकि पंजाब सरकार ने भाजपा शासित हरियाणा को और अधिक पानी देने से इनकार कर दिया है।



पंजाब की भगवंत मान सरकार ने इस मुद्दे पर सोमवार को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया है। सर्वदलीय बैठक के दौरान इस बात पर विचार किया गया कि आने वाले दिनों में पार्टियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर सकती हैं। बैठक में भाग लेने के लिए आप, कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सहित विभिन्न दलों के प्रतिनिधि पहुंचे। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री भगवंत मान ने की।

मान के अलावा, बैठक में भाग लेने वाले अन्य नेताओं में आप की प्रदेश इकाई के प्रमुख अमन अरोड़ा, भाजपा की पंजाब इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़, भाजपा नेता मनोरंजन कालिया, कांग्रेस के तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा और राणा केपी सिंह, शिरोमणि अकाली दल के दलजीत सिंह चीमा और बलविंदर सिंह भूंदड़, बसपा की पंजाब इकाई के प्रमुख अवतार सिंह करीमपुरी और पार्टी विधायक नछत्तर पाल शामिल हैं। सर्वदलीय बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मान ने कहा, ''बैठक करीब दो घंटे तक चली और सभी दलों ने जल मुद्दे पर अपने विचार रखे।'' केंद्र पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, ''पंजाब को दरकिनार कर यह मुद्दा हम पर थोपा गया है।' उन्होंने भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) द्वारा हरियाणा को 8,500 क्यूसेक पानी छोड़ने के फैसले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बीबीएमबी के कुछ अधिकारियों को भी रातों-रात बदल दिया गया।

मान ने कहा, ''सर्वदलीय बैठक के दौरान हमने इसकी निंदा की। हम पहले से ही मानवीय आधार पर हरियाणा को 4,000 क्यूसेक पानी दे रहे हैं। हमें धन्यवाद देने के बजाय, वे इस मुद्दे को कहीं और ले गए।'' उन्होंने कहा, ''सभी दलों ने सर्वसम्मति से फैसला किया है कि दलगत भावना से ऊपर उठकर हम पंजाब के साथ खड़े हैं। यह मुद्दा पंजाब की जीवन रेखा से जुड़ा है - जो पानी का मुद्दा है। इस मुद्दे पर सभी दल एकजुट हैं।'' शिरामणि अकाली दल के नेतस भूंदड़ ने कहा सभी दलों ने पार्टी लाइन से ऊपर उठकर यह फैसला किया है।

उन्होंने कहा, ''यह मुद्दा दलों के बारे में नहीं है, बल्कि पंजाब से जुड़ा है। हम पंजाब के साथ खड़े हैं। कानूनी तौर पर हम सही हैं। यह (जल बंटवारे का मुद्दा) पंजाब की जीवन रेखा से जुड़ा है। इस मुद्दे पर आम सहमति बनी है कि हम सभी एकमत हैं।''

## पहलगाम हमले के बाद हालात से निपटने के लिए सरकार की ओर से कोई स्पष्ट रणनीति सामने नहीं आई: खरगे

**नयी दिल्ली,** (भाषा) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए सरकार की ओर से कोई स्पष्ट रणनीति सामने नहीं आई है। हालांकि उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष केंद्र के साथ है।



पार्टी के 24, अकबर रोड स्थित कार्यालय में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में अपने संबोधन में खरगे ने यह भी कहा कि सरकार ने जातिगत सर्वेक्षण की पार्टी की मांग स्वीकार कर ली है, लेकिन इस फैसले के समय ने 'हमें हैरान कर दिया है'। उन्होंने जाति जनगणना सबंधी फैसले को लेकर सरकार की मंशा पर संदेह जताया और पार्टी नेताओं से कहा कि जातीय सर्वेक्षण के मुद्दे को तार्किक परिणति तक ले जाने के लिए सतर्क रहें। कांग्रेस अध्यक्ष ने जाति जनगणना कराने के सरकार के फैसले का श्रेय पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को देते हुए कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि अगर ''हम लोगों के मुद्दों को ईमानदारी से उठाते हैं, तो सरकार को झुकना पड़ता है''।

खरगे ने कहा कि कांग्रेस कार्यसमिति की पिछली बैठक में पार्टी ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में केंद्र को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के कई दिन बाद भी सरकार की ओर से कोई स्पष्ट रणनीति नहीं आई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने पहलगाम हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी के परिजनों से कानपुर में मुलाकात की थी और सरकार से मृतक को शहीद का दर्जा और सम्मान देने की मांग की थी। खरगे ने कहा, ''देश की एकता, अखंडता और समृद्धि के रास्ते में आने वाली किसी भी चुनौती के खिलाफ हम एकजुट होकर और सख्ती से काम करेंगे। इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष सरकार के साथ है। हमने पूरी दुनिया को यह संदेश दिया है।'' उन्होंने कहा कि इस बीच मोदी सरकार ने जनगणना के साथ-साथ जातीय सर्वेक्षण कराने का फैसला किया है।

खरगे ने कहा, ''इसके लिए सबसे पहले मैं राहुल जी को बधाई देता हूं, जिन्होंने लगातार इस मुद्दे को उठाकर सरकार को जातिगत जनगणना पर फैसला लेने के लिए मजबूर किया। आपने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान इसे एक शक्तिशाली अभियान में बदल दिया और सामाजिक न्याय 18वीं लोकसभा के चुनाव का सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया।''

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''राहुल जी ने फिर साबित कर दिया है कि अगर हम लोगों के मुद्दों को ईमानदारी से उठाते हैं, तो सरकार को झुकना पड़ता है। भूमि अधिग्रहण संशोधन विधेयक से लेकर तीन काले कृषि कानूनों की वापसी तक और अब जातिगत जनगणना उन घटनाक्रमों की शृंखला में शामिल हो गई है, जिसमें एक अड़ियल सरकार को एक बार फिर झुकना पड़ा है।'' सरकार ने बुधवार को घोषणा की थी कि जातिगत गणना को 'पारदर्शी' तरीके से आगामी जनगणना में शामिल किया जाएगा।

## विद्यार्थी के जीवन में माता सबसे प्रथम गुरु माता पिता का सम्मान करें : बालकानंद गिरी जी

### दीक्षांत समारोह 2025: "बुद्धि, विवेक और आत्मविश्वास से मिलती है सफलता"











नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**दिल्ली।** रोहिणी स्थित महाराजा अग्रसेन टेक्नीकल एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MAIT) और महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (MAIMS) का दीक्षांत समारोह भव्य दीक्षांत समारोह 2025 का आयोजन संपन्न I आयोजित समारोह में मेधावी छात्रों को डिग्रीयां व पुरस्कार प्रदान किए गए।दीक्षांत समारोह में प्रमुख उपस्थिति महामंडलेश्वर बालकानंद गिरी जी महाराज की रही जबकि मुख्यअतिथि प्रोफ. (डॉ) महेश वर्मा ,कुलपति ,गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय डॉ. नंद किशोर गर्ग (संस्थापक और मुख्य सलाहकार, मेट्स) और श्री विनीत कुमार गुप्ता (लोहिया) (अध्यक्ष, मेट्स)मौजूद रहें। पारंपरिक शैक्षणिक शोभायात्रा और सरस्वती वंदना दीप प्रज्वलित कर कुलगीत के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। अतिथियों का हार्दिक स्वागत पौधा एवं मातृत्व का प्रतीक गाय की प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया गया। मेट्स की प्रेरणादायक 25 वर्षों की यात्रा को समर्पित स्मृति ग्रंथ 'अग्रणी संकल्प' का विमोचन किया गया।

संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष डॉ नन्द किशोर गर्ग ने छात्रों से समर्पण, विनम्रता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ अपने करियर में आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया है।विकसित भारत का निर्माण कि देश के लिए इतना करो कि देश 2047 सर्वश्रेष्ठ हो जाए। हम पूरा प्रयास कर रहे हैं कि किस प्रकार राष्ट्र प्रथम भाव के साथ विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण के साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जा सकें। हमारे संस्थान में विद्यार्थियों के लिए सेमिनार, कार्यशाला व रोजगार मेले का भी आयोजन नियमित होता है।,संस्थान को इस ऊंचाई तक लाने में ट्रस्टी बंधुओं का अतुलनीय योगदान I प्रोफेसर (डॉ) महेश वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद अब आप विश्व की प्रतिस्पर्धा में अपने कदम रखने वाले हैं ,आप हमेशा जीवन में मुस्कुराते रहें,अगर आप बड़ा सोचेंगे तभी कुछ बड़ा कर सकेंगे।जब आपकी शक्ति के साथ परमपिता परमात्मा की शक्ति जुड़ जाएगी तो आपको दुनिया की कोई शक्ति हरा नहीं सकती। विज्ञान उड़ना सिखाता है परंतु मूल्य आपको गिरने से बचाते हैं।मेट और मेम्स इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के ग़ौरव हैं।इसके उपरांत महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरि जी महाराज ने आध्यात्मिक विचार और आशीर्वाद साझा करते हुए आंतरिक मूल्यों और नैतिक जीवन की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने कहा की "विद्यार्थी के जीवन में माता को सबसे बड़ा गुरु बताया और कहा कि बुद्धि ,विवेक और आत्मविश्वास से सफलता मिलती है I सर्वप्रथम संबंधित निदेशकों द्वारा डिग्रियाँ प्रदान की गईं और व्यावसायिक शपथ दिलाई गई। महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के पूर्व छात्र श्री आकाश गर्ग, जिन्होंने UPSC सिविल सेवा परीक्षा 2024 में अखिल भारतीय रैंक 5 प्राप्त की, को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया।वंदना गोयल की स्मृति पुरस्कार चार छात्राओं को वंदना गोयल स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो MAIT के पूर्व निदेशक प्रो. एम. एल. गोयल की दिवंगत पुत्री स्वर्गीय वंदना गोयल की स्मृति में स्थापित किया गया था। समारोह में विश्वविद्यालय में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः 51 हजार, 31 हजार और 21 हजार रुपये प्रदान किए गए। 2023 और 2024 बैच के 1821 छात्रों को डिग्री प्रदान की गईं।मेधावी छात्रों को कुल 11 लाख की नकद पुरस्कार राशि वितरित की गई। महाराजा अग्रसेन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलोजी और महाराजाअग्रसेन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज के निदशको प्रोफ नीलम शर्मा और प्रोफ रजनी मल्होत्रा ढींगरा ने संस्थान की अकादमिक उपलब्धियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की ।समारोह का समापन श्री विनीत कुमार गुप्ता (लोहिया), अध्यक्ष, MATES द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ I जिन्होंने सभी गणमान्य अतिथियों, मेहमानों, संकाय सदस्यों और छात्रों को समारोह को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। अंत में राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया, जिसके साथ यह दीक्षांत समारोह गरिमापूर्ण रूप से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों, संकाय सदस्यों, स्नातक छात्रों, अभिभावकों और आमंत्रित मेहमानों की विशेष उपस्थिति रही।इस अवसर पर सोसयटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुंदर लाल गोएल, मनोज सिंघल, उमेश गुप्ता,जगदीश मित्तल, ज्ञान अग्रवाल ,एस.पी गोएल,टी आर गर्ग, मोहन गर्ग,रजनीश गुप्ता,संजीव गोयल,आनंद गुप्ता, विवेक गर्ग, सतीश चंद गुप्ता,सतीश गर्ग, राजेश गुप्ता,अविनाश अग्रवाल, राजकुमार सिंघल, स्वेट गर्ग, महानिदेशक डॉ. जे .वी. देसाई, डीन डॉ. एस. एस देसवाल,डॉ. सचिन गुप्ता, की उपस्थिति सराहनीय रही।

# सिर्फ डिग्री नहीं, हुनर भी जरूरी: योगी आदित्यनाथ

**यूपी में तकनीकी शिक्षा का कायाकल्प, मुख्यमंत्री ने दिए अहम निर्देश, तकनीकी संस्थानों में गुणवत्ता और रोजगार पर मुख्यमंत्री का फोकस**

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्तापरक प्रशिक्षण और उद्योग से जुड़ाव को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने शुक्रवार को संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्पष्ट किया कि शिक्षा को केवल प्रमाण-पत्र तक सीमित न रखते हुए इसे व्यवहारिक, कौशल-आधारित और रोजगार-ोन्मुखी बनाया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत आठ वर्षों में राज्य सरकार ने तकनीकी शिक्षा को अधिक सुलभ, नवाचारपरक और परिणामोन्मुखी बनाने के लिए अनेक ठोस प्रयास किए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम अब सामने आ रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्राविधिक संस्थान नैक, एनबीए तथा एनआईआरएफ जैसे मूल्यांकन ढाँचों में भाग लें, लेकिन इससे पहले व्यापक तैयारी सुनिश्चित की जाए।

बैठक में उन्होंने राज्य संस्थागत रैंकिंग रूपरेखा के अंतर्गत राजकीय एवं अनुदानित पॉलिटेक्निक की रैंकिंग की सराहना की तथा निजी संस्थानों को भी इसमें शामिल करने के निर्देश दिए, जिससे गुणवत्ता के एक समान मानक विकसित हो सकें।

### औद्योगिक इंटर्नशिप और अप्रेंटिसशिप पर विशेष जोर

मुख्यमंत्री ने प्रत्येक छात्र के लिए औद्योगिक इंटर्नशिप को अनिवार्य बनाने के निर्देश दिए, ताकि छात्रों को व्यावसायिक अनुभव मिल सके। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में 1.25 लाख से अधिक प्रशिक्षुओं को अप्रेंटिसशिप और रोजगार मिला है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में 30,000 से अधिक छात्रों ने आवेदन किया है।

सीएसआर फंड के माध्यम से 37 जिलों में औद्योगिक इकाइयों द्वारा आधुनिक कौशल प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। एनपीएस और सीएमएपीएस योजनाओं के तहत पिछले पांच वर्षों में 2.67 लाख अप्रेंटिस नियुक्त किए गए हैं।

### आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में ठोस कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की युवा शक्ति को तकनीकी रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से सभी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए, ताकि हर युवा को उसके कौशल के अनुसार अवसर मिल सके और 'आत्मनिर्भर भारत' का सपना साकार किया जा सके।

- सीएम बोले – एनबीए, एआईआरएफ एवं नैक मूल्यांकन के लिए संस्थान आगे बढ़ें और पूर्ण तैयारी के साथ आवेदन करें

### नई पहलें और डिजिटल शिक्षा का समावेश

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में कुल 2139 पॉलीटेक्निक संस्थान कार्यरत हैं, जिनमें डिजिटल कक्षाएं, बायोमैट्रिक उपस्थिति और फ्रंटियर टेक्नोलॉजी जैसे ड्रोन टेक्नोलॉजी, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी और मशीन लर्निंग जैसे विषयों को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है।

## जातीय जनगणना पर बसपा सुप्रीमो का हमला

# ओबीसी हितैषी बनने की भाजपा–कांग्रेस की होड़, पर नीयत में खोट

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने शुक्रवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक तीखा बयान जारी करते हुए जातीय जनगणना को लेकर केंद्र सरकार के फैसले पर सवाल उठाए और भारतीय जनता पार्टी तथा कांग्रेस दोनों को आड़े हाथों लिया।

मायावती ने लिखा कि ह्नकाफी लंबे समय तक ना-नुकुर करने के बाद अब केंद्र द्वारा राष्ट्रीय जनगणना के साथ जातीय जनगणना कराने के फैसले पर भाजपा और कांग्रेस श्रेय लेने की होड़ में हैं। दोनों ही पार्टियाँ खुद को ओबीसी हितैषी साबित करने की कोशिश कर रही हैं, जबकि इनका बहुजन-विरोधी चरित्र जगजाहिर है। इसी कारण आज भी ओबीसी समाज शोषित, वंचित और पिछड़ा हुआ है ह्व

उन्होंने आगे कहा कि अगर भाजपा और कांग्रेस की नीयत व नीति वास्तव में बहुजन समाज के प्रति ईमानदार होती, तो आज ओबीसी समाज देश के विकास में उचित भागीदारी निभा रहा होता और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का आत्म-सम्मान व स्वाभिमान का मिशन सफल हो चुका होता।

बसपा प्रमुख ने यह भी जोड़ा कि बाबा साहब और बीएसपी के अनवरत संघर्ष के कारण आज ओबीसी समाज पहले से अधिक जागरूक है। इसलिए दलितों की तरह अब ओबीसी वोटों को लेकर भी भाजपा और कांग्रेस जैसी पार्टियाँ ललायित हैं। यह इनकी स्वार्थवश ओबीसी हितैषी दिखने की मजबूरी है। जबकि सच्चा हित केवल बसपा में ही निहित है।

अंत में उन्होंने बहुजन समाज से आह्वान करते हुए कहा: अब समय आ गया है कि 'वोट हमारा, राज तुम्हाराह्ननहीं चलेगा' के संघर्ष को सार्थक बनाते हुए बहुजन समाज अपने पैरों पर खड़ा हो। इसके लिए किसी भी प्रकार की कोताही और लापरवाही घातक हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की ओर बड़ा कदम: यूपी में हर जिले में बनेगा 'जिला ओटीडी सेल'

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में बदलने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ने एक और रणनीतिक और दूरदर्शी पहल की है। इसी क्रम में राज्य के सभी जनपदों में ह्यजिला ओटीडी (वन ट्रिलियन डॉलर) सेलह्न के गठन का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। यह सेल जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संचालित होगा, जिसमें जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सह-संयोजक होंगे। अन्य सदस्य होंगे: कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, दुग्ध विकास, खनन, वन, उद्योग, पर्यटन, ऊर्जा, लोक निर्माण, जीएसटी, नेडा आदि विभागों के अधिकारी। साथ ही, आवश्यकता पड़ने पर प्रख्यात शिक्षाविदों और उद्योगपतियों को भी समिति में शामिल किया जा सकेगा। यह सेल प्रदेश सरकार के उस महत्वाकांक्षी लक्ष्य का आधार स्तंभ बनेगा, जिसके तहत उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में नीतिगत, क्षेत्रीय और आंकड़ा आधारित निर्णयों की श्रृंखला तैयार की जा रही है।

### मंत्री शिवानंद पाटिल का विधायक के रूप में सशर्त इस्तीफा स्वीकार्य नहीं : विधानसभा अध्यक्ष

बेंगलुरु (भाषा) कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष यूटी खादर ने शुक्रवार को कहा कि मंत्री शिवानंद पाटिल का विधायक के रूप में सशर्त इस्तीफा नियमों के अनुसार स्वीकार नहीं किया जा सकता। पाटिल के खादर से मुलाकात कर बसवाना बागेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र से विधायक के रूप में इस्तीफा सौंपने के कुछ घंटों बाद विधानसभा अध्यक्ष ने यह टिप्पणी की। पाटिल ने इस्तीफा सौंपते वक्त कहा था कि वह विजयपुरा शहर के विधायक बसंगौड़ा पाटिल यतनाल की चुनौती स्वीकार करने के बाद विधायक के रूप में इस्तीफा दे रहे हैं। यतनाल ने पाटिल को उनके खिलाफ चुनाव लड़ने की चुनौती दी थी।

कपड़ा, गन्ना विकास एवं कृषि विपणन विभाग संभाल रहे पाटिल ने हालांकि विधानसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया कि उनका इस्तीफा तभी स्वीकार किया जाए, जब यतनाल का इस्तीफा भी मंजूर कर लिया जाए। खादर ने कहा, बसंगौड़ा पाटिल यतनाल ने न तो विधायक पद से इस्तीफा दिया है, न ही उन्होंने इस्तीफा सौंपने के लिए मुझसे व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की है, और यतनाल का इस्तीफा विधानसभा कार्यालय को प्राप्त नहीं हुआ है। अध्यक्ष खादर ने कहा, इस संदर्भ में मैंने शिवानंद पाटिल को समझाया कि विधानसभा के नियमों के अनुसार, उनका सशर्त इस्तीफा स्वीकार करना संभव नहीं है। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, मैंने शिवानंद पाटिल से कहा कि कर्नाटक राज्य को उनके लंबे अनुभव और उनकी सेवा की आवश्यकता है। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं। अध्यक्ष ने इस्तीफे के प्रारूप के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए बताया, यह नियमों के अनुसार नहीं है और इसलिए इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। पाटिल ने अपने इस्तीफे में कहा कि यतनाल ने उन्हें चुनौती दी थी कि वह विजयपुरा सिटी विधानसभा क्षेत्र से विधायक पद से इस्तीफा देकर उनके खिलाफ बसवाना बागेवाड़ी क्षेत्र से चुनाव लड़ें। पाटिल ने कहा, मैंने उनकी (यतनाल की) चुनौती स्वीकार कर ली और चुनाव में उनके खिलाफ लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, इसलिए, मैं बसवाना बागेवाड़ी से विधायक पद से इस्तीफा दे रहा हूं, जिसका मैं प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। पाटिल ने कहा, इसलिए, मैं आपसे (अध्यक्ष से) अनुरोध करता हूं कि मेरा इस्तीफा तभी स्वीकार करें जब चुनौती के अनुसार बसंगौड़ा पाटिल यतनाल अपने विधायक पद से इस्तीफा दे दें और उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया जाए। यतनाल ने 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के रूप में विजयपुरा शहर क्षेत्र से जीत हासिल की थी। भाजपा ने हाल ही में यतनाल को बार-बार अनुशासन का उल्लंघन करने के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया था।

# पुलिस ने सपा सांसद रामजी लाल सुमन को अलीगढ़ जाने से रोका



आगरा (भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद रामजी लाल सुमन को पुलिस ने अलीगढ़ जाने से रोक दिया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि उनके घर के बाहर कई थानों के पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। सपा सांसद सुमन ने आरोप लगाया कि पुलिस ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के इशारे पर उन्हें उनके ही घर में नजरबंद कर दिया है। सुमन ने आरोप लगाया कि उन्हें अलीगढ़ जाने से रोका गया। पुलिस ने सुमन को नोटिस सौंपकर उन्हें बताया कि उनकी सुरक्षा से जुड़े खतरे की जानकारी उसे मिली है, इसलिये वह उन्हें आगे नहीं जाने दे सकती। पुलिस ने बताया कि सपा सांसद अलीगढ़ में पीटे गए एक दलित युवक से मिलने जा रहे थे। सांसद का घर थाना हरीपर्वत से 500 मीटर की दूरी पर है। उनके घर को सुरक्षा बलों ने घेर रखा है। पुलिसकर्मी सपा सांसद सुमन से मिलने उनके घर पहुंचने वाले लोगों की आवाजाही को रिकॉर्ड कर रहे थे।

# भाजपा ने हमेशा जातीय जनगणना का समर्थन किया, विपक्ष ने सिर्फ राजनीति की :सम्राट चौधरी

**नेहरू से मनमोहन सरकार तक कांग्रेस देश में जातीय जनगणना नहीं करा पायी**

**प्रधानमन्त्री मोदी ने सभी जातियों के विकास के लिए किया जातीय जनगणना का निर्णय**

स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार

पटना(बिहार) ।उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने देश में जातीय जनगणना कराने के केंद्र सरकार के ऐतिहासिक निर्णय की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि इससे हर जाति के बीच आपसी सद्भाव बनाये रखते हुए सभी जातियों का आर्थिक-सामाजिक विकास तेज होगा।यह एक सकारात्मक कदम है,जबकि कांग्रेस, राजद और इंडी गठबंधन के दलों ने जाति जनगणना पर केवल राजनीति की।उन्होंने कहा कि कांग्रेस तो आजादी के बाद नेहरू काल से मनमोहन सरकार तक जातीय जनगणना और आरक्षण के विरुद्ध रही।

श्री चौधरी ने कहा कि कांग्रेस को 2014 में सत्ता से बाहर होने के बाद ही जातीय जनगणना की याद आयी।प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने सभी जातियों के विकास के लिए यह निर्णय किया।बिहार में नीतीश कुमार ने भी जातीय सर्वेक्षण कराया।एनडीए ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया,र-ाजनीति नहीं की।श्री चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और गृहमंत्री अमित शाह ने सितंबर 2024 में कई बार स्पष्ट किया था कि संगठन और सरकार जातीय जनगणना के पक्ष में है।भाजपा ने कभी जातीय जनगणना का विरोध नहीं किया।उन्होंने कहा कि किसी



जाति या समुदाय की भलाई के लिए सरकार को आंकड़ों की जरूरत होती है।ऐसा पहले भी हो चुका है, लेकिन इसे सिर्फ समाज की भलाई के लिए किया जाना चाहिए,समाज में कटुता फैलाने के लिए नहीं।उपम-ुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि कांग्रेस का असली चेहरा तब सामने आया,जब जातीय जनगणना के मुद्दे पर गठित यूपीए सरकार के मंत्री समूह में शामिल तत्कलीन केंद्रीय गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने 2011की जनगणना में जाति को शामिल करने का विरोध किया और कहा कि जातियों की गिनती अलग से कराई जाएगी।उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस जातीय जनगणना का लगातार विरोध करती रही,वही कांग्रेस 2024 के संसदीय चुनाव से पहले जातीय जनगणना की सबसे बड़ी पैरोकार बनने का नाटक करने लगी।श्री चौधरी ने कहा कि 30अप्रैल 2025 को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजनैतिक विषयों की कैबिनेट समिति ने निर्णय लिया कि जातियों की गणना को आने वाली जनगणना में सम्मिलित किया जाए।

# मंगलुरु में मारे गए विहिप कार्यकर्ता के परिवार को भाजपा 25 लाख रुपये देगी : प्रदेश अध्यक्ष

मंगलुरु (भाषा) कर्नाटक के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने मंगलुरु में बेरहमी से मारे गए विश्व हिंदू परिषद् (विहिप) के कार्यकर्ता सुहास शेट्टी के परिवार को पार्टी की ओर से शुक्रवार को 25 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। विजयेंद्र ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात करके हत्या की राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जांच कराने की मांग की। यहां बृहस्पतिवार को बेरहमी से मारे गये विहिप कार्यकर्ता सुहास शेट्टी के परिवार से मिलने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र आज उनके घर पहुंचे।

उन्होंने पीड़ित के लिए पहले से ज्ञात खतरों के बावजूद सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहने के लिए राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की एवं राज्य के गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग की।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र ने मांग की कि सुहास की हत्या की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर को तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

विजयेंद्र ने मीडिया से बातचीत में सवाल किया कि, ''प्रदेश के गृह मंत्री कहां हैं, वह तो प्रदेश के गृह मंत्री बनने के काबिल ही नहीं हैं। जिस प्रकार एक के बाद एक हिंदू कार्यकताओं की निर्मम तरीके से हत्या की जा रही है उसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए प्रदेश के गृह मंत्री को तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि जब पुलिस को सुहास शेट्टी पर मंडरा रहे खतरे का पता था तो समय रहते उनकी सुरक्षा के लिए क्यों नहीं कदम उठाये?

उन्होंने कहा कि हाल में पहलगांव में आतंकी हमले के बाद राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया का बयान सभी ने देखा है और उनके उसी बयान के बाद राष्ट्र विरोधी ताकतों को इस तरह का संबल मिला कि उन्होंने बेरहमी से सुहास की सरेआम हत्या कर दी।

सुहास शेट्टी की बृहस्पतिवार को हुई निर्मम हत्या के बाद मंगलुरु और आसपास के इलाकों में पूरे दिन तनाव व्याप्त रहा जिसके चलते अधिकारियों को दक्षिण कन्नड़ जिले में छह मई तक निषेधाज्ञा लागू करनी पड़ी।

हिंदू संगठनों द्वारा बुलाए गए बंद का व्यापक असर दिखा और बंद के चलते दुकानें बंद रहीं, बसें सड़कों से नदारद रहीं और कई इलाकों में पथराव की घटनाएं सामने आईं।

इस बीच पुलिस ने इस हत्या के मामले से जुड़ीं तीन गाड़ियां जब्त की हैं। अपराध में कथित तौर पर इस्तेमाल किये जाने के कारण दो कार (स्विफ्ट और इनोवा) समेत एक मालवाहक वाहन को जब्त किया गया है। एक कार से हथियार भी बरामद हुए हैं।

बजरंग दल से जुड़े विहिप कार्यकर्ता सुहास शेट्टी की बृहस्पतिवार रात बाजपे के पास बेरहमी से हत्या कर दी गई थी।

# भारतीय परंपरा का अभिन्न अंग रहा योग अब वैश्विक स्तर पर फल-फूल रहा है: केंद्रीय मंत्री जाधव

नासिक (भाषा) केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव ने शुक्रवार को कहा कि कभी भारतीय परंपरा का अभिन्न अंग रहा योग अब अंतरराष्ट्रीय समुदाय में फल-फूल रहा है और दुनिया भर में लाखों लोगों के जीवन का आधार बन रहा है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री जाधव ने कहा कि केंद्र सरकार 2025 के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

वह नासिक में एक कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे, जहां 6,000 से अधिक उत्साही लोग 21 जून के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) से पहले 50दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम के लिए एकत्र हुए थे। इस योग दिवस का आयोजन केंद्रीय आयुष मंत्रालय के मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) द्वारा किया जाता है। आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण पंचवटी के गौरी मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम, योग महोत्सव में न केवल प्राचीन शारीरिक और आध्यात्मिक अनुशासन का जश्न मनाया गया, बल्कि अंतरर-ाष्ट्रीय योग दिवस से संबंधित एक पोर्टल भी शुरू किया गया।



योग संगम पोर्टल भारत भर में 1,00,000 से अधिक स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है।

जाधव ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों की बदौलत आज योग दुनिया भर में लाखों लोगों के जीवन का आधार बना हुआ है। इसके लाभों को हर व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयासों के तहत, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 को एक दशक तक चलने वाले वैश्विक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। पहला योग दिवस 21 जून, 2015 को मनाया गया था।

# बिहार में रामायण सर्किट को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम, अयोध्या की तर्ज पर विकसित होगा पुनौराधाम

नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार

पटना(बिहार)।बिहार के सीतामढ़ी में स्थित मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम को अयोध्या के राम जन्मभूमि की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।इस धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर के समग्र विकास के लिए मेसर्स डिजाइन एसोसिएट्स इन कॉरपोरेटेड को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है,जो डिजाइन कंसल्टेंट के तौर पर काम करेगी।वर्तमान में मंदिर परिसर में 17 एकड़ भूमि उपलब्ध है,जबकि इसके व्यापक विकास के लिए अतिरिक्त 50 एकड़ भूमि को चिह्नित किया गया है।इस परियोजना की लागत 120 करोड़ 58 लाख रुपये आंकी गई है,जिसे नवंबर 2024 में प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो चुकी है।पूर्वी चंपारण जिले में स्थित सीताकुंड के पुनर्विकास की योजना को भी मंजूरी मिल चुकी है।इस स्थल के धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने इस वर्ष की पहली किस्त के रूप में 6 करोड़ 55 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं।यहां पर प्रवेश द्वार,कैफेटेरिया, चहारदीवार-ी,शौचालय ब्लॉक और दुकानों के निर्माण सहित सम्पूर्ण परिसर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।यह कार्य बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की देखरेख में अगले 18 महीनों में पूर्ण किया जाएगा।सीतामढ़ी जिले के अंतर्गत आने वाले पंथपाकर स्थल को भी भव्य रूप देने की तैयारी है।इस स्थान को लेकर मान्यता है कि जब भगवान राम के साथ माता सीता अयोध्या जा रही थीं,तब यहीं पर उनकी डोली रुकी थी।ऐसा कहा जाता है कि यहां स्थित कुंड का पानी कभी सूखता नहीं है।आपको बता दे कि सरकार की योजना के अनुसार यहां मंदिर परिसर का विस्तार-,पहुंच पथ निर्माण, कैफेटेरिया,पार्किंग,थीमेटिक प्रवेश द्वार,पेयजल,स्ट्रीट लाइटिंग,घाटों का निर्माण और तालाब का जीर्णोद्धार किया जाएगा।



इस परियोजना को भी पर्यटन विकास निगम आगामी 24 महीनों में पूरा करेगा।मधुबनी जिले में स्थित फूलहर स्थान,जहां राम और सीता का प्रथम मिलन हुआ था, उस स्थल को भी विकसित किया जा रहा है।इसके लिए इस वित्तीय वर्ष में 5 करोड़ रुपये की पहली किस्त स्वीकृत कर दी गई है।बताते चलें कि योजना के तहत पार्किंग क्षेत्र, चहारदीवारी,कैफ-ेटेरिया,शौचालय ब्लॉक,प्रवेश व्यवस्था,घाट का विकास और लेजर फाउंटेन शो जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी।इस स्थल को आकर्षक पर्यटन स्थल में बदलने का लक्ष्य अगले दो वर्षों में पूरा किया जाएगा।

दरभंगा जिले के अहिल्या स्थान मंदिर परिसर का भी कायाकल्प किया जाएगा।यहां पर पर्यटकीय सुविधाओं को बढ़ाते हुए मंदिर परिसर को सुंदर और आध्यात्मिक रूप देने की योजना तैयार की गई है।इसके लिए 3 करोड़ 74 लाख रुपये की प्रथम किस्त स्वीकृत की गई है।परि-योजना के तहत चहारदीवारी,गेस्ट हाउस,कैफेटेरिया,प्रवेश द्वार,मे-डिटेशन पौंड,सेंट्रल पवेलियन और फाउंटेन निर्माण जैसे कार्य किए जाएंगे।इसके अलावा 18.50 एकड़ भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव भी भेजा गया है ताकि भविष्य में सुविधाओं का और विस्तार किया जा सके।साथ ही सीतामढ़ी में होटल जानकी विहार का निर्माण भी इस योजना का हिस्सा है।बिहार में रामायण सर्किट से जुड़े सभी स्थानों को विकसित कर विश्वस्तरीय बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है।राज्य सरकार की तरफ से इसकी कवायद प्रारंभ है।इन स्थलों का विकास ना केवल पर्यटकीय दृष्टिकोण से बल्कि धार्मिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है।इस सर्किट से जुड़े जितने भी स्थल हैं,सभी का विकास,पुर्नविकास और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

# दिल्ली में आंधी से करीब 100 पेड़ उखड़े, विशेषज्ञों ने नगर निकाय की अनदेखी को बताया जिम्मेदार



नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार तड़के आई आंधी में 100 से 200 पेड़ उखड़ गए, जिससे पर्यावरणविदों के बीच अनियंत्रित शहरी विकास को लेकर नयी चिंता पैदा हो गई है।

शहर में भारी बारिश के कारण दिल्ली नगर निगम को पेड़ गिरने की 53 शिकायतें प्राप्त हुईं, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद को ऐसी 24 शिकायतें प्राप्त हुईं, जबकि लोक निर्माण विभाग को पेड़ों के उखड़ने या टहनियों के गिरने की कम से कम 200 शिकायतें प्राप्त हुईं।

दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से अब भी पेड़ गिरने की खबरें आ रही हैं।

विशेषज्ञों ने पेड़ों के कमजोर होने के लिए उनके आधार पर अनियंत्रित कंक्रीट निर्माण को जिम्मेदार ठहराया।

दिल्ली के पर्यावरणविद् वरहीन खन्ना ने कहा, ''पेड़ के आधार के चारों ओर लगा सीमेंट पेड़ को गिरने का कारण बनता है। यह पानी और हवा को जड़ों तक पहुंचने से रोकता है और तने को फैलने से रोकता है।''

उन्होंने कहा, ''मानसून के दौरान, नमी बढ़ने के कारण पेड़ों के तने को फैलने की जरूरत होती है, लेकिन सीमेंट के कारण ऐसा नहीं हो पाता। जड़ें कमजोर हो जाती हैं, जिससे पेड़ अपना संतुलन खो देता है। अगर आस-पास खुदाई करने से जड़ें कट जाती हैं, तो गिरने का खतरा बढ़ जाता है।

खन्ना ने गिरे हुए पेड़ों को स्वयं पनपने देने के बजाय उन्हें काटने और हटाने में जल्दबाजी करने के लिए नगर निकायों की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, ''अधिकारियों के पास इन पेड़ों को बचाने के लिए संसाधन तो हैं, लेकिन इच्छाशक्ति की कमी है। मित्रवत्‌ढंग से थोड़ा समझाने और उदाहरण कायम करने से अधिकारियों को मनाया जा सकता है - और जब वे काम करते हैं तो सफलता दर अधिक होती है।''

हरित कार्यकर्ता भवरीन कंधारी ने पर्यावरण विनाश के लिए वर्षों की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा, ''प्राथमिक कारणों में से एक है पेड़ों के आधार के आसपास अनियंत्रित कंक्रीट निर्माण, जो महत्वपूर्ण पोषक जड़ों के विकास को रोकता है और आधार को कमजोर करता है। निर्माण से संबंधित मिट्टी का संघनन, बार-बार खुदाई, और पुरानी जड़ प्रणाली समस्या को और भी बदतर बना देती है।''

कंधारी ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण के 2013 के आदेश में सभी प्राधिकारियों को पेड़ों के चारों ओर एक मीटर के दायरे से कंक्रीट हटाने का निर्देश दिया गया था - लेकिन इस निर्देश का अभी भी ठीक से पालन नहीं हो रहा है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, ''जब तक सरकार पेड़ों के स्वास्थ्य को अपनी शहरी योजना में शामिल नहीं करती और मौजूदा नियमों को लागू नहीं करती, तब तक ये घटनाएं बढ़ती ही रहेंगी।''

## न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर सरकार को पाकिस्तानी नागरिकों पर रिपोर्ट पेश करने के लिए समय दिया

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर सरकार को जम्मू-कश्मीर लोक सुरक्षा अधिनियम, 1978 के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिोए गए पाकिस्तानी नागरिकों की संख्या के बारे में जानकारी देने के लिए और समय दे दिया।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने अधिकारियों को यह जानकारी देने के बाद छह सप्ताह का और समय दिया कि केंद्र शासित प्रदेश में बाढ़ के दौरान ऐसे कैदियों से संबंधित आंकड़ा नष्ट हो गया। इसके बाद शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई 25 जुलाई के लिए स्थगित कर दी।

न्यायालय जम्मू-कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी के दिवंगत नेता और वरिष्ठ अधिवक्ता भीम सिंह द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर लोक सुरक्षा अधिनियम, 1978 के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिए गए पाकिस्तानी नागरिकों के संबंध में अदालत में याचिका दायर की थी।

# न्यायालय ने धर्मांतरण पर उप्र के संशोधित कानून के खिलाफ याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई



नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ''गैरकानूनी धर्मांतरण'' पर उत्तर प्रदेश के 2024 के संशोधित कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने के लिए शुक्रवार को सहमत हो गया।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता एस मुरलीधर की दलीलों पर गौर किया, जिन्होंने कहा कि 2024 में संशोधित 'उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम' के कुछ प्रावधान ''अस्पष्ट और अत्यधिक व्यापक'' हैं तथा यह अस्पष्टता अभिव्यक्ति और धर्म के प्रचार की स्वतंत्रता का हनन करती है।

हालांकि, प्रधान न्यायाधीश ने फिलहाल जनहित याचिका पर नोटिस जारी नहीं किया और कहा कि इस पर 13 मई को अन्य लंबित याचिकाओं के साथ सुनवाई की जाएगी। शीर्ष अदालत संशोधित कानून के खिलाफ लखनऊ निवासी रूप रेखा वर्मा और अन्य द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है।

अधिवक्ता पूर्णिमा कृष्ण के मार्फत दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह कानून संविधान के अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता), 19 (वाक एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता), 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) और 25 (धर्म की स्वतंत्रता) का हनन करता है।

याचिका में दावा किया गया है कि अधिनियम की धाराएं 2 और 3 ''अस्पष्ट, अत्यधिक व्यापक और बिना स्पष्ट मानकों वाली'' हैं, जिससे यह निर्धारित करना मुश्किल हो जाता है कि अपराध क्या है।

याचिका में कहा गया है, ''यह अस्पष्टता वाक स्वतंत्रता और धार्मिक प्रचार का हनन करती है, जिससे मनमाने और भेदभावपूर्ण तरीके से इसे लागू किया जाना संभव हो जाता है। जबकि दंडनीय कानून सटीक होने चाहिए। अस्पष्ट प्रावधान अधिकारियों को अत्यधिक विवेकाधिकार प्रदान कर और निर्दोष व्यक्तियों के खिलाफ गलत तरीके से मुकदमा चलाने का जोखिम मोल लेकर संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं।''

याचिका में कहा गया है कि मुख्य चिंता यह है कि 2024 का संशोधन प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों को शामिल किये बिना शिकायत दर्ज करने के लिए अधिकृत व्यक्तियों की श्रेणी का विस्तार करता है।

शीर्ष अदालत में, धर्मांतरण पर विभिन्न राज्यों के कानूनों की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाएं लंबित हैं।

# विहिप ने एनआरसी बनाने, भारत में अवैध रूप से रह रहे पाक नागरिकों को वापस भेजने की मांग की



नयी दिल्ली, (भाषा) विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने शुक्रवार को मांग की कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) बनाने की प्रक्रिया शुरू करे और भारत में अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजे।

विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के संयुक्त महासचिव सुरेन्द्र जैन ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वीजा रद्द किए जाने के बाद बड़ी संख्या में पाकिस्तानी नागरिक कई वर्षों से भारत में रहते पाए गए, जिनमें से कुछ के पास कथित तौर पर आधार और राशन कार्ड भी मिले हैं।

उन्होंने एक बयान में कहा, "विहिप मांग करती है कि राष्ट्रीय नागरिक पंजी बनाने की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए। जो लोग भारत के अधिकृत नागरिक नहीं हैं, उन्हें वापस भेजा जाए। पाकिस्तानी नागरिकों और उनके मददगार भूमिगत कार्यकर्ताओं को बाहर निकाला जाए।"

जैन ने मांग की कि केंद्र सरकार राष्ट्रव्यापी जनगणना के साथ-साथ एनआरसी का निर्माण भी शुरू करे।

विहिप नेता ने उन खबरों की भी "गहन जांच" की मांग की जिनमें कहा गया है कि कुछ पाकिस्तानी नागरिकों ने भारत में रहने के दौरान आधार, राशन और मतदाता पहचान पत्र कथित तौर पर हासिल कर लिए हैं।

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में निर्वाचन अधिकारियों ने एक पाकिस्तानी नागरिक के दावे के बाद विस्तृत जांच और प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। पहलगाम हमले के मद्देनजर उसे उसके देश वापस भेज दिया गया। इस पाकिस्तानी नागरिक ने दावा किया था कि उसने अपने 17 साल के प्रवास के दौरान भारत में मतदान किया था।

जांच का आदेश तब दिया गया जब सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में उस्मा इम्तियाज को यह कहते हुए सुना गया कि वह 2008 से भारत में रह रहा है।

इम्तियाज हालांकि वीजा पर भारत आया था, लेकिन वीडियो में दिखाया गया है कि उसने आधार और अन्य दस्तावेज हासिल कर लिए हैं तथा भारत में मतदाता के रूप में अपना पंजीकरण करा लिया है।

# रामदेव ने हमदर्द के खिलाफ आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट नहीं करने का अदालत को दिया आश्वासन



**नयी दिल्ली,** (भाषा) योग गुरु रामदेव ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में हलफनामा दिया कि वह हमदर्द के रूह अफजा के खिलाफ अपनी "शरबत जिहाद" टिप्पणी के समान कोई अपमानजनक बयान जारी नहीं करेंगे और न ही सोशल मीडिया पर कोई पोस्ट प्रकाशित करेंगे।

एक मई को विवादास्पद ऑनलाइन सामग्री को हटाने का आदेश देने वाले न्यायमूर्ति अमित बंसल ने रामदेव के वकील से आज दिन में हलफनामा दायर करने को कहा। रामदेव की पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने भी इसी तरह का एक शपथपत्र दिया था।

अदालत ने यह आदेश 'हमदर्द नेशनल फाउंडेशन इंडिया' द्वारा रामदेव और उनकी पतंजलि फूड्स लिमिटेड के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी को लेकर दायर मुकदमे की सुनवाई के दौरान दिया।

हमदर्द ने दावा किया कि पतंजलि के "गुलाब शरबत" का प्रचार करते हुए रामदेव ने आरोप लगाया कि हमदर्द के रूह अफजा से अर्जित धन का उपयोग मदरसों और मस्जिदों के निर्माण में किया गया।

अदालत ने 22 अप्रैल को रामदेव और पतंजलि से एक हलफनामा मांगा था कि वे "भविष्य में प्रतिस्पर्धियों के उत्पादों के संबंध में कोई भी बयान, सोशल मीडिया पोस्ट या अपमानजनक वीडियो/विज्ञापन जारी नहीं करेंगे, जो वर्तमान मुकदमे का विषय है।" अदालत ने कहा कि हमदर्द के रूह अफजा पर रामदेव की "शरबत जिहाद" संबंधी टिप्पणी को सही नहीं ठहराया जा सकता है और इसने उसकी अंतरात्मा को झकझोर दिया है, जिसके बाद योग गुरु ने आश्वासन दिया कि वह संबंधित वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट को तुरंत हटा देंगे।

शुक्रवार को हमदर्द के वकील ने कहा कि पहले के आदेश के अनुसार, आपत्तिजनक यूट्यूब वीडियो को हटाने के बजाय, प्रतिवादी ने इसे निजी बना दिया था।

दूसरी ओर, रामदेव के वकील ने कहा कि वह "अदालत का बहुत सम्मान करते हैं" और उसके निर्देशों का पालन किया जाएगा। उन्होंने अदालत से मुकदमे को निस्तारित करने का अनुरोध करते हुए कहा, "हमारे पास 24 घंटे हैं, हम अनुपालन करेंगे।"

इस पर अदालत ने मामले में सुनवाई की अगली तारीख नौ मई निर्धारित की। जब अदालत ने एक मई को रामदेव के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू करने की चेतावनी दी, तो उनके वकील ने आश्वासन दिया कि बाद में प्रकाशित कुछ आपत्तिजनक सामग्री को भी 24 घंटे के भीतर हटा दिया जाएगा।

# हम आपको जवाबदेह ठहराने में दिन-रात एक कर देंगे : कांग्रेस ने प्रधानमंत्री पर पलटवार किया

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर उनके ''कई लोगों की रातों की नींद हराम हो जाएगी'' वाले बयान के लिए पलटवार करते हुए कहा कि विपक्षी दल पहलगाम आतंकवादी हमले और जाति जनगणना जैसे मुद्दों के लिए उन्हें जवाबदेह ठहराता रहेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने आज केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर की मौजूदगी में विड़िण्गम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह का आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उद्घाटन के मौके पर उनकी (दोनों नेताओं की) मौजूदगी से कई लोगों की ''रातों की नींद हराम हो जाएगी।''

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के बाद भी, हमारे प्रधानमंत्री का ध्यान वास्तविक खतरे - पाकिस्तान - का सामना करने के बजाय विपक्षी नेताओं की नींद में खलल डालने पर है। उनकी प्राथमिकताएं बिल्कुल स्पष्ट हैं : अपने असली मालिक अदाणी को खुश करना।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन निश्चिंत रहें प्रधानमंत्री जी, जब आप ध्यान भटकाने में व्यस्त होंगे, तब हम आपको जवाबदेह ठहराने में दिन-रात एक कर देंगे।''

कांग्रेस नेता ने कहा, ''हम आप पर जाति जनगणना के लिए समयसीमा निर्धारित करने, आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाने तथा अंततः पाकिस्तान को वह मजबूत, निर्णायक जवाब देने के लिए लगातार दबाव डालेंगे जिसका वह हकदार है।'' मोदी ने विजयन को विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन का ''स्तंभ'' भी बताया। प्रधानमंत्री ने मंच पर मौजूद विजयन और थरूर से कहा कि उद्घाटन समारोह में उनकी मौजूदगी कई लोगों की ''रातों की नींद हराम'' कर देगी।

# सालों से फरार अपहरण का आरोपी पूर्वी दिल्ली के सब्जी मंडी से पकड़ा गया



नयी दिल्ली, दो मई (भाषा) अपहरण के एक मामले में पिछले 16 वर्षों से फरार एक भगोड़े अपराधी को पूर्वी दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके से पकड़ लिया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

गिरफ्तारी के समय 57 वर्षीय सफदर अली स्थानीय बाजार में सब्जियां बेच रहा था।

अप्रैल 2009 में सफदर अली ने दिल्ली के प्रेम का गाकान गांव के निवासी कालीचरण का कथित तौर पर अपहरण कर लिया। कालीचरण ने उसकी बहन शमा से शादी कर ली थी।

कालीचरण ने अपनी मां को फोन कर बताया कि उसका अपहरण कर लिया गया है और उसे उत्तर प्रदेश के बिसौली ले जाया गया है।

पुलिस ने कालीचरण की तलाश शुरू की और अगर अली नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। सफदर अली पुलिस की पकड़ से बाहर बना रहा और 2012 में अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था।

तब से वह दिल्ली और बरेली के बीच चक्कर लगाता रहा। एक गुप्त सूचना के आधार पर बृहस्पतिवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

उसे मुल्ला कॉलोनी स्थित सब्जी मंडी क्षेत्र में खोजा गया जहां वह सब्जियां बेचता था।

उन्होंने बताया कि वह दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करता रहा है और कभी-कभी सब्जी भी बेचता था।

पुलिस ने बताया कि सफदर अली ने कालीचरण का अपहरण करने की बात कबूल कर ली है और वह बरेली में दर्ज एक अन्य आपराधिक मामले में भी संलिप्त पाया गया है।

## एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने वायुसेना उपाध्यक्ष का कार्यभार संभाला

नयी दिल्ली, दो मई (भाषा) एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने शुक्रवार को वायुसेना के नए उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला।

उन्होंने एयर मार्शल एस पी धारकर का स्थान लिया, जो 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए थे।

वायुसेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने से पहले, एयर मार्शल तिवारी गांधीनगर स्थित दक्षिण पश्चिमी वायु कमान (एसडब्ल्यूएसी) के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (एओसी-इन-सी) के रूप में कार्यरत थे।

एयर मार्शल तिवारी को वायु मुख्यालय - वायु भवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने जून 1986 में 'फाइटर स्ट्रीम' में कमीशन हासिल किया था। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र तिवारी ने राष्ट्रपति स्वर्ण पदक हासिल किया था। रक्षा मंत्रालय ने इससे पहले एक बयान में कहा था कि एयर मार्शल तिवारी ने विभिन्न

# जापान ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया



नयी दिल्ली, (भाषा) जापान की प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष नुकागा फुकुशिरो ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की और भारत को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अपने देश का पूरा सहयोग मिलने का आश्वासन दिया।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार भारत की यात्रा पर आए फुकुशिरो ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ द्विपक्षीय वार्ता की तथा आतंकवाद के सफाए में भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की।

इसमें कहा गया, '' जापान के स्पीकर ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में जापान के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस संबंध में जापान भारत के साथ है।''

बिरला ने कहा कि आतंकवाद एक ऐसी वैश्विक चुनौती है जिसे समाप्त करने के लिए सभी लोकतांत्रिक देशों को एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में भारत और जापान के बीच दोस्ती वैश्विक शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए आवश्यक है और ''क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर हमारी चिंताएं और सोच समान हैं।'' बिरला ने कहा कि दोनों देश क्वाड, जी-20 और अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसे कई बहुपक्षीय मंचों में साझेदार हैं और उनके संबंध आपसी समझ पर आधारित हैं जो भारत-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता के साथ-साथ सह-लाभकारी प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## सुल्तानपुरी में युवक की चाकू घोंपकर हत्या के मामले में तीन गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में एक युवक की कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या करने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान ऋतिक (19), राहुल (23) और निखिल (19) के तौर पर की गई है और उनका हिंसक अपराधों का इतिहास रहा है। उसने बताया कि बुधवार को पीड़ित सूरज (21) को चाकू के घाव के साथ मंगोलपुरी संजय गांधी स्मारक अस्पताल लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर त्रतिक, राहुल और निखिल की आरोपी क तौर पर पहचान की गई और उन्हें एक स्थानीय नाले के पास से पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान तीनों ने लंबे समय से चली आ रही रंजिश की वजह से सूरज पर हमला करने की बात स्वीकार की।

# पूर्व नौकरशाह अनुराधा प्रसाद ने ली यूपीएससी सदस्य के रूप में शपथ



नयी दिल्ली, दो मई (भाषा) पूर्व नौकरशाह अनुराधा प्रसाद ने शुक्रवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के सदस्य के रूप में शपथ ली।

प्रसाद गृह मंत्रालय के अंतर्गत अंतर-राज्यीय परिषद सचिवालय की पूर्व सचिव हैं।

यूपीएससी द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि आयोग के वरिष्ठतम सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला (सेवानिवृत्त) ने प्रसाद को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

प्रसाद भारतीय रक्षा लेखा सेवा (आईडीएएस) की 1986 बैच की अधिकारी हैं। अंतर-राज्यीय परिषद सचिवालय की सचिव के रूप में उन्होंने केंद्र-राज्य और अंतर-राज्य संबंधों से संबंधित मामलों को देखा और कई जटिल और संवेदनशील मुद्दों पर आम सहमति बनाई, जिसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव हुए और बुनियादी ढांचे और अन्य परियोजनाओं में तेजी आई।

बयान में कहा गया कि सेवानिवृत्ति के बाद प्रसाद ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के पुलिस शिकायत प्राधिकरण की सदस्य के रूप में कार्य किया।

यूपीएससी सदस्य की नियुक्ति छह वर्ष की अवधि अथवा 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक के लिए की जाती है। प्रसाद की नियुक्ति के साथ ही दो और सदस्यों के पद रिक्त रह गये हैं। मंगलवार को प्रीति सूदन का कार्यकाल पूरा होने के बाद वर्तमान में यूपीएससी बिना अध्यक्ष के काम कर रहा है।

अपने 37 वर्षों से अधिक के करियर में, उन्होंने रक्षा, वित्त, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, श्रम एवं रोजगार, और गृह जैसे केंद्रीय मंत्रालयों में कार्य किया है, जिससे उन्हें नीतियों और कार्यक्रमों के निर्माण एवं क्रियान्वयन में गहन अनुभव प्राप्त है।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
7080333338
facebook fb/groups/nationalexpressindia

# उत्तर भारत में शुक्रवार को बढ़ी नमी और हवाओं के मेल से हुई भारी बारिश: विशेषज्ञ



नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी सहित उत्तर भारत के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आई नमी और हवाओं के मेल की वजह से हुई। मौसम विभाग के विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि यह घटना विभिन्न मौसम प्रणालियों के मिश्रण के कारण हुई, जिससे आंधी-तूफान की परिस्थितियां पैदा हुईं।

आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के मुख्य मौसम केंद्र सफदरजंग ने बृहस्पतिवार देर रात ढाई बजे से शुक्रवार सुबह 8.30 बजे के बीच सिर्फ छह घंटों में 77 मिमी बारिश दर्ज की।

आईएमडी ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम राजस्थान पर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण तथा उत्तर-पूर्वी राजस्थान और उससे सटे उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश पर एक अन्य चक्रवाती परिसंचरण के कारण वर्षा हुई।

मौसम विभाग के मुताबिक बारिश के साथ दक्षिण-पूर्वी हवाएं भी चलीं जिनकी गति 50 किमी प्रति घंटा तक थी।

आईएमडी ने एक बयान में कहा, ''अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से प्राप्त नमी और वायु क्षेत्र में अभिसरण के साथ-साथ निचले और मध्य क्षोभमंडल स्तर पर लगातार अनुकूल स्थितियों के कारण भारी बारिश हुई।''

निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट के महेश पलावत ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया, जिससे नमी का स्तर तेजी से बढ़ा; इससे गरज वाले बादल बने - जो मानसून-पूर्व की एक सामान्य विशेषता है।

उन्होंने कहा, ''ये घटनाएं आमतौर पर सुबह या देर शाम के समय होती हैं।''

पलावत ने कहा कि लगभग एक सप्ताह तक इसी तरह का मौसम बना रह सकता है। उन्होंने कहा कि परिणामस्वरूप, इस अवधि के दौरान दिल्ली में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने की उम्मीद है तथा लू चलने की कोई संभावना नहीं है।

मौसम विज्ञानी आर के जेनामणि ने कहा कि बारिश और तूफान की वजह से तापमान में तेजी से गिरावट आई। उन्होंने कहा कि तूफान के बाद अधिकांश स्थानों पर तापमान में 7 से 10 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई।

जेनामणि ने कहा, ''उदाहरण के लिए, लोधी रोड पर तापमान सुबह 5.15 बजे 28.2 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 5.30 बजे 20.7 डिग्री सेल्सियस हो गया।''

43 YEARS
हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
-राष्ट्र की सेवा में

# अमरोहा नगरपालिका में बनेगी, आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी

**नगर पालिका अमरोहा में बनने वाली लाइब्रेरी अनेक तरह से नागरिकों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी, जहां एक ओर छात्र-छात्राएं बैठकर कंप्यूटर से अध्ययन कर सकेंगे वहीं वृद्ध व अन्य नागरिक अखबार और मैगजीन पढ़कर देश के समाचारों से रूबरू हो सकेंगे : जिलाधिकारी**



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

अमरोहा। निधि गुप्ता वत्स, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शशि जैन जी की उपस्थिति में नगर पालिका परिषद ने में बनाई जाने वाली आधुनिक और डिजिटल लाइब्रेरी के द्रष्टिगत मौके पर जाकर की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मानचित्र में पार्किंक निकास शौचालय बैठने की व्यवस्थाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखकर आधुनिक सुंदर और आकर्षक डिजटल लाइब्रेरी बनाए जाने के निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य योजना तैयार कर लिया जाए कहा कि लाइब्रेरी दो मंजिला बनाई जाएगी जिसमें नीचे अखबार और मैगजीन पढ़ने की व्यवस्थाएं होंगी उपरी मंजिल में छात्र छात्राओं के अध्ययन के लिए डिजिटल लाइब्रेरी बनेगी। जिसमें बच्चे बैठकर विधिवत अध्ययन कर सकेंगे। बच्चों के अध्ययन के लिए कंप्यूटर की भी व्यवस्था कराई जाएगी। जिसमें पर्याप्त संख्या में कंप्यूटर लगाए जाएंगे । जिलाधिकारी ने कहा कि लाइब्रेरी सभी व्यवस्थाओं से सुसज्जित होगी लाइट पानी शौचालय वैठने की उचित व्यवस्था होगी। जिला अधिकारी ने निर्देशित किया है कि लाइब्रेरी के लिए पार्किंग और आने जाने के लिए अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए । जिलाधिकारी ने कहा कि लाइब्रेरी बन जाने से जहां एक और छात्र छात्राएं बैठकर कंप्यूटर पर अध्ययन कर सकेंगे वहीं वृद्ध व नगर पालिका में आने वाले नागरिक अखबार और मैगजीन पढ़ सकेंगे।

# अवैध वसूली का आरोप लगाकर सौंपा ज्ञापन



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

गजरौला। भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां ने मुख्य अभियंता (गजरौला जोन) को ज्ञापन सौंपकर बिजनौर के वसावनपुर के जेई पर किसानों से अवैध वसूली का आरोप लगाया और कार्रवाई की मांग की। मण्डलाध्यक्ष रवि चौधरी ने कहा 15 अप्रैल को जेई ने किसानों से अवैध उगाही की, जिसकी शिकायत भी की गई थी मगर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि यदि जेई को शीघ्र ही निलंबित नहीं किया गया तो अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर अतुल चौधरी, मुकुल चौधरी, शुभम चौधरी,चंद्रपाल सिंह, आशु अली,अक्षित चौधरी, सुमित चौधरी, फरियाद अली, विजयवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सर्वेश सिंह, मुन्नू सिंह, रोहित कुमार मौजूद रहे।

# आज निकाली जाएगी भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

गजरौला। भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में आज नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। जिसकी तैयारियों को लेकर शुक्रवार को नगर ब्राह्मण सभा की बैठक का आयोजन अवंतिका पार्क में किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सभा के द्वारा संयुक्त रूप से प्रयास करके शोभायात्रा को भव्य रूप से निकालना है।

कहा कि शाम के पांच बजे से दस बजे तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस मौके पर डॉ.आशुतोष भूषण शर्मा, पूर्व चेयरमैन रोहताश कुमार शर्मा, देवेश शर्मा, मनोज शर्मा, विजय कुमार शर्मा, डॉ.राजीव शुक्ला, सार्थक शर्मा, आमोद तिवारी, योगेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल

नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह



चंदौसी गुरुवार रात पौने दस बजे चंदौसी के जारई रोड निजी हॉस्पिटल में ड्यूटी के बाद युवती अपने भाई के साथ बाइक से घर लौट रही युवती के साथ मुरादाबाद रोड पर ब्लॉक कार्यालय के सामने कुछ युवकों ने फ?ब्तियां कस दी। जब भाई ने इसका विरोध किया, तो युवकों ने युवती के भाई साथ जमकर मारपीट की।

साथ ही युवती के साथ भी धक्का मुक्की कर दी। वहीं सूचना पर युवती के परिजन भी मौके पर आ गए। इस बीच दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिससे हाईवे पर लंबा जाम लग गया। इस दौरान राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। लेकिन घटना के एक घंटे बाद भी पुलिस मौके पर नहीं आई। घटना का वीडियो किसी ने अपने मोबाइल में कैद कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है।

# श्री अग्रवाल परिषद के नवीन नारायण अध्यक्ष बने

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। श्री अग्रवाल परिषद की एक बैठक रामघाट रोड स्थित एक होटल में आयोजित की गई। बैठक का शुभआरंभ संस्थापक पवन मोरनी ने महाराज अग्रसेन जी की मूर्ति पर माल्यार्पण करके किया व बैठक का संचालन योगेश अग्रवाल ने किया। बैठक में सर्व सम्मति से नवीन नारायण को अध्यक्ष, गौरव गोपाल को महामंत्री एवं अवदेश जिंदल को कोषाध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर राकेश बंसल, संदीप अग्रवाल, संदीप सिक्स संस, सुमित अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, अजय जामनगर, प्रांजुल गर्ग, पवन गोपाल, शलभ मित्तल, दीपक जिंदल आदि सदस्य गण सभा में उपस्थित रहे।

# बीमा पॉलिसी के पैसे हड़पने के लिए की थी हत्या चार आरोपी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता






चंदौसी। पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार विश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी बहजोई डा० प्रदीप कुमार के कुशल नेतृत्व मे जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियो पर प्रभावी नियन्त्रण लगाने हेतु जनपद के विभिन्न थानो द्वारा निरंतर अन्तर्राज्यीय बीमा फ्राड के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।

इसी के क्रम में शुक्रवार को 04 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। इन अभियुक्तगणो द्वारा सुनियोजित तरीके से दरियाब पुत्र स्व० रामदास निवास ग्राम ढिलवारी कस्बा व थाना बिसौली जनपद बंदायू, जो कि एक विकलांग व्यक्ति था, की विभिन्न कम्पनियों में बीमा कराकर बीमा की राशि हडपने के उद्देश्य से एक्सीडेन्ट का रूप देते हुये हत्या कारित की गयी।

पीड़ित राजेन्द्र द्वारा दी तहरीर में बताया गया था कि पीड़ित का छोटा भाई दरियाव पुत्र स्व० रामदास नि० ग्राम ढिलवारी थाना बिसौली जनपद बंदायू उम्र लगभग 38 वर्ष दिनांक घटना 31.07.2024 को चन्दौसी बाजार को कहकर घर से चन्दौसी आया था कि सैनिक चौराहे से आटा की तरफ लगभग 150 मीटर की दूरी पर आटा की तरफ से जाने वाले किसी अज्ञात वाहन के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाकर सड़क के किनारे चल रहे मेरे भाई दरियाब को को समय लगभग 22.00 बजे रात्रि में टक्कर मार दी जिससे मेरा भाई गंभीर रूप से घायल होकर मृत हो गया है ।उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना चन्दौसी जनपद सम्भल पर दिनांक 01.08.2024 को मु0 भारतीय न्याय संहिता 2023 बनाम अज्ञात में पंजीकृत कराया गया, जिसमे विवेचना से साक्ष्य के अभाव में अंतिम रिपोर्ट दिनांक 29.12.2024 को न्यायालय प्रेषित की गयी ।खूनालूदा खुली चोटे है, जोकि सामान्यत एक्सीडेन्ट की चोट प्रतीत नहीं होती है और अन्य आयी चोटो से मेल नही खाती है तथा घटना को संदिग्ध बनाती है। उपरोक्त सभी तथ्यों के आधार पर हरिओम उर्फ हरिहर सिंह पुत्र प्यारेलाल निवासी ढिलवारी थाना बिसौली जनपद बंदायू, विनोद पुत्र प्यारेलाल नि० ग्राम ढिलवारी थाना बिसौली जनपद बंदायू, पंकज राघव पुत्र प्रेमपाल सिंह निवासी प्राइमरी स्कूल रायपुर कला थाना चन्दौसी जनपद सम्भल को पूछताछ के लिये बुलाया गया। पूछताछ के दौरान तीनो द्वारा यह स्वीकारा गया कि उन्होंने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर दरियाव पुत्र स्वः) रामदास निवासी ग्राम डिलवारी कस्बा व थाना बिलारी जनपद बंदायू की हत्या एक्सीडेन्ट का रूप देते हुये, बीमा पॉलिसी की धनराशि का लाभ लेने के उद्देश्य से कारित की गयी थी। हरिओम द्वारा यह बात अपने भाई विनोद को बताई गयी जो कि लालच में आ गया और उसने अपने एक अन्य साथी को भी इस कार्य के लिये राजी कर लिया।

मृतक दरियाब का भाई राजेन्द्र अनपढ व्यक्ति है और हरिओम व विनोद दोनो पर विश्वास करता है। इसी कारण इनके द्वारा नामिनी के रूप में राजेन्द्र को चुना गया। हरिओम और विनोद दोनो पंकज राघव के निर्देश का इन्तेजार करने लगे। इसी दौरान पंकज राघव द्वारा कई कम्पनियों की बीमा पॉलिसी दरियाब के नाम की करायी गयी जिनका विवरण ऊपर अंकित किया गया है। पॉलिसी में नामिनी के रूप में राजेन्द्र का नाम लिया गया, परन्तु राजेन्द्र के मोबाइल नम्बर की जगह पंकज राघव, हरिओम द्वारा स्वंय का मोबाइल नम्बर दिया गया। जुलाई, 2024 में पंकज द्वारा विनोद व हरिओम को सूचित किया गया कि दरियाब के नाम की कई पॉलिसी हो चुकी है और अब उसकी शीघ्र अति शीघ्र हत्या की जानी चाहिये तांकि बीमा पॉलिसी का लाभ मिल सकें। आरोपियों के पास से पॉलिसी के कागजात भी बरामद हुए है।

# जातिगत जनगणना करने के ऐलान पर नेता विपक्ष राहुल गांधी का आभार किया व्यक्त

नेशनल एक्सप्रेस




अलीगढ़। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव व उपाध्यक्ष सागर सिंह तोमर एवं जिला महामंत्री कैलाश गौतम ने कहा कि जातिगत जनगणना करवाने के लिए आखिरकार मोदी सरकार को झुकना ही पड़ा है। ये जीत नेता विपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ता और नेता और लाखों एक्टिविस्ट्स की है जो इसके लिए लगातार लड़ते रहे। सामाजिक न्याय के लिए जातिगत जनगणना जरूरी है, ये राहुल गांधी जी का संकल्प है और वो इस पर डटे रहे। भाजपा ने राहुल गांधी का खूब विरोध किया,भरी संसद में गालियाँ भी दीं, मगर राहुल गांधी अडिग रहे और आज नतीजा सबके सामने है। हम सरकार के इस फैसले का पूरा समर्थन करते हैं, लेकिन सरकार को इसकी टाइमलाइन भी बतानी होगी कि जातिगत जनगणना का काम कब तक पूरा होगा ? इसमें तेलंगाना का अच्छा मॉडल है, जनगणना में ऐसे सवाल पूछे जाएँ जिससे कि असलियत बाहर आए, साथ ही आरक्षण में 50 प्रतिशत सीमा की दीवार को भी तोड़ देंगे।

कांग्रेस पार्टी ने अपने मैनिफेस्टो में लिखा था कि आर्टिकल 15(5) के तहत निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू किया जाए और हमारी मांग है कि सरकार इसे तत्काल लागू करे। ये हमारा विजन है, जातिगत जनगणना पहला कदम है, दरवाजा खोलने का तरीका है, उसके बाद विकास का काम शुरू होगा। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेसी नन्नू मलिक उर्फअब्दुल सबूर, मोहम्मद चांद खान, बबलू अलीम, वाहिद मलिक, साबिर मलिक, मोहम्मद शहजाद,रफीक भाई, रविंद्र कुमार,आशीष सिंह, गुड्डू दंगा उर्फ राजकुमार शर्मा, साबिर अली आदि लोग उपस्थित रहे।

# एमटेक का छात्र मोबाइल पर बात करते-करते फंदे से लटका

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के सुलेमान हॉल में एमटेक के एक छात्र ने मोबाइल पर बात करते-करते फांसी लगा दी। छात्र ने अपने ही हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या की कोशिश की, राहत इस बात की रही कि उसके साथ के अन्य छात्रों ने उसे देख लिया। हॉस्टल में मौजूद अन्य छात्रों ने तत्काल छात्र को फंदे से नीचे उतारा और प्रॉक्टर को जानकारी दी। मौके पर पहुंची प्रॉक्टोरियल टीम ने छात्र को तत्काल जेएन मेडिकल कालेज में भर्ती कराया, जहॉं पर उसका इलाज जारी है। वहीं एएमयू की ओर से छात्र के परिजनों को सूचना दे दी गई है, जिसके बाद परिवार के लोग अलीगढ़ आने के लिए रवाना हुए हैं।

एएमयू से एमटेक करने वाला छात्र मोहम्मद शियाज मूल रूप से गाजीपुर का रहने वाला है। यह सारा प्रकरण प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है, जिसके कारण छात्र ने आत्महत्या करने की कोशिश की है। बताया जा रहा है कि देर रात को छात्र अपने हॉस्टल के कमरे में ही था। वह मोबाइल पर किसी से वीडियो कॉल कर रहा था और कॉल करते हुए ही उसने आत्महत्या करने का प्रयास किया। छात्र के आत्महत्या करने के प्रयास की सूचना जैसे ही इंतजामिया तक पहुंची तो अफरा-तफरी मच गई। प्रॉक्टर समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और छात्र को मेडिकल कालेज में एडमिट कराया। छात्र को मेडिकल कॉलेज में भर्ती है और अभी उसे होश भी नहीं आया है। वहीं एएमयू की सूचना के बाद छात्र के परिवार के लोग गाजीपुर से अलीगढ़ आने के लिए रवाना हो गए हैं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार शाम तक वह लोग अलीगढ़ पहुंच सकते हैं, जिसके बाद छात्र को परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा। एएमयू के प्रॉक्टर प्रोफेसर वसीम अली ने बताया कि एक छात्र ने आत्महत्या की कोशिश की है। उसे तत्काल मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था, जहां उसका उपचार जारी है। छात्र ने ऐसा क्यों किया इसकी जानकारी नहीं हो सकती है। उसके होश में आने के बाद बातचीत की जाएगी, जिससे सारा मामला पता चल सकेगा। परिजनों को सूचना दे दी गई है और वह अलीगढ़ आने के लिए निकल चुके हैं।

# बारिश से मौसम हुआ सुहाना



नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। शुक्रवार सुबह हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी, पिछले कुछ दिनों से शहर का तापमान 42 डिग्री से ऊपर चल रहा था, तो वहीं मौसम के बदले मिजाज ने लोगों को गर्मी से निजात दिलाई है। स्मार्ट सिटी मिशन में शामिल अलीगढ़ में जल भराव की समस्या बनी रहती है। शहर के विकास में करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन नगर निगम हर बार बारिश में जल भराव से निजात दिलाने का दावा करता है, लेकिन मामूली बारिश भी इन दावों की पोल खोल देती है।

# 50 परिवारों को परामर्श केन्द्र पर शुभकामना पत्र से किया गया सम्मानित

नेशनल एक्सप्रेस




अलीगढ़। शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक अपराध श्रीमती ममता कुरील की अध्यक्षता में ऑपरेशन जागृति फेज-4 के तहत परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस कार्यालय अलीगढ़ पर पारिवारिक विघटन व घरेलु कलह के कारण पति-पत्नि के बीच कराये गये सुलह समझौतो के दम्पतियों के 06 माह की कुशलता अवधि पूर्ण होने पर 50 परिवारों परिवार परामर्श केन्द्र पर आमन्त्रित किया गया था। उपस्थित दम्पत्तियों को श्रीमती ममता कुरील पुलिस अधीक्षक अपराध द्वारा उनके सुखद पारिवारिक जीवन की शुभकामनायें दी गई तथा दम्पत्तियों के उत्साहवर्धन हेतु शुभकामना-पत्र से सम्मानित किया गया। व आए हुए लोगों को ऑपरेशन जागृति फेज-4 के विषयों पर विस्तार पूर्वक समझाया गया।

पुलिस अधीक्षक अपराध व कमेटी के सदस्यों की मध्यस्तथा के चलते परिवारों को बिखरने से बचाया गया। इस दौरान दोनों पक्षों के सदस्यों को केन्द्र पर बुलाया गया एवं परिवारिक महत्व के बारे में समझाया गया। जिसके परिणामस्वरूप पति-पत्नी आपसी मन मुटाव भुलाकर साथ साथ रहने को तैयार हो गये और खुशी खुशी अपने घर चले गये। परिवार परामर्श केन्द्र बिखरे हुए परिवारों को बसाने में अहम भूमिका का निर्वहन कर रहा है। परिवार परामर्श केन्द्र में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया तथा परिवार परामर्शदाताओं की सहायता से काउंसलिंग करायी गई , जिसमें कुल 64 पति-पत्नी के विवादित जोड़े को आमन्त्रित किया गया था। जनपद में चल रहे ऑपरेशन जागृति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी लाने एवं महिलाओं में सामाजिक जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें साइबर अपराधों के प्रति जागरुक रहें सचेत रहें ,सोशल मीडिया का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें किसी के अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार न करें यदि कोई व्यक्ति अनजान नम्बरों से कॉल करके परेशान कर रहा है तो तत्काल इसकी शिकायत महिला हेल्पलाइन नं0- 1090 अथवा डायल-112 पर दर्ज करायें। इस मौके पर यूनिसेफ से नासिर अली, निरीक्षक श्रीमती सरिता सिंह, प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र श्रीमती शिखा त्यागी, मु0आ0 सीमा राजपूत, म0आ0 पिंकी भाटी, म0आ0 मनोरमा, म0आ0 रूबीना खान, म0आ0 मोहिनी मिश्रा, म0आ0 प्रमिला तिलक, काउंसलर्स डॉ0 देवेन्द्र कुमार, अमित अग्रवाल, डॉ0 राजभारती, चमन लाल सैनी, इमरान खान, श्रीमती साजिया सिद्दीकी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित जनपद स्तरीय शिक्षा संगोष्ठी का किया आयोजन



## प्राचीन भारत इस्पात के निर्माण तथा कारीगरी, तकनीकि आदि क्षेत्र में था सर्वश्रेष्ठः डॉ .इन्दुमति काटदरे

## शिक्षा अर्थ निरपेक्ष होनी चाहिएः जिलाधिकारी

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

सम्भल डीआर रिसोर्ट इस्लामनगर रोड़ बहजोई मे बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग जनपद सम्भल में कार्यरत समस्त शिक्षकों की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित जनपद स्तरीय शिक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भारत को जानों, भारत को मानों एवं भारतीय बनों तथा भारत जीतता है तो कोई हारता नहीं, बल्कि पूरा विश्व जीतता है टैग लाइन पर आधारित संगोष्ठी हुयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुनरुत्थान विद्यापीठ अहमदाबाद गुजरात की कुलपति डॉ इन्दुमति काटदरे रहीं । सर्व प्रथम मुख्य अतिथि डॉ इन्दुमति काटदरे एवं जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि एवं जिलाधिकारी को पुष्प देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत पुनरुत्थान विद्यापीठ संस्थान अहमदाबाद कि कुलपति डॉक्टर इंदुमती काटदरे द्वारा शैक्षिक स्टाफ को प्राथमिकी स्तर से बेहतर गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारी शिक्षा प्रदान किए जाने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन व संवाद किया गया।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि जैसी शिक्षा होती है वैसा ही समाज या राष्ट्र होता है।

व्यक्ति वैसा ही होता है जिस प्रकार की उसको शिक्षा प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि शिक्षक चार प्रकार के होते हैं प्रथम विषय का शिक्षक, द्वितीय छात्रों के शिक्षक उन्होंने कहा कि विधार्थी शिक्षक का मानस पुत्र होता है। तृतीय शिक्षक राष्ट्रीय होता है और चतुर्थ वेतन के शिक्षक। हमें अपनी भाषा और देश पर गर्व करना चाहिए, भारतीय सबसे श्रेष्ठ इतिहास में रहे हैं। भारत ज्ञान, विज्ञान, तकनीकी तथा सम्पत्ति एवं चिरंजीविता में श्रेष्ठ रहा है।भारतीयों को भारत को जानना चाहिए। भारतीय ज्ञान व्यवस्था तभी यशस्वी होगी जब हम भारत को जानेंगे। उन्होंने कहा कि अध्ययन करने वाले के लिए संयम अति आवश्यक है। उन्होंने प्राचीन 16 संस्कारों के विषय में भी बताया। भारतीय जीवन मूल्य सिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत को मानों पर भी ध्यान देना चाहिए भारत विश्व गुरु बन सकता है। भारत को भारत बनाने का रास्ता कक्ष कक्षाओं से शुरू होता है। भारत प्राचीन देश है तथा विशाल भी है।

उन्होंने कहा कि देश की समृद्धि उसकी प्राकृतिक सम्पदा पर आधारित होती है। भारत में कृषक तीन फसलों तक प्राप्त कर लेता है। भारतीय इस्पात बनाने में निपुण थे तथा यहाँ की तकनीकी एवं कारीगरी सर्वश्रेष्ठ थी प्राचीन काल में। जिलाधिकारी ने मुख्य अतिथि के जीवन परिचय के विषय में बताया तथा उन्होंने कहा कि शिक्षक का पहला कार्य स्वाध्याय होना चाहिए।

उन्होंने शिक्षा के तीन सिद्धान्तों पर भी चर्चा की उन्होंने कहा कि शिक्षा स्वायत्त होनी चाहिए। शिक्षा भारतीय होनी चाहिए तथा शिक्षा अर्थ निरपेक्ष होनी चाहिए। उन्होंने शिक्षा के सूत्रों पर भी चर्चा की शिक्षा आजीवन होनी चाहिए तथा शिक्षा सर्वव्यापी होनी चाहिए। उन्होंने शिक्षा के दर्शन के विषय में कहा कि शिक्षा सभी में आत्मीयता एकात्मता तथा देशभक्ति बढाने वाली होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रवेश सत्र चल रहा है अधिकाधिक बच्चों का सरकारी विद्यालयों में प्रवेश हो। बच्चों के सरकारी विद्यालय में प्रवेश के लिए अभिभावकों को अध्यापक प्रेरित करें तथा शिक्षक स्वाध्याय की आदत भी अपने अंदर विकसित करें।

# अब ग्रामीण आँचल के प्रतिभाशाली छात्र/छात्रा भी होंगे सम्मानित : डॉ सुगन्धा सिंह

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**





चंदौसी। विकास खण्ड बनियाखेडा में शुक्र वार को ब्लाक प्रमुख बनियाखेडा डॉ सुगन्धा सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्र / छात्राओं को सम्मनित करने के लिए ह्ल ग्रामीण प्रतिभा (शैक्षिक) सम्मान समारोहह्व शैक्षिक वर्ष 2024-25 आयोजित किये जाने के संबध में जनप्रतिनिधि-गण एवं अधिकारी-गण / कर्मचारी-गण की समन्वय बैठक तथा कार्यशाला का आयोजन किया गया.जिसमे विकास खण्ड बनियाखेडा में ग्राम पंचायत के ग्रामीण आँचल के प्रतिभाशाली छात्र / छात्राओं को सम्मनित करने लिए विकास खण्ड की प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर ब्लाक प्रमुख डॉ सुगंधा सिंह के निर्देशन में ह्ल ग्रामीण प्रतिभा (शैक्षिक) सम्मान समारोहह्व शैक्षिक वर्ष 2024-25 का आयोजन किया जायेगा.डॉ सुगंधा सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण आँचल के प्रतिभाशाली छात्र / छात्राओं का उत्साहवर्धन करना,उनका मनोबल बढे,उनको प्रेरणा मिले उनके परिवार जनों को भी सम्मान दिलाना है ताकि आने बाले शैक्षणिक वर्ष में छात्र / छात्रा भी प्रेरित हो सके,उन्होंने बताया कि ग्रामीण आँचल से भी अनेको प्रतिभाशाली छात्र / छात्रा रहते है जो खुद की लगन और मेहनत से पढाई करते है परन्तु उनका उस स्तर पर न ही मार्गदर्शन हो पाता न ही उनको सम्मान मिल पाता है इसीलिए इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीण छात्र/छात्राओं को सही मार्गदर्शन करने एवं उनका मनोबल तथा प्रेरित करना है.डॉ सुगन्धा सिंह ने अधिकारिओ को सम्मान समारोह को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने हेतू निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक चयन समिति का गठन किया जाये.जिसमे अधिकारी / कर्मचारियों के साथ साथ ग्राम प्रधान-गण,क्षेत्र पंचायत सदस्य-गण को भी सम्मिलित किया जाये.प्रत्येक ग्राम पंचायत में मुनादी करायी जाये और निर्धारित प्रारूप पर आवेदन लिए जाये.प्राप्त आवेदन के आधार पर एक मेरिट सूची तैयार की जाये.मेरिट सूची के सापेक्ष कक्षा -5,कक्षा- 8, कक्षा- 10, कक्षा-12 के श्रेष्ठ 3 छात्र/छात्राओं को चयन कर ग्राम पंचायत में कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जाये.ग्राम पंचायत के साथ-साथ विकास खण्ड स्तर पर भी कक्षा -5,कक्षा- 8, कक्षा- 10, कक्षा-12 के श्रेष्ठ 3 छात्र छात्राओं को विकास खण्ड में कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जायेगा.विकास खण्ड स्तर पर कक्षा -5,कक्षा- 8, कक्षा- 10, कक्षा- 12 में प्रथम स्थान प्राप्त करने बाले छात्र / छात्रा को नकद 5100 रूपय , द्वितीये स्थान प्राप्त करने बाले छात्र / छात्रा को नकद 2100 रूपए ,तृतीय स्थान प्राप्त करने बाले छात्र / छात्रा को 1100 रूपए को धनराशी भी उपहार स्वरूप प्रदान किए जायेगी.कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र/छात्राओं में शिक्षा की ओर ध्यान आकर्षित करना है.कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्यमंत्री गुलाब देवी के पति रामपाल सिंह रहे.कार्यक्रम का संचालन सीवेंद्र कुमार ने किया.सहायक विकास अधिकारी पंचायत नीरज सिंह,खण्ड प्रेरक शेखर सिंह,राजपाल सिंह राणा,कुलदीप राघव,संजय बंसल,पूजा राणा,गुडिया सैनी,रितेश कुमार,हरवेश राणा,जसवीर,जितेन्द्र शर्मा,नागेन्द्र,रविन्द्र पाल,दिलशाद,सुरेश सैनी समस्त क्षेत्र पंचायत/प्रधान तथा स्टाफ मौजूद रहा।

# क्षत्रिय समाज की बैठक में महाराणा प्रताप के जन्मोत्सव की रूपरेखा तैयार की



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

असमोली/मढ़नः ग्राम डोंडी में क्षत्रिय समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा सम्भल की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस बैठक में 9 मई को महाराणा प्रताप जन्मोत्सव की रूपरेखा तैयार की गई, जो कि क्षत्रिय समाज के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। बैठक में गुमसानी, भैंसोड़ा, सैंधरी, रहटौल, फतुलगंज, शाहपुर चमारन, मवाई ठाकुरान, देहरी जग्गू, बटौआ, खासपुर, रजाकपुर, मिलक, शकरपुर सोत, सिसौटा आदि गांवों के क्षत्रिय बंधुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।डॉ विशाल चौहान ने अपने संबोधन में सभी से आह्वान किया कि वे 9 मई को आशीष गार्डन में आयोजित होने वाली क्षत्रिय महासभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचें।इस अवसर पर महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से शिवकुमार, पंजाब सिंह ,ठाकुर रितिक राजपूत जिला अध्यक्ष करणी सेना, चंद्रशेखर सिंह, गजेंद्र सिंह, अतुल ठाकुर, रवि ठाकुर, प्रशांत ठाकुर, हर्ष ठाकुर, पवन ठाकुर, निशांत ठाकुर, राहुल ठाकुर, सतेंद्र सिंह, राकेश कुमार, अभिषेक ठाकुर, अवनेश ठाकुर, आलोक चौहान, रवींद्र प्रताप सिंह, मोहित सिंह, जतिन ठाकुर, विकास ठाकुर, कुनाल ठाकुर, शक्ति ठाकुर, निलेश ठाकुर, रवि कुमार, सनी ठाकुर, विवेक ठाकुर, रमेश सिंह, डॉ अजय कुमार, गौरव सिंह, ठा. के पी सिंह, आदेश कुमार, रोहित सिंह, अशोक कुमार, हरीश कुमार लोधी मंडल अध्यक्ष भाजपा आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।इस बैठक के माध्यम से क्षत्रिय समाज ने एकजुट होकर महाराणा प्रताप जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने का संकल्प लिया।

# जस्ट राइट्स, प्रयत्न संस्थान ने धर्मगुरूओं के साथ की विचार गोष्ठी



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

संभलः जस्ट राइट्स, प्रयत्न संस्थान के तत्वावधान मे बाल विवाह के खिलाफ अभियान को गति प्रदान करते हुए धर्मगुरूओं संग गोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नगर के मौहल्ला ठेर स्थित मरकजी मदरसा एहले सुन्नत अजमूल उलूम में प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी के नेतृत्व में फिल्ड कोआर्डिनेटर फरजन्द अली वारसी एवं शीराज अहमद चिश्ती द्वारा धर्मगुरूओं से संवाद करते हुए विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे मदरसे के प्रबंधक कारी मौलाना तंजीम अशरफ तथा मुफ्ती-ए-आजम सिरसी सम्भल मुफ्ती मौलाना आलम रजा खां नूरी ने बाल विवाह को लेकर सभी को बताया कि यह भारतीय कानून मे एक अपराधिक कृत्य है। नाबालिग बच्चों का विवाह चाहे वह लड़की हो या लड़का वह गैर कानूनी है और इसको रोकने के लिए हम सब को प्रयास करना होगा। जस्ट राईट फॉर चिल्ड्रेन, प्रयत्न संस्थान के अभियान को मजबूत बनाना है। इस दौरान कार्यक्रम मे हाथो मे पोस्टर, बैनर व तख्तियां लेकर बाल विवाह के खिलाफ अभियान चलाया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक सम्पन्न

**नेशनल एक्सप्रेस**



अलीगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने निर्देश दिए कि कोई भी विद्यालय मनमाने ढंग से शुल्क वृद्धि न करे। शुल्क निर्धारण की प्रक्रिया में पारदर्शिता होनी चाहिए और विद्यालयों को अपनी शुल्क संरचना विद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी विद्यालय द्वारा शुल्क संबंधी शिकायत प्राप्त होती है तो उस पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी विद्यालय प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि वे शुल्क निर्धारण समिति का गठन कर उसकी बैठक का विवरण, अनुमोदन पत्र एवं शुल्क संरचना नियमानुसार विद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करें। डीआईओएस सर्वदानन्द ने बताया कि शिक्षा शुल्क की वृद्धि कंज्यूमर इंडेक्स के आधार पर समिति के माध्यम से ही घटाने-बढ़ाने का नियम निश्चित है। डीआईओएस ने बताया कि अभी तक किसी विद्यालय ने शुल्क वृद्धि के बारे में न कोई सूचना दी है और न ही विद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया है। उन्होंने सभी विद्यालयों को अपनी वेबसाइट जारी करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि नियमानुसार कोई विद्यालय प्रतिवर्ष स्कूल यूनीफार्म नहीं बदल सकता, इसे 05 वर्ष में समिति अनुमति से ही बदला जा सकेगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय शुल्क में आशातीत वृद्धि, पुस्तकें, स्कूल ड्रैस, बैग निश्चित दुकान से क्रय करने का दवाब बनाने, निजी प्रकाशकों की किताबें क्रय किए जाने के सबंध में बताया कि निरंतर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि पुस्तकें, स्कूल ड्रैस, बैग निश्चित दुकान से क्रय करने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। स्कूली वाहन पार्किंग विद्यालय में होने के साथ ही वाहन की फिटनेस प्रमाण पत्र होना चाहिए, स्कूली वाहन में अध्यापक साथ रहें, पुलिस सत्यापन भी करा लें। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को प्रभावी, पारदर्शी और जनहितैषी बनाने के लिए शासन-प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी विद्यालयों से अपेक्षा की जाती है कि वे शासन के आदेशों का पूर्ण पालन करें ताकि छात्र-छात्राओं को बिना किसी आर्थिक दबाव के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके। बैठक में समिति के नामित सदस्यों, अभिभावक प्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं अन्य सम्बंधित व्यक्तियों ने भाग लिया।

# अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग पर लगेगा अंकुश, राजस्व प्राप्तियों में होगा इजाफा

**नेशनल एक्सप्रेस**



अलीगढ़। जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में राजस्व प्राप्तियां बढ़ाए जाने, अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें एडीएम (वित्त एवं राजस्व) मीनू राणा सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। डीएम ने कहा कि खनन कार्यों के माध्यम से प्राप्त होने वाला राजस्व राज्य की आर्थिक उन्नति का आधार है। अतः इसकी पारदर्शिता एवं नियमबद्धता अनिवार्य है। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि खनन कार्यों की नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण की व्यवस्था सख्ती से लागू की जाए। खनन क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई की जाए और अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करते हुए, वाहनों को जब्त किया जाए। सूचना तंत्र मजबूत करें। 112 नम्बर के माध्यम से प्राप्त शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए कार्यवाही की जाए। जहां भी ओवरलोडिंग की शिकायत प्राप्त हो तुरंत एक्शन लिया जाए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के विरुद्ध जितनी अधिक कार्रवाई होंगीं राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि होगी। एडीएम वित्त मीनू राणा ने कहा कि खनन एवं परिवहन विभाग को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करना होगा ताकि राजस्व में वृद्धि सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ओवरलोडिंग पर सख्त निगरानी रखी जाएगी और निर्धारित मानकों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। एडीएम ने एसडीएम एवं सीओ को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए राजस्व निरीक्षक एवं लेखपालों को जिम्मेदार बनाएं। बिना अनुमति के खनन न होने दिया जाए, सुनिश्चित हो। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि खनन स्थलों एवं परिवहन मार्गों की जीआईएस के माध्यम से मैपिंग कराई जाएगी, जिससे वास्तविक गतिविधियों पर डिजिटल निगरानी संभव हो सके। साथ ही, संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे समय-समय पर खनन स्थलों का निरीक्षण कर स्थिति की रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। बैठक में एसपी ट्रैफिक मुकेश उत्तम, सभी एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी, जिला खनन अधिकारी, परिवहन अधिकारी, वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन जागृतिअभियान के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक





**नेशनल एक्सप्रेस**

अलीगढ़। शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में थाना प्रभारियों, महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा महिला एवं बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति-4 के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा जोन स्तर पर महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण, संवाद व परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी।

प्रशिक्षित बीट पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी व बीट इंचार्ज द्वारा अपने अपने क्षेत्रों के ग्राम पंचायत स्तर पर गाँवों मौहल्ले में महिलाओं एवं किशोरियों के साथ समन्वय करते हुए विभिन्न कार्यक्रम, नुक्कड़ सभा आयोजित कर जागृति के उद्देश्यों के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

बीट पुलिस अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत व विद्यालयों में भ्रमण कर छात्राओं को जागरुक किया जा रहा है। ऑपरेशन जागृति अभियान की सहायता से महिलाओं व बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी आयेगी, गलत सूचनाएं दर्ज करने मे भी कमी आयेगी, कांउसलिंग और रिपोर्टिंग सिस्टम मजबूत होगा, पलायन सम्बन्धी मामलों में भी कमी आयेगी। इन सभी परिस्थितियों में सामाजिक जागरूकता, संवाद शिक्षा और परामर्श की बेहद आवश्यकता है ताकि महिलायें एवं बालिकायें इस प्रकार के षडयंत्रों का शिकार न बने, भावनाओं में बहकर अपना जीवन बर्वाद न करें और उन्हें मोहरा न बनाया जाए, यदि वास्तव में उनके साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होता है तो वह सच बोलने की हिम्मत रख पाये।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए डीएम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न



अलीगढ़। जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में न्यायिक अधिकारियों, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य, आपूर्ति, शिक्षा, राजस्व सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। डीएम ने सभी अधिकारियों से लोक अदालत को जन-जागरूकता अभियान के रूप में लेने और अधिक से अधिक वादों के निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया। डीएम ने कहा कि ऐसी शिकायतें जिनका निस्तारण न होने से व्यक्ति न्यायालय की शरण में जा सकता है उनका निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से जनसामान्य को त्वरित एवं सुलभ न्याय दिलाया जाता है। यह न केवल न्यायिक प्रक्रिया को सरल बनाता है बल्कि समय और संसाधनों की भी बचत करता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिन्हित वादों को लोक अदालत में निस्तारण के लिए तत्परता से तैयार किया जाए और आमजन को इसकी व्यापक जानकारी दी जाए। एडीएम न्यायिक अखिलेश कुमार ने बैठक में लोक अदालत की रूपरेखा एवं अब तक की गई तैयारियों की जानकारी दी। इसके साथ ही विभिन्न विभागों से प्राप्त वादों की स्थिति और निस्तारण की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि विगत राष्ट्रीय लोक अदालत में 78000 वादों का निस्तारण कराया गया था। 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न विभागों द्वारा समेकित रूप से 01 लाख 05 हजार से अधिक वादों का निस्तारण कराया जाना प्रस्तावित है।

# पाकिस्तान को ईट का जवाब पत्थर से दिया जाएः गोपाल शर्मा

**नेशनल एक्सप्रेस**

अलीगढ़। महानगर शिवसेना की एक बैठक महानगर कार्यालय महेंद्र नगर पर संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता महानगर प्रमुख महेश चंद शर्मा ने की तथा संचालन महानगर अप प्रमुख मोनू माहौर ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर प्रमुख महेश चंद शर्मा ने कहा है अगर सरकार शिव सैनिकों को हथियार दे तो शिव सैनिक पाकिस्तान से लड़ने को जाने को तैयार हैं महानगर उप प्रमुख श्याम प्रकाश शर्मा ने कहा है देरी से मिला हुआ न्याय भी अन्य रद्द होता है दुश्मन को संभालने का मौका नहीं देना चाहिए। महानगर सचिव गोपाल शर्मा ने कहा है पाकिस्तान को ईट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा 27 लोगों की जगह पर 27000 से आतंकवादियों को मारना होगा। उन्होंने भारत सरकार से यह अपील की है बैठक में मुख्य रूप से मांगेराम शर्मा, अशोक पुंडीर, टिंकू माहौर, गौरव शर्मा, नंबरदार मुकेश शर्मा, प्रकाश शर्मा, प्रशांत शर्मा, विनोद वशिष्ट सहित दर्जनों सैनिकों ने भाग लिया।

# कांग्रेसजनों ने निकाली धन्यवाद यात्रा

अलीगढ़। केंद्र सरकार ने अंततः जातीय जनगणना को अपनी मंजूरी दी है, केंद्र सरकार के फैसले पर राहुल गांधी जोकि इसके लिए काफी लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं को धन्यवाद देने के लिए शुक्रवार को पूर्व विधायक विवेक बंसल, कांग्रेस अध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह व महानगर अध्यक्ष नवेद खान के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेसजनों की एक धन्यवाद यात्रा मैरिस रोड से प्रारंभ हुई और सेंटर पॉइंट चौराहे पर समाप्त हुई, इस यात्रा में झुकती है दुनिया झुकाने वाला चाहिए लिखे स्लोगन तख्तियाँ व बैनर लेकर कांग्रेसजन काफी उत्साह से इस यात्रा में चल रहे थे। समापन स्थल पर कांग्रेसजनों व आम नागरिकों को संबोधित करते हुए विवेक बंसल ने कहा कि राहुल गांधी जातीय जनगणना को लेकर काफी प्रयासरत थे और कई बार उन्होंने इसके लिए आंदोलन भी चलाए। सामाजिक स्थिति के आकलन के लिए यह जातीय जनगणना काफी आवश्यक थी जिसके लिए राहुल गांधी काफी प्रयास कर रहे थे। राहुल गांधी के इन प्रयासों पर कई बार भाजपा के नेताओं ने उनका मखौल बनाया और खिल्ली उड़ाई, अब अंततः भाजपा नेतृत्व को शायद सद्बुद्धि आई है जिसके फलस्वरुप उन्होंने जाति जनगणना को लेकर मंजूरी दी है यह निर्णय राहुल गांधी के कठोर परिश्रम का फल है जिसके लिए वह बधाई एवं आभार के पात्र हैं। इस दौरान धन्यवाद यात्रा में सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष आलोक गौड़, पूर्व शहर अध्यक्ष सलाउद्दीन वसी, पूरन चंद देशमुख, मोहम्मद सुहैल अख्तर, ओमप्रकाश, डूंगर सिंह, आमिल हुसैन, पार्षद बिजेंद्र सिंह बघेल, अमजद हुसैन, गोपाल मिश्रा, सरदार अजीत सिंह, बाबुद्दीन अब्बासी, आनंद बघेल, शहजाद हुसैन, हरेंद्र मित्तल, नबी अहमद, जितेंद्र कुमार तोशी, अरविन्द शर्मा, शाहिद



कुरेशी, यामीन खान मेव, कुतुब खान, नादिर खान, संजीव गुप्ता, वीरेंद्र चौधरी, आमिर मुंतजिर, संतोष नौटियाल, ज्ञान सिंह दिवाकर, सुमित कुमार कालू, अरविन्द कुमार शर्मा, वसीम अहमद मलिक, रियाजउद्दीन राजू, शादाब फजल, मुकीम पठान, अतर सिंह, दिलीप शेखर, सोमेश चौहान, मोहम्मद उर्फी, सलीम फरीदी, शहजाद आलम, अकील अहमद कस्सार, अविनाश कुमार, मोहम्मद आसिफ, चमन अल्वी, हिमांशु अग्रवाल, वाजिद खान, राकेश कुमार सिंह, सुशील कुमार भीलवाड़ा, मोहम्मद सलमान, नितिन कुमार, मुकेश कुमार, जोजफ जॉन आदि के साथ भारी संख्या कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संपादकीय

## जनगणना में जाति भी

**पहलगाम** नरसंहार के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसा तनाव पसरा है, लेकिन मोदी सरकार ने अचानक जाति जनगणना की घोषणा कर सभी को चौंका दिया। यह निर्णय कैबिनेट की राजनीतिक मामलों की समिति में लिया गया। उसे 'सुपर कैबिनेट' करार दिया जाता है, क्योंकि उसकी बैठक कभी-कभार ही होती है। बहरहाल इस बार जब भी जनगणना होगी, तब सरकार घर-घर जाकर 'जाति' भी पूछेगी, लिहाजा जातियों का नया संकलन तैयार होगा। देश की आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना कराई जाएगी। 1931 में अंतिम जाति जनगणना कराई गई थी। आजादी के बाद 1951 और '61 में जनगणना तो कराई गई, लेकिन अनुसूचित जाति और जनजाति का ही डाटा सार्वजनिक किया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का मानना था कि इससे जातीय विभाजन के हालात पैदा हो सकते हैं, नतीजतन राष्ट्रीय एकता प्रभावित हो सकती है। नेहरू सरकार ने जो 'जनगणना अधिनियम' बनाया था, उसमें भी जाति जनगणना का उल्लेख नहीं था। उसके बाद प्रधानमंत्री के तौर पर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने 'जाति' के मुद्दे पर पुरजोर विरोध किया। उस दौर में कांग्रेस का राजनीतिक और चुनावी नारा होता था- 'जात पर न पात पर, मुहर लगेगी 'हाथ' पर।' प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने तो ओबीसी के खिलाफ दो घंटे से अधिक समय का भाषण दिया था। बहरहाल अब बुनियादी मुद्दा और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का सवाल यह है कि जनगणना कब कराई जाएगी और जाति जनगणना का प्रारूप क्या होगा? दरअसल 1881 में ब्रिटिश शासन के दौरान भारत की पहली बार जनगणना कराई गई थी। उसके हर 10 साल के बाद यह क्रम जारी रहा। 1941 में भी जनगणना में जातीय गणना भी की गई, लेकिन उसका डाटा सार्वजनिक नहीं किया गया। केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए-2 सरकार के दौरान 2011 में जनगणना का एक हिस्सा ही पूरा किया गया। करीब 25 करोड़ शहरी और ग्रामीण परिवारों का सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना का सर्वे किया गया। 2012 के अंत तक डाटा मिला। 2013 तक प्रोसेसिंग नहीं हो पाई। 2014 में मोदी सरकार बनी। ग्रामीण भारत का डाटा तो जारी किया गया, लेकिन जाति को फिर छिपा कर रखा गया।

अंततः 2018 में सरकार ने कहा कि डाटा में गलतियां हैं। फिर सर्वोच्च अदालत में भी यही बात कही। क्रम से 2021 में जनगणना होनी चाहिए थी, लेकिन कोरोना वैश्विक महामारी के कारण जनगणना टाल दी गई। उसके बाद भी चार साल निकल गए, लेकिन जनगणना की प्रक्रिया तक शुरू नहीं की गई। अब सवाल है कि स्थापित क्रम के मद्देनजर क्या जनगणना 2031 में कराई जाएगी? जाहिर है कि जाति जनगणना भी तभी होगी। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 2029 तक है। सरकार को महिला आरक्षण कानून भी लागू करना है। परिसीमन का काम भी पूरा होना है। इस साल के अंत में बिहार में चुनाव है। 2026 में तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और असम सरीखे महत्वपूर्ण राज्यों में चुनाव है। 2027 में देश के सबसे बड़े राज्य उप्र में चुनाव है। जाति जनगणना इन चुनावों के दौरान पूरी नहीं हो सकती। बेशक भाजपा-एनडीए इस घोषणा से ही राजनीतिक लाभ उठा सकते हैं। लोकसभा चुनाव, 2024 के दौरान कांग्रेस, सपा, द्रमुक, राजद आदि दलों ने जाति जनगणना के मुद्दे को खूब उछाला। नारा दिया गया-'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।' इसी के आधार पर सवाल किया जा सकता है कि यदि देश में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों आदि वर्गों की जनसंख्या करीब 90 फीसदी है, तो क्या आरक्षण उतना बढ़ाया जा सकता है? राहुल गांधी ने लगातार 50 फीसदी आरक्षण की 'दीवार' को तोड़ने की बात कही है। यह अधिकतम सीमा सर्वोच्च अदालत ने तय कर रखी है। यदि संख्या के अनुपात में आरक्षण और व्यवस्था को बदला नहीं जा सकता, तो जाति जनगणना के फायदे क्या होंगे? हां, शिक्षा और रोजगार में आरक्षण फिर से तय किया जा सकेगा। उसे भी संसद में पारित किया जाएगा। राजनीतिक दलों को सामाजिक गठबंधनों, नेतृत्व, उम्मीदवार चयन की रणनीति पर पुनर्विचार करना होगा। जाति जनगणना को लागू करने में चुनौतियां बहुत हैं। हमें तो यह चुनावी मुद्दा ज्यादा लगता है।

**3 मई को गंगा सप्तमी पर विशेष**

# स्वर्गसुंदरी, विष्णुपदी, मोक्षदायिनी पापनाशिनी भगवती माता गंगा



अशोक प्रवृद्ध

गंगा को भारत भूमि और भारतीय संस्कृति में अत्यंत ही उच्च व सम्मानित स्थान प्राप्त है। मान्यतानुसार गंगा के स्पर्श से ही राजा सगर के साठहज़ार पुत्रों का उद्धार हो सका। गंगा को मोक्षदायिनीभी कहा जाता है। गंगोत्पति और गंगावतरण की इन दोनों ही तिथियों में गंगा को स्मरण, नमन, पूजन, वंदन की वृहद परिपाटी है। इन तिथियों में स्नान- दान-पुण्य का विशेष महत्व है। कुंभ पर्व, गंगा दशहरा, पूर्णिमा, व्यास पूर्णिमा, कार्तिक पूर्णिमा, माघी पूर्णिमा, मकर संक्रांति, गंगा सप्तमीआदि प्रमुख अवसरों पर जीवनदायिनी गंगा नदी के तट पर मेले और गंगा स्नान आदि के आयोजन होते हैं, जिनमें करोड़ों श्रद्धालु देश- विदेश से शामिल होने के लिए आते हैं।

भारतीय परंपरा, भारतीय सभ्यता- संस्कृति एवं समस्त भारतीयों के हृदय का स्पंदन, कलयुग में मोक्ष का पर्याय समझी जाने वालीत्रिपथगा, स्वर्गसुंदरी, विष्णुपदी, मोक्षदायिनी, हिमालयपुत्री, पापनाशिनी भगवती माता गंगा भारत में अत्यंत प्राचीन काल से स्मरणीय, नमनीय, पूजनीय व वंदनीय मानी जाती रही है। मान्यता है कि गंगा के स्मरण से मनुष्य अपने दूषित कर्म से मुक्त, दर्शन से अपने संपूर्ण पाप कर्म से मुक्त और स्पर्श से इस जन्म में सद्गति प्राप्त कर मोक्ष को प्राप्त हो जाता है। इसलिए प्रत्येक भारतीय गंगा को माता सदृश्यमानते हैं। गंगा का नाम मुख पर आते ही जिह्वा शुद्ध, पवित्र और हृदय श्रद्धा से आप्लावित हो उठता है। व्यक्ति गंगा में स्नान का अवसर पाकर कृत-कृत्य हो जाते हैं। गंगाजल को भारतीय अमृत तुल्य मानकर उसका पान करते हैं। गंगा के प्रवाह में अपने पूर्वजों की अस्थियों का विसर्जन कर भारतीय अपने को पूर्वजों के कर्ज से मुक्त हुआ मानते हैं। यही कारण है कि विष्णु के चरण से उत्पन्न हुई, विष्णु से भक्ति रखने वाली और विष्णु की पूजा करने वाली गंगा से जन्म से मरण तक किये गए समस्त पापों से रक्षा करने की प्रार्थना करते हैं। स्वर्ग, अन्तरिक्ष एवं पृथ्वी में अवस्थित 35 करोड़ तीर्थ सभी जाह्नवी गंगा के ही देव हैं। देवगण उन्हें आनन्द प्रदायिनी नंदिनी और नलिनी कहकर पुकारते हैं। वस्तुतः गंगा भारतीयों के मन में कुछ इस प्रकार रच-बस गई है, हृदय में इस तरह समाहित हो गई है कि इसे भारतीय जनमानस से भिन्न किया ही नहीं जा सकता। भारत की सर्वाधिक महिमामयी नदी गंगा को देवनदी, मंदाकिनी, भगीरथी, विष्णुपगा, देवपगा, दक्षा, पृथ्वी, विहगा, विश्वकाया, अमृता, शिवा, विद्याधरी, सुप्रशान्ता, शान्तिप्रदायिनी आदि नामों से भी जाना जाता है। भारत के उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, बिहार और बंगाल आदि राज्यों से होकर गुजरने वाली गंगा नदीभारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। गंगा एक नदी मात्र नहीं, अपितु भारत के समस्त विकास, उत्थान और वैभव की युगों-युगों की साक्षी है। गंगा संपूर्ण भारतीय सभ्यता-संस्कृति, आस्था-विश्वास, धर्म, दर्शन, चिंतन, मनन का जीवंत इतिहास है। यही कारण है कि महिमामयी विशाल हृदयवाली, दुःख हारिणी पतितपावनी, जाह्नवी, भागीरथी मातागंगा को भारत में पवित्र, शुभ मानकर एक देवी की भांति पूजा जाता है। पौराणिक मान्यतानुसारकपिल मुनि के शाप से शापित राजा सगर के साठ हजार पुत्रों के जलकर भस्म हो जाने पर उनके उद्धार के लिए राजा सगर के वंशज भगीरथ के द्वारा की गई घोर व कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर माता गंगा वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को स्वर्गलोक से भगवान शिव की जटाओं में पहुँची थी। स्वर्गलोक से उतर शिव की जटा में समाहित होने अर्थात गंगोत्पति की इस तिथि बैशाख शुक्ल सप्तमी को गंगा सप्तमी, गंगा जयंती, गंगा पूजन अथवा गंगा जन्मोत्सव के नाम से जाना, पूजा जाता है। शिव की जटाओं से गंगा का इस पृथ्वी पर अवतरण ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को हुआ, जिसे गंगा दशहरा के नाम से संज्ञायित किया जाता है। गंगा को भारत भूमि और भारतीय संस्कृति में अत्यंत ही उच्च व सम्मानित स्थान प्राप्त है। मान्यतानुसार गंगा के स्पर्श से ही राजा सगर के साठहज़ार पुत्रों का उद्धार हो सका। गंगा को मोक्षदायिनीभी कहा जाता है। गंगोत्पति और गंगावतरण की इन दोनों ही तिथियों में गंगा को स्मरण, नमन, पूजन, वंदन की वृहद




परिपाटी है। इन तिथियों में स्नान- दान-पुण्य का विशेष महत्व है। कुंभ पर्व,गंगा दशहरा, पूर्णिमा, व्यास पूर्णिमा, कार्तिक पूर्णिमा, माघी पूर्णिमा, मकर संक्रांति, गंगा सप्तमीआदि प्रमुख अवसरों पर जीवनदायिनी गंगा नदी के तट पर मेले और गंगा स्नान आदि के आयोजन होते हैं, जिनमें करोड़ों श्रद्धालु देश- विदेश से शामिल होने के लिए आते हैं।

वेद, उपनिषद, पुराण, रामायण, महाभारत आदि भारत के प्राचीन ग्रंथभगवती गंगा की शुभता, महत्ता व पवित्रता का गान करते हैं। भारत के प्रयाग, वाराणसी आदि अनेक तीर्थ गंगा तट पर ही स्थित हैं। मान्यतानुसार गंगा देव नदी है। जिसका पृथ्वी पर अवतरण पापियों के मोक्ष के लिए हुआ है।गंगा के मात्र स्मरण, दर्शन,पान व स्नान करने से ही मनुष्य तर जाता है।गंगा माता इस संसार के अपने हर एक पुत्र को अपनी गोद में जन्म लेना चाहती है। अपने पुत्रों को समस्त सुख प्रदान करती है और दुःख को मूल से हरती है।प्रचलित मान्यतानुसार मृत्युशय्या पर पड़े व्यक्ति के मुख में गंगाजल डाल देने से वह बंधनों से मुक्त हो जाता है।वाराणसी के गंगा तट पर मणिकार्णिका घाट पर मृत शरीर का अंतिम संस्कार होने से उस प्राणी को मोक्ष मिलता है।लौकिक मान्यतानुसार गंगा जल सर्वथा पवित्र है। इसमें किसी भी मलिन वस्तु के संपर्क से मलिनता नहीं आती, अपितु जिस वस्तु से उसका स्पर्श हो जाता है, वह निश्चित रूप से पवित्र व शुद्ध हो जाती है।समस्त संस्कारों में गंगाजल का उपयोग आवश्यक है। पंचामृत में भी गंगाजल को अमृत माना गया है। गंगा के साथ अनेक पर्व व उत्सवों का सीधा संबंध है। वैज्ञानिक मान्यतानुसार गंगाजल में विविध शारीरिक और मानसिक रोगों से मुक्ति दिलाने के औषधीय गुण हैं।इसके पान, स्नान, स्पर्शन से नव प्राणशक्ति का संचार होता है। वृद्धावस्था में शरीर के जर्जर और व्याधिग्रस्त हो जाने पर केवल गंगाजल ही इसका उपचार है।वैज्ञानिकों के अनुसार गंगा जल में बैक्टीरिया को खाने वाले बैक्टीरियोफ़ाज वायरस होते हैं। ये वायरस बैक्टीरिया की संख्या मे वृद्धि होते ही सक्रिय होते हैं और बैक्टीरिया को मारने के बाद फिर छिप जाते हैं। गंगा जल में बैक्टीरिया को मारने की क्षमता है।

पवित्र व पुनीततम नदी गंगा के तटों पर हरिद्वार, कनखल, प्रयाग एवं काशी जैसे परम प्रसिद्ध तीर्थ अवस्थित हैं। प्रसिद्ध नदीसूक्तऋग्वेद 1/ 75/ 5-6में सर्वप्रथम गंगा का ही आह्वान व स्तवन किया गया है। शतपथ ब्राह्मण13/5/4/11 एवं 13तथा ऐतरेय ब्राह्मण 39/ 9में गंगा एवं यमुना के किनारे पर भरत दौष्यंति की विजयों एवं यज्ञों का उल्लेख हुआ है। महाभारत अनुशासन पर्व26/26-103एवं नारदीय पुराण, उत्तरार्ध, अध्याय 38-45 एवं 51/1-48,पद्म पुराण 5/60/1-127,अग्नित्र अध्याय 110, मत्स्य पुराण, अध्याय 180-185,पद्म पुराण, आदिखण्ड, अध्याय 33-37, स्कन्द पुराण काशीखण्ड, अध्याय 33-37में गंगा की महत्ता एवं पवित्रीकरण के विषय में सैकड़ों प्रशस्तिजनक श्लोक हैं। स्कन्द पुराणमें गंगा के एक सहस्र नामों का उल्लेख है। मत्स्य, कूर्म, गरुड़ एवं पद्म पुराणों में भी गंगा, गंगा स्नान, गंगा महिमा का अतिशय वर्णन प्राप्य हैं। पद्म पुराण 6/267/47 के अनुसार गंगा मंदाकिनी के रूप में स्वर्ग में, गंगा के रूप में पृथ्वी पर और भोगवती के रूप में पाताल में प्रवाहित होती है। विष्णु पुराण 2/8/109पद्म, पुराण 5/25/188 में गंगा को विष्णु के बायें पैर के अँगूठे के नख से प्रवाहित माना गया है।मत्स्य पुराण 121/38-41,ब्रह्माण्ड पुराण 2/18/39-41 एवं 1/3/65-66 ) आदिपुराणों के अनुसार शिव ने अपनी जटा से गंगा को सात धाराओं में परिवर्तित कर दिया, जिनमें तीन ( नलिनी, ह्लदिनी एवं पावनी ) पूर्व की ओर, तीन ( सीता, चक्षुस एवं सिन्धु ) पश्चिम की ओर प्रवाहित हुई और सातवीं धारा भागीरथी हुई। कूर्म पुराण 1/46/30-31 एवं वराह पुराण अध्याय 82 के अनुसार गंगा सर्वप्रथम सीता, अलकनंदा, सुचक्ष एवं भद्रा नामक चार विभिन्न धाराओं में बहती है। अलकनंदा दक्षिण की ओर बहती है, भारतवर्ष की ओर आती है और सप्तमुखों में होकर समुद्र में गिरती है।ब्रह्माण्ड पुराण 73/68-69 में गंगा को विष्णु के पाँव से एवं शिव के जटाजूट में अवस्थित माना गया है।

एक दूसरे पौराणिक आख्यान के अनुसार गंगा हिमालय और मैना की पुत्री तथा उमा की भगिनी थीं। महाभारत की एक कथा उसे कुरुराज शान्तनु की पत्नी और भीष्म की माता बताती है। जिसमें भीष्म का दूसरा नाम गांगेय भी है। गंगा का सम्बन्ध कार्तिकेय के मातृत्व से भी है। पुराणों के अनुसार विवद्गंगा, आकाशगंगा अथवा स्वर्गगंगा विष्णु के अँगूठे से निकली हैं, जिसका पृथ्वी पर अवतरण भगीरथ के स्तवन से कपिल मुनि द्वारा भस्मीकृत राजा सगर के 60,000 पुत्रों की अस्थियों को पवित्र करने के लिए हुआ। भगीरथ के साथ इसी संयोग के कारण गंगा का एक नाम भागीरथी पड़ा। स्वर्ग से उतरने के कारण गंगा अत्यन्त कुपित हो उठी थीं और उसके कोप के कारण पृथ्वी पर उसकी धारा पड़ते ही उनके बहकर नष्ट हो जाने के भय से शिव ने अपनी जटा में उसे समेट लिया, जिससे उनकी जटाओं में उलझ जाने के कारण धारा पृथ्वी पर सीधी नहीं पड़ी और गंगा की गति मंद हो गई। इसी कारण शिव का एक नाम गंगाधर भी पड़ा। गंगा का अवतरण तपस्वी जह्नु के यज्ञ के लिए घातक हुआ, जिससे क्रुद्ध होकर उस तापस ने गंगा को पी डाला और प्रार्थना के बाद उसने कान से गंगा की धारा निकाल दी, जिससे वह जाह्नवी कहलाई हैं।गंगा से संबंधित श्रीगंगासहस्रनामस्तोत्रम्और आरतीअत्यंत लोकप्रिय हैं, जिनका पाठ व प्रयोगलोग अपने दैनिक जीवन में श्रद्धा के साथ करते हैं।

## 3 मई : इतिहास की अहम घटनाएं

**1960** ऑफ-ब्रॉडवे संगीत द फैंटेस्टिक्स ने अपना प्रीमियर बनाया, जो अंततः दुनिया का सबसे लंबा चलने वाला संगीत बन गया।

**1961** अमेरिकी वैज्ञानिक ऐलन शेपर्ड अंतरिक्ष में जाने वाले पहले अमरीकी यात्री बने।

**1963** अलबामा के बर्मिंघम में पुलिस ने नागरिक अधिकारों के प्रदर्शनकारियों पर उच्च दबाव वाले पानी के होजेंड कुत्तों का इस्तेमाल किया, जिससे दक्षिणी अमेरिका में नस्लीय अलगाव पर गहन जांच हुई।

**1965** दुनिया का पहला वाणिज्यिक संचार उपग्रह जिसे ₹अर्ली बर्ड₹ नाम दिया गया है, जिसे औपचारिक रूप से इंटलसैट I के रूप में जाना जाता है, का उपयोग पहली बार 3 मई, 1965 को यूनाइटेड स्टेट्स में टुडे शो के प्रसारण के लिए किया गया था।

**1973** दुनिया की सबसे ऊंची इमारत शिकागो का सीयर्स टॉवर जिसकी उचाई 1,451 फीट थी को समाप्त किया गया।

**1978** डिजिटल उपकरण निगम के विपणन प्रतिनिधि गैरी थूकर ने 3 मई, 1978 को ARPANET यूएस के पश्चिमी तट से जुड़े 600 लोगों को स्पैम के रूप में संदर्भित पहला अवांछित वाणिज्यिक ई-मेल भेजा था। इंटरनेट के अस्तित्व से कबाड़ ईमेल भेजना प्रतिबंधित है।

**1991** नेशनल हॉकी लीग के कनाडाई खिलाड़ी कैम नीली, 1991 के प्रिंस ऑफ वेल्स कॉन्फ्रेंस फाइनल में 3 से गेम के दौरान घायल हो गए थे, जो उल्फ सैमुएलसन द्वारा 3 मई को किया गया था। एक और चोट के बाद उन्होंने घायल क्षेत्र में os मायोसिटिस ऑस्किटन्स 'विकसित किया जिसने उन्हें अपने एनएचएल कैरियर के शेष के लिए केवल 162 गेम के लिए छोड़ दिया और उन्हें केवल 31 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होने के लिए मजबूर किया।

**1993** संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रेस की आजादी के महत्त्व के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए 03 मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस घोषित किया गया।

**1998** यूरोपिय संघ ने साझी मुद्रा यूरो की शुरुआत की जिसे पंद्रह सदस्य देशों ने अपनाया। अमेरिकी डॉलर के बाद यूरो दुनिया में दूसरी सबसे सुरक्षित रखने वाली और प्रचलन में रहने वाली मुद्रा है।

**2000** जियो कोचिंग का खेल तब पैदा हुआ जब पोर्टलैंड, ओरेगन, अमेरिका के बाहर एकांत के समन्वय यूसेनेट समूह में तैनात थे।

**2001** संयुक्त राज्य मानवाधिकार आयोग ने 3 मई, 2001 को भूमि खदानों और एड ड्रग्स की उपलब्धता जैसे कई मुद्दों पर खराब अमेरिकी मतदान रिकॉर्ड पर कई देशों में नाराजगी के कारण अपनी सीट खो दी। 1947 में स्थापित होने के बाद यह पहली बार था जब अमेरिका संयुक्त राष्ट्र का सदस्य नहीं था।

**2003** आस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के कप्तान स्टीव वॉ टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने।


**2006** आर्मावया फ्लाइट 967 3 मई 2006 को काला सागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इस दुर्घटना में जानलेवा हादसों की संख्या 113 थी, जिसका मतलब यह था कि चालक दल के सभी सदस्यों सहित कोई भी यात्री जीवित नहीं बचा था और यह असमान डेटा इसे 2000 में गल्फ एयर फ़्लाइट 072 दुर्घटना के बाद किसी भी दुर्घटना में तीसरा सबसे बड़ा मौत बनाता है और टैम एयरलाइंस फ्लाइट 304 दुर्घटना 2007।

**2007** चार वर्षीय मेडेलिन मैककैन का अपहरण कर लिया गया था

**2013** चीन के शांगडोंग प्रांत में लगभग 16 करोड़ साल पुराना डायनासोर का जीवाश्म मिला। ये जीवाश्म 130 वर्षों से ज्यादा पुराने हैं। जिंगेंको गांव के पास एक खुदाई में मिले ये जीवाश्म हड्डी और अंडों के अवशेष हैं।

**समसामयिक**

## जल बर्बादी रोकना सबसे अधिक ज़रूरी



डॉ. सुरेश गर्ग

**जल** एवं पर्यावरण संरक्षण तथा संवर्धन को लेकर चिंतित विश्व स्वास्थ्य संगठन उनसे संबंधित अनेक विश्व दिवस घोषित करता रहा है। विडंवना यह है कि ये प्रायोजित विज्ञापनी आत्मप्रपंचीय कार्यक्रमों की तरह मनाये जा रहे हैं। क्या इन प्रपंची कवायदों से छद्म भौतिक विकास के सम्मोहन में जी रही जनता को एक दिन डराकर उससे से बाहर निकाला जा सकता है? शायद, नहीं! जबकि भारतीय संस्कृति में हज़ारों बरसों से सोलह संस्कारों के माध्यम से जीवन के हर पड़ाव पर पानी ही नहीं, सभी पंचतत्वों के प्रति सजगतापूर्वक संरक्षण एवं संवर्धन बनाये रखने का कर्तव्य बोध याद दिलाया जाता रहा है। लेकिन किसी सोची समझी साजिश के अंतर्गत उन संस्कारों को पिछड़ापन और गंवारूपन बता कर उनकी जगह पश्चिमी आधुनिकता औढ़ाई जा रही है। नतीजतन आमआदमी उन संस्कारों के निमित्त जीवन भर पंचतत्वों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाने के बजाय यह धारणा बना बैठा है कि यह काम सरकार या संबंधित संस्थाओं का है। अपने आसपास हो रही पानी की बर्बादी को सरकार या संबधित पर छोड़ देता है, या फिर जानबूझकर अनदेखा कर देता है।

बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधे? अतः आमजनता के बीच जल प्रबंधन और जल बर्बादी रोकने की जानकारी उसकी जीवनचर्या एवं स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रख कर दी जाये तो बहुत अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। कब कहाँ कैसे पानी एवं प्रकृति की बर्बादी को रोका जाये, इसके लिए उसे किसी विशेष ज्ञान की ज़रूरत नहीं होती, उसका स्वविवेक बहुत होता है। बस, उसके अंदर वह जज़्बा बना रहना चाहिए। तब वह यह काम प्रतिदिन और हर समय कर सकता है! आधी बाल्टी पानी से नहाओं...आदि जैसे प्रवचन देना 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे' जैसा हो गया है। वर्तमान ज़माने में किसी व्यक्ति को उपदेश या यम-नियम में बांधना उसी तरह है, जैसा धर्मकर्म के नाम पर हो रहा पाखंड...! एक दिन कुछ भूखा रह कर दूसरे दिन पारना के नाम पर नाते-रिश्तेदारों के साथ उससे कई गुणा उड़ा जाता है।

प्रवचन देने वालों का जीवन हाथी के दाँतों की तरह निकलता है! यदि किसी के पास पौधारोपण या जल संरक्षण करने के लिए स्थान और साधन नहीं हैं तो, वह बस, इतनाभर करने लगे कि जब कभी कहीं किसी पौधे को नुकसान पहुँचाया जा रहा हो या कहीं पानी बर्बाद हो रहा हो, तब उसे बचाने के लिए जुट जाये! घर से बाहर जाते समय यदि वह अपने वाहन में पाँच लिटर पानी भरी केन रख ले, और जब कभी कहीं सार्वजिनिक स्थल पर कोई पौधा पानी मांग रहा हो तो उसे तृप्त कर दें। यह बहुत बड़ा काम हो जायेगा! पानी की बर्बादी रोकने का प्रत्यक्ष उदाहरण ख्यातनाम जनाब आबिद सुरतीजी लेखक, कार्टूनिस्ट एवं पर्यावरणविद हैं, जो मुम्बई में प्रत्येक रविवार अपने एक प्लंबर साथी के साथ कॉलोनियों में जाते हैं, और वहाँ कहीं सार्वजनिक स्थल या घर के अंदर किसी नल से पानी टपक रहा हो, या कोई उससे संबंधित समस्या हो तो उसे ठीक कराते हैं। वरना यह काम कॉलोनी की समिति के भरोसे छोड़कर अनदेखा किया जाता रहता है। इस प्रकार सुरतीजी लाखों लिटर पानी की बचत कर चुके हैं। ऐसी ही एक प्रयोग और किया जा सकता है- सामान्यतया अखबार रद्दी में बेच दिया जाता है, जो रीसाइक्लिंग को न जाकर खाने-पीने का समान बेचने वालों के पास चला जाता है।

आमआदमी बिना सोचे खाने-पीने का सामान उस पर स्वीकार करके खा लेता है। जबकि वह अखबार न जाने कितने गंदे स्थानों की गंदगी समेटे एवं लोगों के हाथों से निकलकर आया हुआ होता है। घर में महिलाएँ अनजाने ही ऐसे अखबारों का उपयोग खाने-पीने के सामान के नीचे रखने या बांधने में कर लेती हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक हो सकता है! इसके बजाय यदि उसका उपयोग जूठे वर्तनों के अदर चिपकी जूठन एवं तेल आदि को उससे रगड़ कर साफ करने में किया जाये तो वर्तनों की सफाई धुलाई में पानी की बहुत बचत की जा सकती है। इसी प्रकार अखबार का उपयोग टेबल, फर्स आदि पर पड़ी गंदगी को प्राथमिक रूप से साफ़ करने में किया जा सकता है। आज 'जल है तो कल है' नहीं, बल्कि 'जल है तो पल' है, जैसी स्थिति नज़र आने लगी है। नदियाँ उद्गम स्थलों पर सूख रही हैं, उनके किनारे बसे लोग पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे हैं! यदि अब भी नहीं जागे तो विकास की जगह विनाश ही हाथ आने वाला है!

# हिंसा और नफरत की बुनियाद पर बैठा पाकिस्तान



संजीव ठाकुर

किसी बात से असहमत होना और उसका हिंसात्मक विरोध करना दोनों अलग-अलग पहलू है। पर पाकिस्तान ऐसा देश है जिसकी पैदाइश ही नफरत और हिंसा के आधार पर हुई है। स्वतंत्रता के बाद जिन्ना ने पाकिस्तान में आतंकवाद का बीज बोया था। पाकिस्तान का यह बड़ा दुर्भाग्य रहा है कि वहां 18 निर्वाचित प्रधानमंत्री में से किसी एक प्रधानमंत्री ने भी अपना पूरा 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया। वहां मिलिट्री सत्ता ने हीं स्वतंत्रता के बाद पूरे 76 साल अपनी हुकूमत रखी और भारत के साथ नफरत करके लगातार तीन युद्ध हारा, अभी पाकिस्तान में हालात ये हैं कि उसके पास पीने के लिए पानी नहीं खाने के लिए रोटी दाल आटा भी नहीं है पेट्रोल डीजल और बिजली के दाम आसमान छूने लगे हैं पूरा देश कंगाली के दौर पर गुजर रहा है और इसके बाद भी वह आतंकवादियों का पोषक बना हुआ है और लगातार पूरे विश्व में पाकिस्तान के समर्थित आतंकवादी विध्वंस का काम कर रहे हैं। पहलगाम में आतंकवादियों ने 27 निर्दोष भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या कर भारत सरकार एवं भारत के नागरिकों को उद्वेलित कर दिया अब भारत पाकिस्तान को समूल नष्ट करने की विचारधारा पर आ गया है किसी भी हाल में भारत सरकार और देश के नागरिक पाकिस्तान को बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं हैं। वर्तमान में पाकिस्तान के अस्तित्व पर संकट छा गया और उसका भविष्य खतरे में आ गया पाकिस्तान अपने आतंकवादियों के साथ नष्ट होने के कगार पर पहुंच चुका है। पूरा विश्व पाकिस्तान के विरोध में भारत के साथ खड़ा होकर भारत का समर्थन कर रहा है1 अब शायद पाकिस्तान और आतंकवाद का बचना लगभग नामुमकिन है1

विचारों से असहमति और विरोध का सबसे क्रूर और हिंसात्मक ताजा ताजा परिणाम फिलिस्तीन इजरायल युद्ध के रूप में सामने आया है जिसमें 30,000 लोगों की जान चली गई11और 50,000 लोगों से ज्यादा घायल मानव शरीर कराह रहे हैं, दूसरी तरफ रूस यूक्रेन युद्ध ने दोनों देशों के लाखों लोगों को बेघर कर दिया है और हजारों लोगों की जान चली गई है। आखिर मानवता को क्या हो गया है इंसान इंसान का इतना बड़ा दुश्मन कैसे बन गया है। लोग एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए हैं। वैश्विक शांति में खलबली मच गई है। धरती विश्व युद्ध की ओर बढ़ रही है। ऐसे में भारत जैसे देश को भी सावधान और सतर्क हो जाना चाहिए उसके परंपरागत शत्रु चीन और पाकिस्तान भी हमेशा भारत की सीमा में घात लगाए बैठे रहते हैं और आक्रमण का खतरा भी सदैव बना रहता है। आइये भारत पर एक रचनात्मक विश्लेषण करते हैं

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट



करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं1 देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। पर स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है। संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है। और इसी की परिकल्पना को लेकर आजादी के पश्चात से पंचवर्षीय योजनाओं का प्रादुर्भाव सरकार ने समय-समय पर लागू किया है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा। यदि देश के पिछड़ा वर्ग और गरीब तबका विकास की मुख्यधारा से जुड़ता है तो गरीबी, भुखमरी, नक्सलवाद जैसे संकट अस्तित्व हीन हो जाएंगे और ऐसी समस्या धीरे धीरे खत्म होती जाएगी।

आवश्यकता यह है कि हमें राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर इस पर अमल करना होगा। फिर चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हो या समावेशी राष्ट्रवाद हो। समाज की मुख्यधारा में राष्ट्रवाद को एक प्रमुख अस्त्र बनाकर देश की प्रगति में इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। भारत में आजादी के 75 वर्ष बाद भी ब्रिटिश हुकूमत की तरह गरीबी, भूखमरी ,बेरोजगारी ,नक्सलवाद, आतंकवाद, सांप्रदायिकता,भाषावाद एवं क्षेत्रीय विघटनकारी प्रवृत्तियां सर उठाये घूम रही हैं, हम इन पर अभी तक प्रभावी नियंत्रण नहीं लगा पाए हैं। हमें इन सब विसंगतियों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय नागरिकता एवं भारत राष्ट्र की विकास की अवधारणा को राष्ट्रवाद से जोड़कर आर्थिक विकास को एक नया आयाम देना होगा, तब जाकर भारत वैश्विक स्तर पर आर्थिक रूप से मजबूत एवं आत्मनिर्भर बन सकेगा। किसी बात का विरोध हिंसा के बिगड़े स्वरूप की तरफ शासकीय संपत्ति को नष्ट करना देश हित में नहीं।

## खबरें फटाफट

### सपा विधायक नसीम सोलंकी के जिम संचालक देवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



कानपुर के सीसामऊ से सपा विधायक नसीम सोलंकी के जिम संचालक देवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विधायक के देवर ने महिला सफाई कर्मचारी को गिराकर पीटा। उसके साथ गाली-गलौज की। इसके बाद धक्का मारकर भगा दिया। महिला कर्मचारी के हाथ में चोट आई है। सफाई कर्मी की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की है। मामला जाजमऊ थाना क्षेत्र के डिफेंस कॉलोनी का है। बुधवार को पीड़िता कर्मचारी विधायक के घर के सामने कचरा उठा रही थी। इसी बीच विधायक का देवर आया और महिला को पीटने लगा।

कैंट के लाल कुर्ती तोपखाना निवासी रूपरानी नगर निगम में महिला सफाईकर्मी हैं। वह जाजमऊ केडीए बाजार की बीट पर तैनात हैं। 30 अप्रैल सुबह सुबह वह डिफेन्स कॉलोनी में पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के घर के बाद कूड़ा उठा रही थीं। तभी सपा विधायक नसीम सोलंकी का देवर इमरान सोलंकी उर्फ बबलू सोलंकी वहां पहुंचा।

महिला के अनुसार इमरान आते ही गाली देने लगे। जब मैंने कहा कि भइया गाली मत दीजिए। तब इमरान ने कहा कि जबान लड़ाती हो। इतना कहते हुए गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। धक्का मारकर भगा दिया। इसके बाद महिला ने जाजमऊ थाने में शिकायत की।

### फसल उत्पादन तथा पोस्ट हार्वेस्ट के विभिन्न कार्यक्रम कृषकों को 40 से 50 प्रतिशत सहायता पर करायें जायेंगें उपलब्ध

कानपुर देहात डब्ल्यू एग जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में जिला उद्यान अधिकारी, डॉ०बल्देव प्रसाद ने बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना जनपद में वर्ष 2025-26 से लागू की जा रही है। जिसमें औद्यानिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बागवानी विकास सम्बन्धी विविध कार्यक्रम कराये जायेगें। एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत फसल उत्पादन तथा पोस्ट हार्वेस्ट के विभिन्न कार्यक्रम कृषकों को 40 से 50 प्रतिशत सहायता पर उपलब्ध करायें जायेंगें। जनपद हेतु धनराशि रू0 7.93 करोड़ की प्रस्तावित कार्य योजना शासन के अनुमोदनार्थ प्रस्तावित की जा रही है। प्री-हार्वेस्ट कार्यक्रम के अन्तर्गत निजी क्षेत्र में एक छोटी पौधशाला 20 लाख की लागत से 50 प्रतिशत अनुदान से स्थापित करायी जायेगी, जनपद में संचालित राजकीय पौधशाला नन्थू जहेली एवं आलमचन्द्रपुर की पौधशालाओं का सुदृणीकरण का कार्य कराया जायेगा। फल क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम अन्तर्गत आम, अमरूद, नींबू, केला, पपीता, स्ट्राबेरी एवं ड्रेगनफूट आदि के बाग लगाने वाले किसानों को 40 से 50 प्रतिशत सहायता दी जायेगी। साथ ही जनपद में सब्जियों की खेती करने वाले कृषकों हेतु 350 हे0 में सब्जियों की खेती करायी जायेगी, जिसमें कृषकों को संकर बीज व निवेश उपलब्ध करायें जायेंगें।

## आज का राशिफल

ज्योतिर्विद
डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'
Mob:-9760800271

मेष : व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

वृषः सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्घि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं।

मिथुनः प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्घि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

कर्कः शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

सिंह :शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

कन्याः परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा।

तुलाः स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

वृश्चिकः लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

धनुः सुख आरोग्य प्रभावित होगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

मकरः स्वविवेक से कार्य करें। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहें। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

कुंभ : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

मीन :श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

# दलितों के साथ हो रहे अत्याचार के विरोध में 9 सूत्री मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह




कानपुर। भारतीय दलित पैंथर उत्तर प्रदेश अध्यक्ष धनीराम एवं भीम आर्मी जय भीम संगठन के अध्यक्ष आलोक गौतम के नेतृत्व में 9 सूत्री मांगों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया ज्ञापन सोपा। ज्ञापन के दौरान कहां की भारतीय संविधान के माध्यम से देश चल रहा है उनके द्वारा बनाया गया कानून समस्त भारतवासियों पर लागू होता है और संविधान में समस्त देशवासियों को सम्मान अधिकार की व्यवस्था की गई है दुख की बात है कि देश इस महान सपूत जिसमें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया उन्हें अपना सारा जीवन मजलूमों मजबूरन मजदूर शोषण पीड़ित तथा नारियों के स्वाभिमान व सम्मान की रक्षा में लगा दिया संविधान की अनदेखी की जा रही है दलितों पर अत्याचार की बाढ़ सी आ गई है नारियों की इज्जत आबरू सुरक्षित नहीं है। अलीगढ़ के थाना क्षेत्र लोधा गांव चोखावटी मैं तीन दलित युवकों के साथ बर्बर अत्याचार किया गया उन्हें डंडे लाठी सरिया आदि से नंगा करके मारते हुए उनका जुलूस निकाला। ऐसी अनगिनत घटनाएं हो रही हैं ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाकर कार्यवाही की जाए राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री, हरियाणा सरकार, इस्तीफा दे। पीड़ित परिवार की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए नेहा राठौर पर देशद्रोह के मुकदमे को वापस लिया जाए। इस मौके पर वीरेंद्र बहुजन प्रदेश अध्यक्ष, आलोक गौतम, जितिन सिंह,पैंथर धनीराम बौद्ध, जीतू पैंथर,आदित्य कुरील, आलोक गौतम,वरिष्ठ समाजसेवी बबली गौतम,राजेश बौद्धाचार्य,राहुल गौतम,राहुल देव यादव,विनय सिंह,आकाश सिंह,विजय सागर,अनिल,शिव प्रताप सहित आदि मौजूद रहे।

## जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों ने की बैठक




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। कानपुर देहात राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों में जय प्रकाश तिवारी, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात के मार्गदर्शन में दिनांक- 10 मई 2025 (द्वितीय शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसके सफल आयोजन के सम्बन्ध में जिला जज की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक न्यायालय सभागार में की गयी। बैठक में समस्त विभागों से लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित होने वाले वादों की जानकारी लेकर अधिक से अधिक वादों को लोक अदालत में लगाकर निस्तारित कराने के निर्देश दिये गये। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हिमांशु कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, दीवानी राजस्व वाद, वाटर टैक्स वाद, ई-चालान परिवहन विभाग से संबंधित विवादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जायेगा।

## नागरिकों एवं राहगीरो को लिए क्लब द्वारा आर.ओ युक्त वाटर कूलर जनता को किया समर्पित



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

प्रयागराज। रोटरी क्लब ऑफ कानपुर द्वारा अखिल भारतीय वैश्य महासगंठन जिला कानपुर के सहयोग से जे.एन.के. इन्टर कालेज सिविल लांइस, कानपुर मे वाटर कूलर के माध्यम से स्व. रो. रविशंकर अग्रवाल की स्मृति मे शीतल जल सेवा शुरु की गई। इस सेवा के माध्यम से इस तपती गर्मी से राहत हेतू सभी नागरिकों एवं राहगीरो को स्वच्छ और ठण्डा पीने का पानी मिल सके इसके लिए क्लब द्वारा आर.ओ युक्त वाटर कूलर का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया तथा रिक्शा आटो चालको रेहडी वालो को गमछा लेडीज सूट मास्क व शर्बत का वितरण किया गया।

राहगीरो द्वारा कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की और इसी प्रकार के संस्था द्वारा आगे भी कार्य होते रहे ऐसी उम्मीद जाहिर की। अखिल भारतीय संस्था के अध्यक्ष धनपत जैन ने कहा कि संस्था इसी प्रकार के सेवा कार्य आगे भी करती रहेगी ऐसा विश्वास दिलाया। क्लब अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय की प्रेरणा से क्लब द्वारा यह वाटर कूलर और शेड का निर्माण कराया गया है। इससे गमी मे हजारो नागरिको को पानी और छावं मिल सकेगा क्लब सचिव रो0 दीपक अग्रवाल ने अखिल भारतीय वैश्य महासगंठन के पदाधिकारीयों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम मे रो. राजीव अग्रवाल , रो. धनपत जैन , रो. जिम्मी भाटिया ,क़रो. योगेन्द्र कुमार रो. अनूप जायसवाल रो0 चिराग अरोड़ा सुनील सिंह रोटे.स्नेहा कुरील का सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सुशील चक ,पी.एन. जैन सुधीर मेहरोत्रा सुधीर अग्रवाल साधना अग्रवाल अनुराग जैन अर्पणा जैन श्रुति अग्रवाल एकता माहेश्वरी अनूप कुमार गुप्ता अन्जू अग्रवाल गिरधर माहेश्वरी ऋषभ त्रिपाठी, राकेश महाजन,सुनैना उपस्थित थे।

## रनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने मुखबीर की खास सूचना पर गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर। देहात के रनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपों को पुलिस ने मुखबीर की खास सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पूछताछ करने के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कानपुर देहात पुलिस उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट के तहत उत्तम सिंह 24 वर्ष निवासी असलनापुर थाना मंगलपुर कानपुर देहात के अपराधिक इतिहास को देखते हुए कार्रवाई की गई थी। जिसके बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। मुखबिर की खास सूचना पर शुक्रवार सुबह मंगलपुर क्षेत्र में मंगलपुर चौराहे के पास घेराबंदी करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद फरार चल रहे आरोपों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

थाना प्रभारी रनिया ने बताया कि जिले के अलग-अलग थानों में आरोपी पर गंभीर धाराओं के मुकदमे दर्ज थे। जिसके चलते अकबरपुर थाने में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पंजीकृत मुकदमे में आरोपी फरार चल रहा था। जिसे आज रनिया पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया गया है।

### पहलगाम आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तानी ताकत : कलराज मिश्र

कानपुर। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तानी ताकत है। आतंकवादियों ने निर्दोषों की हत्या करने के बाद भारत सरकार को चुनौती दी है। पाकिस्तान के साथ-साथ उन सभी लोगों को इसकी सजा मिलेगी। जो भी आतंकियों को प्रशिक्षित कर सर्वेक्षण प्रदान कर रहे हैं। यह बातें शुक्रवार को पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने कही। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में बीते 22 अप्रैल को आतंकियों के हाथों मारे गए सीमेंट कारोबारी शुभम द्विवेदी के परिजनों से मिलने पूर्व राज्यपाल व भाजपा के वरिष्ठ नेता कलराज मिश्र पैतृक गांव हाथीपुर पहुंचे। सर्वप्रथम उन्होंने मृतक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद पिता संजय और बहू ऐशान्या से मिलकर उस दिन हुई घटना की जानकारी ली। साथ ही परिवार के सदस्यों का ढांढ़स बंधाया, साथ ही दुःख की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया।

## कोआपरेटिव इस्टेट परिसर में नवनिर्मित इनडोर बैडमिंटन कोर्ट का भव्य किया शुभारंभ



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। आपरेटिव इस्टेट कार्यालय परिसर में नवीन साज-सज्जा एवं आधुनिक तकनीक से युक्त नवनिर्मित इनडोर बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन वरिष्ठ भाजपा नेता अजय कपूर के कर-कमलों से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में अजय कपूर ने फीता काटकर कोर्ट का विधिवत शुभारंभ किया। इसके पश्चात चेयरमैन विजय कपूर एवं उपस्थित उद्यमियों ने अजय कपूर का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। उद्यमियों के उत्साहवर्धन हेतु उनकी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया गया। वही अजय कपूर ने अपने संबोधन में कहा कि चेयरमैन विजय कपूर के नेतृत्व में कोआपरेटिव इस्टेट द्वारा उद्योगों और उद्यमियों के हित में अनेक सराहनीय कार्य किए गए हैं। यह नवीन सुविधाओं से युक्त बैडमिंटन कोर्ट उद्यमियों के लिए समर्पित है।' उन्होंने खेलकूद को स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि 'बैडमिंटन एक ऐसा खेल है, जिससे शरीर के प्रत्येक अंग का व्यायाम होता है। चेयरमैन विजय कपूर के नेतृत्व में उद्यमियों को यह सुविधा एक ही छत के नीचे सुलभ है इस नवनिर्मित इनडोर बैडमिंटन कोर्ट के शुभारंभ से कोआपरेटिव इस्टेट परिसर में खेलकूद की गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा और उद्यमियों एवं उनके परिवारों को स्वास्थ्यवर्धक वातावरण प्राप्त होगा।

## उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल (रजि.) ने जिलाधिकारी को व्यापारिक समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानुपर। उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल (रजि.) कानपुर महानगर द्वारा जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह को व्यापारिक समस्याओं से संबंधित ज्ञापन देते हुए मांग करी की व्यापारी प्रतिनिधियों को नगर के विकास से संबंधित बनने वाली सभी कमेटियों में सम्मिलित किया जाए जिससे व्यापारी बंधु भी अपने शहर के विकास कार्यो में सुझाव दे सके और नई योजनाओं को अवगत हो सके व्यापारी बंधुओ को केंद्रीय शांति समिति में शामिल किया जाए व्यापार बंधु सदस्यों को परिचय पत्र दिए जाएं कानपुर महानगर एक औद्योगिक नगरी है यहां पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री , मुख्यमंत्री,राज्यपाल के आगमन पर भी व्यापारी प्रतिनिधियों को उनके साथ शिष्टाचार भेंट में शामिल करने का अवसर दिया जाए

सभी विभागों जैसे कि कानपुर विद्युत विभाग पुलिस विभाग जीएसटी विभाग नगर निगम विभाग के लिए जल संस्थान को निर्देशित किया जाए कि व्यापारियों के साथ अपने-अपने विभाग की शेड्यूल बनाकर बैठक कर ले जैसे उनकी समस्याओं का निस्तारण वहीं पर हो सके और व्यापार बंधु बैठक में जटिल मुद्दों को उठाया जाए साथ ही व्यापारी को सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस भी दिए जाएं। जिलाधिकारी को सरोजिनी नगर में देसी शराब का ठेका हटाने के लिए व्यापार मंडल की तरफ से ज्ञापन दिया गया था जिसे जांच कर कर हटा दिया गया इसके लिए जिलाधिकारी महोदय को बहुत-बहुत बधाई दी आभार व्यक्त किया गया। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी एवं अध्यक्ष कानपुर महानगर कपिल सब्बरवाल,मनमोहन सिंह,कोहली रणजीत सिंह,बिल्लू अजय सराफ,हरप्रीत सिंह बग्गा,इंद्रदीप सिंह शैंकी, जुगल खन्ना सोनू कालरा,तरनजीत सिंह,कोहली राहुल खन्ना, परमजीत सिंह, पिंचू मौजूद थे।

# गौशाला की भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा कब्जा करने के संबंध में प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिला

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह



**सोसाइटी के पदाधिकारी ने विभिन्न जिला अधिकारियों व शासन के अनुरोध किया कि समिति की जमीन सीमांकन कर दी जाए**

कानपुर,गौशाला सोसाइटी का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह से उनके कलेक्ट्रेट कार्यालय में गौशाला की भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा कब्जा करने के संबंध में मिल कानपुर गौशाला सोसाइटी की सैकड़ों बीघा जमीन है आए दिन भू माफिया उन पर कब्जा करने का प्रयास करते हैं लगभग 15 वर्षों से सोसाइटी के पदाधिकारी ने विभिन्न जिला अधिकारियों व शासन के अनुरोध किया कि समिति की जमीन सीमांकन कर दी जाए किसी की इच्छा शक्ति नहीं जागी परंतु जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने अतिरिक्त जिला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी को निर्देशित किया कि यह गौशाला सोसाइटी शहर की धरोहर है हम लोगों को इसको संरक्षित करना चाहिए और उक्त गौशाला समिति की प्रोफाइल बनाकर गौशाला की जितनी जमीन है और किन-किन लोगों के कब्जे में कर रखा है उनका विवरण जिला अधिकारी ने लिखित आदेश किया की समस्त विवरण सहित पत्रावली प्रस्तुत करें अवैध अध्यासन कदापि न हो के आदेश दिए साथ ही साथ भौती प्रतापपुर थाना सचेण्डी कानपुर नगर स्थित भूमि अराजी संख्या 634 में जो जय नारायण अवस्थी मामा भैंस वाले अनाधिकृत कब्जा करके मकान बना रहे हैं और सेटिंग लगवा ली है उसे तुरंत हटाया जाए जिस पर अतिरिक्त जिला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने भेज दिया एसडीएम एवं संबंधित अधिकारियों को सेटिंग हटाने की निर्देश दिए और एक कमेटी बनाकर गौशाला की सारी जमीनों को नपवाने प्रोफाइल बनाने का आश्वासन दिया प्रतिनिधि मंडल में सुरेश गुप्ता उपाध्यक्ष धर्म प्रकाश गुप्ता संरक्षक कृष्ण गुप्ता बब्बू,मंत्री डॉ दिवाकर मिश्रा, शेषनारायण त्रिवेदी,पप्पू त्रिवेदी आदि प्रमुख थे।

मिशन रोड सेफ्टी अभियान

# साइन बोर्ड लगाकर वितरण किए पम्पलैट

## जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्र में चला सड़क सुरक्षा अभियान






नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**मुरादाबाद।** मिशन रोड सेफ्टी अभियान के अंतर्गत यातायात नोडल अधिकारी थाना मूढ़ापाण्डे द्वारा मय यातायात पुलिस बल क्षेत्रांतर्गत दो पहिया,तीन पहिया लेन व यातायात संबंधित साईन बोर्ड लगाये गये तथा आम-जनमानस को पम्पलेट वितरित कर यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया।

थाना मझोला द्वारा प्रशासनिक भवन मझोला मुरादाबाद में आने वाले विभिन्न फरियादियों को सड़क दुर्घटना से सुरक्षा हेतु सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से यातायात नियमों का पालन करने की अपील। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओ यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गई। थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सेल्फी पॉईन्ट बनाकर लोगो को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा प्रचार प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गयी।

# परिवार परामर्श नारी उत्थान केंद्र के प्रयासों से पति-पत्नी के तीन विवादित दंपत्ति का कराया समझौता



नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी

**मुरादाबाद।** परिवार परामर्श केंद्र नारी उत्थान केंद्र मुरादाबाद के अथक प्रयासों से पति-पत्नी के तीन विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने के हुए सहमत। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पर्यवेक्षण में प्रभारी नारी उत्थान केन्द्र स्वाति गुप्ता की अध्यक्षता तथा अनुभवी परामर्श दाता एम.पी. सिंह, श्रीमती रितू नारंग के माध्यम से परिवार परामर्श केंद्र नारी उत्थान केंद्र पुलिस लाईन्स मुरादाबाद में शुक्रवार को पति-पत्नी संबंधित पारिवारिक विवादों की काउंसलिंग के दौरान तीन प्रार्थना पत्रों में पक्षों की सहमति से सुलह समझौता कराया गया।

पत्रों में दोनों पक्षों की पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए आपसी सहमति से समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेंगे।

परिवार परामर्श द्वारा जोड़ों को नवजीवन की शुरूआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नहीं करेंगे। और आपस में प्यार से रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

नेशनल एक्सप्रेस जाकिर हुसैन

**मूंढापांडे।** वादी निवासी थाना मूढ़ापाण्डे क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी की पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध मे थाना मूंढापांडे पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मूंढापांडे पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में थाना मूढ़ापाण्डे पुलिस द्वारा अभियुक्त राजपाल पुत्र कंचन निवासी ग्राम मूडिया घोसियान थाना मूढ़ापाण्डे जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### दो पक्षों के झगड़े में चार घायल, पांच पर मुकदमा दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के गांव लालुवाला मिलक में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट एवं पथराव हुआ। विवाद में दो महिलाओं समेत चार घायल हो गए।पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराकर पांच भाईयों के खिलाफ केस दर्ज किया है। दूसरे पक्ष ने भी छह के खिलाफ मारपीट एवं पथराव करने की तहरीर दी है। शुक्रवार सुबह ग्राम लालुवाला मिलक में ताहिर और शमसाद पक्ष में पुरानी रंजिश को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों ने छतों पर चढ़कर एक दूसरे पर जमकर पथराव किया। विवाद में एक पक्ष से ताहिर उसकी पत्नी जहरा और भाई रईस घायल हो गए। दूसरे पक्ष से मेहसर जहां घायल हो गई पुलिस ने आरिफ की तहरीर पर शमशाद,उरमान, रिहान, इमरान और सलमान के खिलाफ मारपीट एवं पथराव करने के आरोप में केस दर्ज कर घायलों ताहिर,रहीस और जहरा का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरी मुआयना कराया है। दूसरे पक्ष की मेहसर जहां ने ताहिर, आरिफ, सहादत, इमरान, रईस और इस्लाम के खिलाफ पथराव एवं मारपीट कर घायल कर देने के आरोप में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस तहरीर की जांच कर रही है।

### शांति व्यवस्था भंग करने के आरोपियों को भेजा जेल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद के निदेर्शानुसार अपराध नियंत्रण,कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को जनपदीय पुलिस द्वारा 17 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हिरासत में थाना कोतवाली दो, थाना कटघर दो, थाना गलशहीद दो,थाना मूढापाण्डे नौ,थाना छजलैट एक, और थाना बिलारी एक, न्यायालय में पेश कर जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया

### डीआईजी ने सुनी समसयायें

नेशनल एकसप्रेस फहीम अंसारी

मुरादाबाद। डीआईजी मुनीराज जी द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय मुरादाबाद पर शुक्रवार को जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया एवं उनकी समस्याओं के उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### पुलिस ने बैंकों की सुरक्षा को लेकर चलाया चेकिंग अभियान

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा बैंक चेकिंग अभियान चलाकर बैंक,एटीएम तथा बैंकों के आस-पास संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों की चेकिंग की गयी तथा बैंकों में लगे सुरक्षा व्यवस्था सम्बन्धित उपकरणों को चेक कर शाखा प्रबंधक एवं बैंक सुरक्षा ड्यूटी पर लगे सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# मारपीट करने के एक ओर आरोपी को भेजा जेल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




**मुरादाबाद।** वादी मौ उजैर खान पुत्र आसिम खान निवासी खोखरान स्ट्रीट थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा वादी व वादी के भाई के साथ मारपीट करना व धारदार हथियार से जान से मारने की नियत से वार करने के सम्बन्ध में थाना मुगलपुरा पर तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया।विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में थाना मुगलपुरा पुलिस द्वारा अभियुक्तगण मुन्तजीम उर्फ मुनीम पुत्र मौ0 जरीफ, मुशर्रफ पुत्र मौ0 जरीफ, समी अली पुत्र सफदर अली निवासी गण मौहल्ला खौखरान पीरगैब थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। शुक्रवार को विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में थाना मुगलपुरा पुलिस द्वारा एक ओर वांछित अभियुक्त मोअज्जम खान पुत्र मुशर्रफ निवासी मो0 खोखरान थाना मुगलपुरा जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# संगठन की मजबूती ओर विस्तार को लेकर कांग्रेस ने किया बैठक का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




**मुरादाबाद।** कुन्दरकी नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत नवयुक्त जिला अध्यक्ष विनोद गुम्बर का स्वागत किया गया। जिसमें संचालन नगर अध्यक्ष शौकत अली ने ओर अध्यक्षता चौधरी अहसान खान ने की। ओर मुख्य अतिथि विनोद गुम्बर रहे।

संगठन सृजन मैं अपने विचार रखते हुए जिला महासचिव चौधरी अहसान ने कहा हम सब कांग्रेस को मजबूत करने का प्रण लेते है। संगठन का विस्तार एंव मजबूती करने की बात की। जिला अध्यक्ष विनोद गुम्बर ने अपने संबोधन मैं।

कहा कि हम संगठन सृजन कार्यक्रम राहुल गांधी जी युवाओ को आगे लाने चाहते है।इसलिए जिला ब्लॉक व नगर पंचायत और मण्डल अध्यक्ष का विस्तार करंगे। ओर ज्यादा से ज्यादा युबाओ को संगठन में जोडेंगे, संगठन सृजन कर्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष कुन्दरकी चौधरी दाऊद खान,पूर्व महासचिव अशरफ अली , पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश पाल,नासिर सलमानी, सुरेंद्र सिंह जाटव, इरफान खान,अकरम शेख,शाकिर कुरेशी, मुनाजिर, आदिल रहमान, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पंचायत भवन सभागार में एक राष्ट्र एक चुनाव की विचार संगोष्ठी आयोजित

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी




**मुरादाबाद।** जनपद के पंचायत भवन सभागार में आयोजित एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय पर आयोजित भारतीय जनता पार्टी जिला मुरादाबाद द्वारा प्रबुद्ध समागम विचार संगोष्ठी का आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता प्रदेश महामंत्री भाजपा एवं सदस्य विधान परिषद रहे। और संगोष्ठी की अध्यक्षता डॉ अनुराग महरोत्रा ने की।

में आयोजित एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय पर आयोजित भारतीय जनता पार्टी जिला मुरादाबाद में डॉ जयपाल सिंह व्यस्त सदस्य विधान परिषद ने विचार रखते हुए कहा कि आज एक राष्ट्र एक चुनाव की जरूरत है। भाजपा कार्यकताओं ने एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर देशभर में जानकारी देने की मुहिम शुरू की है। शुक्रवार को पंचायत भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डॉ जयपाल सिँह व्यस्त सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश ने चुनावों को एक साथ कराने के लाभ बताए। उन्होंने कहा,एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर देशभर में भाजपा कार्यकताओं द्वारा जानकारी देने की एक मुहिम चलाई जा रही है। शिक्षक विधायक द्वारा संगोष्ठी में जानकारी दी गई। कार्यक्रम की एक अध्यक्षता मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के अनूप गुप्ता ने की। शिक्षक एमएलसी डॉ जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा है कि देश में एक चुनाव एक देश की आवश्यकता है। उन्होंने बताया की देश को आजाद कराने में युवाओं ने अपनी जान दी देश को आजाद कराया। देश में एक चुनाव एक देश से समय और श्रम व पैसे दोनों की बचत होगी।

# पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा सुनी गई फरियादियों की समस्याएं

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी



**मुरादाबाद।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं। प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं,शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई,महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित,शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

# डीआर रिसॉर्ट बहजोई में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित जनपद स्तरीय शिक्षा संगोष्ठी का किया गया आयोजन

## जनपद स्तरीय शिक्षा संगोष्ठी में मुख्य अतिथि रहीं पुनरुत्थान विद्यापीठ संस्थान अहमदाबाद की कुलपति डॉ. इन्दुमति काटदरे

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





**बहजोई/संभल:** डीआर रिसोर्ट इस्लामनगर रोड़ बहजोई मे बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग जनपद सम्भल में कार्यरत समस्त शिक्षकों की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित जनपद स्तरीय शिक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भारत को जानों, भारत को मानों एवं भारतीय बनों तथा भारत जीतता है तो कोई हारता नहीं, बल्कि पूरा विश्व जीतता है टैग लाइन पर आधारित संगोष्ठी हुयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुनरुत्थान विद्यापीठ अहमदाबाद गुजरात की कुलपति डॉ इन्दुमति काटदरे रहीं । सर्व प्रथम मुख्य अतिथि डॉ इन्दुमति काटदरे एवं जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि एवं जिलाधिकारी को पुष्प देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत पुनरुत्थान विद्यापीठ संस्थान अहमदाबाद कि कुलपति डॉक्टर इंदुमती काटदरे द्वारा शैक्षिक स्टाफ को प्राथमिकी स्तर से बेहतर गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारी शिक्षा प्रदान किए जाने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन व संवाद किया गया।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि जैसी शिक्षा होती है वैसा ही समाज या राष्ट्र होता है। व्यक्ति वैसा ही होता है जिस प्रकार की उसको शिक्षा प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि शिक्षक चार प्रकार के होते हैं प्रथम विषय का शिक्षक, द्वितीय छात्रों के शिक्षक उन्होंने कहा कि विधार्थी शिक्षक का मानस पुत्र होता है। तृतीय शिक्षक राष्ट्रीय होता है और चतुर्थ वेतन के शिक्षक। हमें अपनी भाषा और देश पर गर्व करना चाहिए, भारतीय सबसे श्रेष्ठ इतिहास में रहे हैं। भारत ज्ञान, विज्ञान, तकनीकी तथा सम्पत्ति एवं चिरंजीविता में श्रेष्ठ रहा है।भारतीयों को भारत को जानना चाहिए। भारतीय ज्ञान व्यवस्था तभी यशस्वी होगी जब हम भारत को जानेंगे। उन्होंने कहा कि अध्ययन करने वाले के लिए संयम अति आवश्यक है। उन्होंने प्राचीन संस्कार के विषय में भी बताया। भारतीय जीवन मूल्य सिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत को मानों पर भी ध्यान देना चाहिए भारत विश्व गुरु बन सकता है। भारत को भारत बनाने का रास्ता कक्ष कक्षाओं से शुरू होता है। भारत प्राचीन देश है तथा विशाल भी है। उन्होंने कहा कि देश की समृद्धि उसकी प्राकृतिक सम्पदा पर आधारित होती है। भारत में कृषक तीन फसलों तक प्राप्त कर लेता है। भारतीय इस्पात बनाने में निपुण थे तथा यहाँ की तकनीकी एवं कारीगरी सर्वश्रेष्ठ थी प्राचीन काल में। जिलाधिकारी ने मुख्य अतिथि के जीवन परिचय के विषय में बताया तथा उन्होंने कहा कि शिक्षक का पहला कार्य स्वाध्याय होना चाहिए। उन्होंने शिक्षा के तीन सिद्वान्तों पर भी चर्चा की उन्होंने कहा कि शिक्षा स्वायत्त होनी चाहिए। शिक्षा भारतीय होनी चाहिए तथा शिक्षा अर्थ निरपेक्ष होनी चाहिए। उन्होंने शिक्षा के सूत्रों पर भी चर्चा की शिक्षा आजीवन होनी चाहिए तथा शिक्षा सर्वव्यापी होनी चाहिए। उन्होंने शिक्षा के दर्शन के विषय में कहा कि शिक्षा सभी में आत्मीयता एकात्मता तथा देशभक्ति बढाने वाली होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रवेश सत्र चल रहा है अधिकाधिक बच्चों का सरकारी विद्यालयों में प्रवेश हो। बच्चों के सरकारी विद्यालय में प्रवेश के लिए अभिभावकों को अध्यापक प्रेरित करें तथा शिक्षक स्वाध्याय की आदत भी अपने अंदर विकसित करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि सभी शिक्षक राष्ट्र शिक्षक बनें । बच्चों को सन्मार्ग पर लेकर जाएं। भारत को विश्व गुरु बनने में अपना योगदान दें। विद्यालय में होने वाली प्रार्थना में बच्चों को भारत की शिक्षा पद्धति श्रेष्ठ थी उसके विषय में अवश्य बताएं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के उपस्थित रजिस्टर की अध्यापक विद्यालय में अपने पास रखें। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि डॉ इन्दुमति काटदरे एवं जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह के रूप में भगवतगीता देकर सम्मानित किया गया।

शिक्षा संगोष्ठी कार्यक्रम चार सत्रों में सम्पन्न हुआ । चार सत्र डेढ़ डेढ़ घंटे के रहे। प्रथम सत्र अपराह्न 12:30 पर प्रारंभ हुआ जबकि अंतिम सत्र 7:30 बजे सम्पन्न हुआ। प्रथम सत्र में विकासखंड पंवासा एवं गुन्नौर के शिक्षक सम्मिलित हुए जबकि द्वितीय सत्र में असमोली एवं जुनावई तथा तृतीय सत्र में सम्भल, नगर सम्भल एवं रजपुरा तथा चतुर्थ सत्र में विकासखंड बनिया खेड़ा तथा नगर चंदौसी एवं बहजोई के शिक्षक सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, उप जिलाधिकारी सम्भल वंदना मिश्रा, डिप्टी कलक्टर शुभि गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा तथा खंड शिक्षा अधिकारी बहजोई मुंशी लाल पटेल सहित समस्त खंड शिक्षा अधिकारी तथा शिक्षक गण उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन पर

# अमेठी में धन्यवाद जुलूस कार्यक्रम का आयोजन

» नेशनल एक्सप्रेस

**अमेठी :** नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी विगत कई वर्षों से देश में जातिगत जनगणना कराये जाने हेतु केन्द्र सरकार से अनवरत मांग करते आ रहे हैं। राहुल गांधी के लम्बे प्रयासों का ही प्रतिफल है कि केन्द्र की भाजपा सरकार को जातिगत जनगणना कराये जाने के लिए बाध्य होना पड़ा है,

जिसकी घोषणा केन्द्र सरकार द्वारा दिनांक 30-04-2025 को कर दी है।

अ०भा० कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश के सभी जनपदों में राहुल गांधी द्वारा जातिगत जनगणना कराये जाने हेतु केन्द्र सरकार को बाध्य करने के लिए किये गये प्रयासों हेतु आज अमेठी में जिला कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में धन्यवाद जुलूस का आयोजन किया गया।

जनपद के समस्त कांग्रेस जनों के सहयोग से आज धन्यवाद यात्रा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल की अगुवाई में निकली




जिसमें जिले के कांग्रेस जनों की भारी भीड़ रही।

धन्यवाद कार्यक्रम में प्रदीप सिंघल, पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी, प्रेम तिवारी, किरन देवी, आशीष शुक्ला, देवेन्द्र सिंह गप्पू, राम प्रसाद गुप्ता, शबीना, शत्रुघ्न सिंह, मो आशिफ, देवमणि तिवारी, युका जिलाध्यक्ष शुभम सिंह, डॉ संजय सिंह, अरविन्द चतुर्वेदी, अशोक हिटलर, सुनील, महिला जिला महासचिव गीता सिंह, अब्दुल वाहिद, अशोक शुक्ल, कुदूस खान, सुमित तिवारी, विष्णुकांत मिश्र, बबलू उपाध्याय, अवनीश मिश्र, आदिल आदि उपस्थित रहे।

## राहुल गांधी से मिले अनवर - आमीन पठान और सभासद अतुल शर्मा

» नेशनल एक्सप्रेस

रायबरेली - कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनवर पठान, नेता कांग्रेस आमीन पठान व लालगंज नगर पंचायत सभासद अतुल शर्मा, युवा उपाध्यक्ष राजन यादव आदि एक प्रतिनिधि मंडल के रूप में सांसद रायबरेली राहुल गांधी वा सांसद के एल शर्मा से मुलाकात करते हुए उनका ध्यान एक प्रार्थना पत्र के साथ रायबरेली की गढ्ढे युक्त खराब सड़कों की ओर बताते हुए आमीन पठान ने कहा कि लोगों को आने-जाने में बहुत कठिनाई होती है कृपया मिलन सिनेमा से राज बंधु व ठाकुरद्वारा मंदिर से किराना मार्केट होते हुए सब्जी मंडी से शेखू सज्जाद की दुकान के आगे वह मधुबन मार्केट गोसियाना, गोरा बाजार, खाली साहट, किला बाजार, तिलियाकोट, गल्ला मंडी आदि की सड़के बहुत ही खराब है, इन्हें बनवाने की आप कोशिश करिए हम सब आपके आभारी रहेंगे माननीय राहुल जी ने कहा कि जल्द ही काम होगा।





## नैमिषारण्य बन रहा आस्था, पर्यटन और रोजगार का संगम : योगी सरकार में तीर्थनगरी का कायाकल्प

» राम आशीष गोस्वामी


**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में लखनऊ मंडल के अंतर्गत आने वाला नैमिषारण्य अब केवल एक आध्यात्मिक केंद्र नहीं रहा, बल्कि यह तीर्थस्थान पर्यटन, स्थानीय रोजगार और अधोसंरचना विकास का नया प्रतीक बनकर उभर रहा है। 2017 में इसे विकास प्राधिकरण घोषित किए जाने के बाद नैमिषारण्य की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है।

### संख्या में दोगुना इजाफा

2017 की तुलना में नैमिषारण्य में श्रद्धालुओं की संख्या में दोगुने से अधिक वृद्धि हुई है। 84 कोसीय परिक्रमा में श्रद्धालुः ₹1.5 लाख अब ₹4-5 लाख, अमावस्या स्नानः ₹ 50 हजार अब ₹2 लाख से अधिक, मौनी अमावस्याः ₹1.5 लाख अब ₹3-4 लाख, गुरु पूर्णिमाः ₹1 लाख अब ₹2-3 लाख, वार्षिक आगंतुकः ₹1 करोड़अब लगभग ₹2 करोड़।

### परियोजनाओं से बदल रही तस्वीर

मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में



नैमिषारण्य में अधोसंरचना, सौंदर्यीकरण और कनेक्टिविटी पर विशेष जोर दिया गया है।

प्रमुख परियोजनाएंः चक्रतीर्थ प्रवेश द्वार और कारीडोरः ₹972.92 लाख, शयनगृह (टूरिस्ट डॉर्मेट्री): ₹793.31 लाख, हेलीपोर्ट व लिंक रोड निमार्णः ₹996.41 लाख,

ध्रुव तालाब सौंदर्यीकरणः ₹381.42 लाख, जंगलीनाथ मंदिर, मिश्रिख पर्यटन विकासः ₹96.88 लाख, चक्रतीर्थ कुंड कॉम्प्लेक्सः ₹2277.30 लाख, इंट्रेंस प्लाजाः ₹906.60 लाख, सीतापुर लिंक रोड पर पार्किंग व सुविधाएंः ₹4763.08 लाख।

### अर्थव्यवस्था को नया बल

हेलीपोर्ट और बेहतर सड़कों से कनेक्टिविटी में सुधार, स्थानीय कारोबार, जैसे होटल, ट्रैवेल एजेंसी, फूल माला, फेरी व्यवसाय में उछाल।

ट्रैवल कंपनियां नैमिष को प्रमुख डेस्टिनेशन के रूप में प्रचारित कर रही हैं। सोशल मीडिया प्रचार से दक्षिण भारत से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि।

### प्राचीन गरिमा की ओर वापसी

नैमिषारण्य, जिसे 88 हजार ऋषियों की तपोस्थली और वेदों की शिक्षा भूमि माना जाता है, का धार्मिक महत्व अत्यंत विशिष्ट है। मान्यता है कि यही पर भगवान विष्णु के चक्र से चक्रतीर्थ की उत्पत्ति हुई थी।

### स्थानीय लोगों की प्रतिक्रिया

**प्रह्लाद बाबू दीक्षित (पुरोहित):** योगी जी स्वयं एक संत हैं, और उनकी अगुवाई में नैमिषारण्य का यह रूप सनातन संस्कृति की पुनर्प्रतिष्ठा है।

**प्रशांत ठाकुर (होटल व्यवसायी):** पहले नैमिष में कम श्रद्धालु आते थे, पर अब उत्तर भारत के श्रद्धालु बड़ी संख्या में आ रहे हैं। होटल से लेकर फेरी दुकानदार तक सभी लाभान्वित हो रहे हैं। सरकार के सतत प्रयासों से नैमिषारण्य एक बार फिर भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना का केंद्र बनता जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### 4 मई को स्कूली वाहनों के लिए विशेष फिटनेस कैम्प

- अनफिट वाहनों पर होगी सख्त कार्रवाई

**गोंडा।** जनपद में संचालित अनफिट स्कूली वाहनों की जांच और फिटनेस सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा 04 मई 2025 (रविवार) को विशेष फिटनेस कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प प्रातः 07 बजे से सायं 06 बजे तक संभागीय परिवहन कार्यालय, गोंडा के मुख्य प्रांगण में चलेगा। यह कार्यवाही उत्तर प्रदेश शासन के निदेशानुसार की जा रही है। जनपद में स्कूली वाहनों की फिटनेस को लेकर परिवहन विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत पहले भी विद्यालयों को नोटिस जारी की जा चुकी हैं और 25 अप्रैल को पंजीकृत डाक द्वारा दोबारा नोटिस भेजी गई है। हालांकि विभाग द्वारा जागरूकता, प्रवर्तन कार्यवाही और विशेष कैम्पों के माध्यम से प्रयास किए जाने के बावजूद कई वाहन अभी भी अनफिट स्थिति में हैं, जो बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं।

इसी को दृष्टिगत रखते हुए गत 26 अप्रैल को आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन स्कूलों के वाहनों की फिटनेस समाप्त हो चुकी है, उन्हें 10 मई 2025 से पूर्व अनिवार्य रूप से फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त कराना होगा।

परिवहन विभाग ने सभी स्कूल प्रबंधकों से अपील की है कि वे अपने अनफिट वाहनों को 04 मई के विशेष कैम्प में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें, ताकि संभागीय निरीक्षक द्वारा उनका तकनीकी परीक्षण किया जा सके। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि तक वाहन प्रस्तुत न करने की स्थिति में संबंधित वाहनों का पंजीकरण निरस्त किया जाएगा तथा स्कूल की मान्यता समाप्त करने हेतु जिलाधिकारी को संस्तुति भेजी जाएगी।

### जिले में बाढ़ की सम्भावना के मद्देनजर प्रशासन ने पूरी की तैयारी

- 28 बाढ़ चौकियां और 31 शरणालय चिन्हित
- 334 नावों के साथ तैयार है गोंडा प्रशासन, राहत पैकेट भी तय
- आपदा प्रबंधन के लिए ई०ओ०सी० 24x7 सक्रिय, कंट्रोल रूम नंबर जारी
- तरबगंज-कर्नलगंज में विशेष फोकस, बाढ़ प्रभावितों के लिए दोहरी राहत योजना

**गोंडा।** जनपद में संभावित बाढ़ संकट से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। जिलाधिकारी कार्यालय में स्थापित ई०ओ०सी० (आपात परिचालन केंद्र) 24 घंटे सक्रिय रहते हुए हर स्थिति पर नजर बनाए हुए है। आपदा से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए आमजन 05262-230125 और 05262-358560 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन ने जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में कुल 28 बाढ़ चौकियां चिन्हित की हैं। इनमें तरबगंज में 12, कर्नलगंज में 11, सदर तहसील में 4 और मनकापुर में 1 बाढ़ चौकी शामिल है। ये चौकियां बाढ़ के दौरान सतर्कता और त्वरित राहत कार्यों की निगरानी करेंगी। संभावित प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर शरण देने के लिए तरबगंज में 20, कर्नलगंज में 10 और मनकापुर में 1 सहित कुल 31 बाढ़ शरणालय चिन्हित किए गए हैं। ये शरणालय पूरी तरह सुरक्षित हैं और आवश्यक सुविधाओं से युक्त होंगे।

#### राहत-बचाव को तैयार नाविक

बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों के लिए 334 नावें चिन्हित की गई हैं। इनमें तरबगंज में 304, कर्नलगंज में 24 और मनकापुर में 6 नावें शामिल हैं। प्रशिक्षित नाविकों की टीमों को भी सक्रिय किया जाएगा। राहत सामग्री के दो पैकेट वितरित होंगे। प्रथम पैकेटः लाई, भुना चना, गुड़, बिस्कुट, माचिस, मोमबत्ती, साबुन, जरीकेन (20 लीटर) और त्रिपाल।

## अवैध खनन पर जिला प्रशासन का कसता शिकंजा

### एक रात में तीन बड़ी कार्रवाइयां, अब तक जब्त हुए 30 वाहन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**गोण्डा।** जनपद गोण्डा में अवैध खनन और उसके परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा की जा रही सख्ती का असर लगातार सामने आ रहा है। गुरुवार देर रात प्रशासन ने तीन अलग-अलग स्थानों पर बड़ी कार्रवाइयां करते हुए अवैध खनन और बालू-मिट्टी के अवैध परिवहन में लिप्त कुल 8 वाहनों को पकड़कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की है। जिला प्रशासन की ओर से यह स्पष्ट संकेत दिया गया है कि अवैध खनन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है।

#### कार्रवाई 1: नवाबगंज क्षेत्र में चार ट्रकों का चालान

थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत कटरा के पास अवैध रूप से बालू का परिवहन करते हुए चार ट्रकों को पकड़ा गया। इन वाहनों के पास वैध अभिवहन पास नहीं था। प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से इन चारों ट्रकों का ऑनलाइन चालान किया, जिसमें से तीन ट्रकों ने मौके पर ही चालान राशि जमा कर दी।

कार्रवाई 2: मनकापुर में एक ट्रक जब्त एक अन्य ट्रक को बालू के अवैध परिवहन के चलते जब्त कर लिया गया। यह कार्रवाई थाना मनकापुर क्षेत्र में की गई, जहां ट्रक को कब्जे में लेकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। कार्रवाई 3: मोतीगंज में मिट्टी खनन पर शिकंजा

#### अब तक 30 वाहन जब्त

जिला प्रशासन ने बीते कुछ दिनों में कुल 30 वाहनों को अवैध खनन और परिवहन के मामलों में जब्त किया है। इनमें शामिल हैंः

- कोतवाली देहातः 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 1 लोडर
- थाना खरगूपुरः 2ट्रैक्टर-ट्रॉली, 1 लोडर
- थाना कटरा बाजारः 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 1 लोडर

## नगर पंचायत लालगंज ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, बड़े पैमाने पर की कार्यवाही

### नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता का भी टूटा चबूतरा

» नेशनल एक्सप्रेस

**लालगंज रायबरेली** - लालगंज कस्बे में आज नगर पंचायत प्रशासन ने बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाया। प्रशासन ने दो जेसीबी मशीनों की मदद से यह कार्रवाई की। मेन रोड पर कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने तख्त लगाकर और बरामदों में पक्का निर्माण कर रखा था। इससे लोगों के आवागमन में परेशानी हो रही थी। इस मुद्दे पर व्यापारियों और नागरिकों ने कई बार शिकायती पत्र दिए थे। तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव, ईओ राजभान शुक्ला और प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने सराफा मंडी की कई दुकानों



का अतिक्रमण हटाया। दुकानदारों का कहना था कि उन्हें पूर्व सूचना नहीं दी गई, जिससे उन्हें नुकसान हुआ। कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदार जेसीबी के सामने खड़े हो गए। उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता आवास के बरामदे को भी हटाने की मांग की। अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर नाली पर बना छज्जा तोड़ दिया गया।

नगर पंचायत प्रशासन का कहना है कि व्यापारियों को पिछले एक महीने में कई बार मुनादी व नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने को लेकर सूचित किया गया था। 25से 30दुकानों के सामने से अतिक्रमण हटाया गया है। आगे भी अतिक्रमण की सूचना पर इसे हटाया जाएगा।

अधिशासी अधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि सड़क की नाली के बाहर सामान दिखा तो उसे जब्त करते हुए जुमार्ने की कार्यवाही होगी।

उन्होंने आगे कहा कि दुकानदारों द्वारा नालियों के ऊपर अवैध रूप से तख्त, मेज आदि रखे जाते हैं। जिसके कारण नालियों की साफ सफाई समुचित तरीके से नहीं हो पाती और जाम की स्थिति भी बनी रहती है।

## मण्डल में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में लाई जाए कमी : आयुक्त

### छात्रों को हेलमेट पहनने को लेकर किया जाए जागरूक, नाबालिक के ई रिक्शा चलाने पर हो कठोर कार्रवाई

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**गोण्डा।** मण्डल में सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की समीक्षा करने, ब्लैक स्पॉट की पहचान करने और सड़क सुरक्षा के उपायों को लागू करने, मंडल स्तर पर सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने, दुर्घटनाओं की संख्या कम करने और सड़क को सुरक्षित बनाने को लेकर शुक्रवार को आयुक्त सभागार में आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा शशि भूषण लाल सुशील की अध्यक्षता में मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी।

आयुक्त ने मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए परिवहन विभाग, यातायात विभाग, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग व सड़क निमार्ण एजेन्सियों को आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि किसी भी नाबालिक को ई रिक्शा चलाने ना दिया जाए नाबालिक द्वारा ई रिक्शा



चलाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाये।

उन्होंने सड़क सुरक्षा को एक व्यापक और महत्वपूर्ण विषय बताते हुए सड़क दुर्घटनाओं को कम करने हेतु सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने की हितायत दी। उन्होंने कहा कालेजों में निरीक्षण कर छात्र छात्राओं को दोपहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट पहनने को लेकर प्रोत्साहित करें। उन्होंने परिवहन विभाग को टीम बनाकर ओवरलोड व बिना हेल्मेट, सीट वेल्ट आदि अभियोगों में मैनुअल चालान करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने पीडब्ल्यूडी को ब्लैक स्पॉट का सुधारीकरण कराते हुए 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। आयुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित परिवहन विभाग के साथ-साथ शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी स्कूली वाहनों के मानकों पर नजर रखने हेतु निर्देशित किया गया।

उन्होंने विद्यालयों के रोड सेफ्टी क्लब के गठन का दायरा बढ़ाते हुए इसकी कार्यशैली को अधिक उपयोगी बनाने की हितायत दी गयी। परिवहन निगम के अधिकारियो को निर्देश दिये कि चालकों को गलत तरीके से बसों को सड़क पर खड़ा न करने हेतु निर्देशित करें। चालकों व परिचालकों का नियमित स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण कराने के साथ ही साथ उनको यातायात के समस्त नियमों के बारे में भी जागरूक किया जाये। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, संयुक्त विकास आयुक्त राकेश कुमार पाण्डेय, संयुक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा ओम प्रकाश गुप्ता, अपर निदेशक, विकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित समस्त संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ट्रेज इंडिया-2025 में यूपी के इको-टूरिज्म की धूम

### अमेरिका- जर्मनी समेत कई देशों के टूर ऑपरेटर हुए प्रभावित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन को वैश्विक मानचित्र पर सशक्त पहचान दिलाने की दिशा में एक और कदम तब जुड़ा, जब नई दिल्ली में आयोजित 'ट्रेज इंडिया-2025' में यूपी की इको-टूरिज्म संभावनाओं ने विदेशी टूर ऑपरेटरों को प्रभावित किया।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने जानकारी दी कि इस आयोजन में 'यूएसए, जर्मनी, फ्रांस, यूके, ऑस्ट्रेलिया' जैसे देशों के टूर ऑपर-टरों के साथ-साथ देश के शीर्ष ट्रैवल एजेंट्स और डेस्टिनेशन मैनेजमेंट कंपनियों ने भाग लिया। इसमें बुंदेलखंड क्षेत्र को विशेष रुचि मिली, जिससे इस क्षेत्र में पर्यटन को नया आयाम मिलने की संभावना है।

श्री सिंह ने बताया कि यूपी देश का नंबर-1 घरेलू पर्यटन गंतव्य है,



और अब विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के प्रयास तेज किए जा रहे हैं। ट्रेज इंडिया-2025 इस दिशा में एक प्रभावशाली मंच साबित हो रहा है। इस दो दिवसीय आयोजन में 50 अंतरराष्ट्रीय टूर ऑपरेटर, 80 डेस्टिनेशन मैनेजमेंट कंपनियाँ, 40 लक्जरी घरेलू ट्रैवल एजेंट्स, और प्रभावशाली सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शामिल हुए।

इस आयोजन में राज्य के पर्यटन उद्यमियों जैसे अमरेश प्रताप सिंह (प्लांटर्स बंगला), शैलेंद्र सिंह (माय मॉम्स विलेज), दिव्योदित सिंह (तिरवा कोठी), दीपक गुप्ता (गुलमोहर रिसॉर्ट)और अली खान (महमूदाबाद एस्टेट) सहित विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

### पर्यटन मंत्री ने की आयोजन की सराहना

मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि ट्रेज इंडिया-2025 यूपी की सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक स्थलों और अनुभवात्मक पर्यटन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने का सशक्त अवसर है। उन्होंने इसे हरित और प्लास्टिक-मुक्त आयोजन बताते हुए कहा कि यह पहल स्थानीय समुदायों और परंपराओं को भी सशक्त बनाने में मददगार है।

# राहुल गांधी दीर्घकालीन प्रयासों का परिणाम है कि केन्द्र की मोदी सरकार को जातिगत जनगणना कराने के लिए बाध्य होना पड़ा : पंकज तिवारी

» नेशनल एक्सप्रेस

**रायबरेली** - अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश के सभी जनपदों में राहुल गांधी द्वारा जातिगत जनगणना कराये जाने हेतु केन्द्र सरकार को बाध्य करने के लिए किये गये प्रयासों के लिए जिला व शहर कांग्रेस कमेटी रायबरेली द्वारा धन्यवाद जुलूस कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी के नेतृत्व में तिलक भवन से घंटाघर, सुपर मार्केट होते हुए बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा तक निकाला गया।

उक्त जानकारी देते हुए कार्यवाहक प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि ह्लधन्यवाद जुलूस में बड़ी संख्या में जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन की उपस्थिति रही।

इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि जाति जनगणना से पिछड़े, अति पिछड़े वर्ग के बारे में शिक्षा, सामाजिक, राजनीति और आर्थिक स्थिति को लेकर स्पष्टता आयेगी तब सरकार भी उनके लिए और मजबूती के साथ नीतियां बना पायेगी और आवश्यकता पड़ने पर उनकी समुचित सहायता की जा सकेगी, जिलाध्यक्ष ने कहा कि जातिगत जनगणना से वंचित समूहों की पहचान होगी।

इसके जरिए हाशिये पर छोड़े गये अलग-अलग जातियों के समूहों की सामाजिक असामनता दूर की जा सकेगी उन्होंने कहा कि लोकसभा प्रतिपक्ष के नेता जन नायक राहुल गांधी लम्बे समय से सरकार को बाध्य कर रहे थे कि देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए, उनके प्रयासों के आगे मोदी सरकार को आखिरकार झुकना पड़ा, हम सभी




अपने नेता के संघर्ष और प्रयासों के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते है और सरकार से अविलम्ब जातिगत जनगणना कराने की मांग करते है ताकि यह सिर्फ सरकारी घोषणा न बनकर रह जाए। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि जातिगत जनगणना से मोदी सरकार घबराई हुई थी, भाजपा सरकार और भाजपा नेताओं द्वारा इसके नुकसान गिनाये जा रहे थे, लेकिन राहुल गांधी बराबर संसद से सड़क तक जातिगत जनगणना की मांग उठाते रहे, उनके इन्हीं प्रयासों के आगे मोदी सरकार को झुकना पड़ा और जातिगत जनगणना कराने की घोषणा करनी पड़ी।

धन्यवाद जुलूस में मुख्य रुप से विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ल, अतुल सिंह, हाजी इलियास, सईदुल हसन, वीरेन्द्र यादव, शूजा खान गांधी, अजीत सिंह, संतोष त्रिवेदी, नौशाद खतीब, आशीष द्विवेदी, राजकुमार दीक्षित, मनोजि तिवारी, मो. जफरूल, घनश्याम शुक्ला, अनुज सिंह, अजय सिंह, शैलजा सिंह, सुरेश पासी, अनुरूद्ध दीक्षित, सतीश पासवान, मनोज मिश्रा, अमय त्रिवेदी, सर्वोत्तम मिश्रा, सुनील कुमार, मनोज त्रिवेदी, आर. के. सिंह, मो. अशरफ, कामता नाथ सिंह, प्रमोद बाजपेई, कामता प्रसाद गौड, केशन लाल लोधी, विनोद प्रताप सिंह, अरूण यादव, हाजी उस्मान, साजू नकवी, के.सी. शुक्ला, मनीष सोनकर, संजय श्रीवास्तव, सोनू खान, सै. अरशद अली, अखिलेश मिश्रा, राशिद अंसारी, मो. सुहैल, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, महेश्वर सिंह, सुमित कुमार विमल, शान जैदी, सफ्फू खान सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो मजदूरों की मौत , छाया मातम

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।







सिरसागंज । थाना नसीरपुर क्षेत्र के गांव कुतुबपुर शेरपुर में शुक्रवार सुबह अचानक तेज आंधी बरसात के चलते आकाशीय बिजली गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई व एक घायल हो गया। थाना नसीरपुर क्षेत्र के गांव कुतुबपुर में शुक्रवार को सुबह मनरेगा द्वारा नाला सफाई का कार्य चल रहा था। जिसमें करीब 15 मजदूर कार्य कर रहे थे, तभी अचानक तेज आंधी और बारिश आ गई । मजदूर काम बंद कर जा रहे थे, तीन मजदूरों ने आंधी से बचने के लिए एक पेड़ का सहारा लिया और उसके नीचे बैठ गए। तभी तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली तीनों मजदूरों पर गिरी ।जिससे ,सत्येंद्र पुत्र घमंडी लाल उम्र 34 वर्ष, विष्णु पुत्र रामस्वरूप संखवार उम्र 35 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई व देवेंद्र पुत्र वीरेंद्र सिंह संखवार उम्र 35 वर्ष निवासीगण कुतुबपुर शेरपुर थाना नसीरपुर फिरोजाबाद गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी नसीरपुर, तहसीलदार सिरसागंज सुशील कुमार, कानूनगो अनवेल सिंह, लेखपाल गौरव कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिरसागंज डॉक्टर कपिल यादव मौके पर पहुंच गए । पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों ने आपदा में मृतकों के परिजनों की प्रशासन द्वारा आर्थिक मदद की मांग की है।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद प्रदेश अध्यक्ष का जनपद में रहा दौरा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



टूंडला । राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष इंजी. हरीकिशोर तिवारी का जनपद में दौरा रहा । इस दौरान वे उसायनी, पचोखरा , श्रीनगर, तहसील परिसर टूंडला पहुंचे । इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष पचोखरा पशु हाट मालिक बृजेश उपाध्याय के यहां शोक संवेदना व्यक्त करने भी पहुंचे । वहीं तहसील में बैठक के दौरान पुरानी पेंशन बहाली,व कर्मचारी हितार्थ अन्य मांगो पर परिचर्चा की उनके साथ अजीत उपाध्याय प्रांतीय महामंत्री कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ, प्रमोद शर्मा( जिलाध्यक्ष) नीरज मिश्रा,योगेन्द्र उपाध्याय, सुनील टैगोर, धर्मेंद्र यादव,शैलेन्द्र सिंह,राहुल त्यागी सहित समस्त लेखपाल अमीन व अन्य तहसील स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष का पटका,शाल,पुष्पमाला आदि से स्वागत अभिनंदन सर्वप्रथम योगेन्द्र उपाध्याय व अजीत उपाध्याय ने किया वही समस्त कर्मचारियों ने पुष्पमाला पहनाकर गर्म जोशी से स्वागत किया।

## बेटी की शादी से पहले आकाशीय बिजली गिरने से पिता की हुई मौत



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद। जनपद के थाना एका क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। थाना क्षेत्र के गांव पवरई में शुक्रवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक दूध व्यवसायी की मौत हो गई। मृतक की पहचान 47 वर्षीय जयदयाल के रूप में हुई है।

बताया गया कि जयदयाल सुबह मोटरसाइकिल से दूध लेकर वापस घर लौट रहे थे। गांव से कुछ दूरी पर उन पर आकाशीय बिजली गिर गई। इस हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने पुलिस को बताया कि जयदयाल की इकलौती बेटी मनोरमा की शादी 4 मई को होनी थी। 3 मई को मंडप था। 20 वर्षीय मनोरमा की शादी नगला धारा थाना एका निवासी दिलीप के साथ तय हुई थी। परिवार शादी की तैयारियों में व्यस्त था। जयदयाल का एक बेटा सनी भी है, जिसकी शादी पहले ही हो चुकी है। एसपी ग्रामीण अखिलेश भदोरिया ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## मजदूर का शव नाले में मिलने से हड़कंप

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद । जनपद के थाना दक्षिण क्षेत्र में एक मोती फैक्ट्री में कार्य करने वाले एक मजदूर की मौत का मामला सामने आया है। 40 वर्षीय मृतक मजदूर सत्यपाल का शव शुक्रवार सुबह नाले से बरामद हुआ। जानकारी करने पर बताया गया कि सत्यपाल मूल रूप से फरुर्खाबाद का रहने वाले थे । वे थाना दक्षिण क्षेत्र के हिमायूपुर में किराए के मकान में अपने परिवार में एक बेटा और दो बेटियों के साथ रहते थे परिजनों के अनुसार, सत्यपाल बुधवार को फैक्ट्री में काम करने के लिए घर से निकले थे। वे शाम को घर वापस नहीं लौटे। परिवार ने काफी खोजबीन की। पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई गई।लेकिन कोई पता नहीं चला । राहगीरों ने शुक्रवार सुबह नाले में शव देखा और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने ही परिजनों में कोहराम मच गया । वहीं कोतवाली दक्षिण प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र पाल सिंह के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

## छेंकुर बाबा के उर्स पर चार दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।

शिकोहाबाद । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामबदन के निर्देशन में शिवा पर्यावरण कृषि एवं महिला उत्थान सेवा समिति और धनपुरा सी ० एच ०सी ० के तत्वाधान में छेंकुर बाबा के वार्षिक उर्स के अवसर पर आयोजित चार दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन जिला संयुक्त चिकित्सालय, शिकोहाबाद के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा०रमेश चंद्र केशव और ठाकुर सुशील कुमार सिंह मेला अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शिविर के उद्घाटन के अवसर पर प्रमुख चिकित्सकों में डॉ. श्याम मोहन गुप्ता, डा ० मोहित सिंघल, डा0 विजय यादव , डा.विक्रम बहादुर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर कल्पतरु जीवन फाउंडेशन के संस्थापक राजेश गुप्ता एवं मेला कमेटी के सचिव प्रीतम सिंह यादव, ठाकुर प्रतीक सिंह सी ए अमेरिका,अतुल मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



शिवा पर्यावरण समिति के सचिव राम प्रकाश गुप्ता ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया और क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने का आह्वान किया। इस चार दिवसीय शिविर में सामान्य रोग परीक्षण, नेत्र परीक्षण, बीपी व शुगर की जांच सहित विभिन्न चिकित्सा सुविधाएँ निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। समिति का उद्देश्य ग्रामीण एवं जरूरतमंद नागरिकों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना है। धनपुरा सी एच सी के चीफ फार्मासिस्ट योगेंद्र, फार्मासिस्ट, एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव,मोहर सिंह, रामवीर यादव, संजू यादव ,दिनेश यादव,मुकेश गुप्ता, श्रीमती आरती देवी आज का कैंप में सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन राजेश गुप्ता द्वारा किया गया व समिति के सचिव राम प्रकाश गुप्ता ने आभार प्रकट किया।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व जिला पंचायत सदस्य के बेटे ने लगाई सुरक्षा की गुहार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद/टूंडला। बीते दिनों गांव मोहम्मदाबाद में पूर्व जिला पंचायत सदस्य पप्पू कुशवाह की हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड के बाद मृतक के पुत्र प्रिंस को अपनी जान का खतरा महसूस हो रहा है। गुरुवार को मृतक के पुत्र ने फिरोजाबाद एसएसपी सौरभ दीक्षित को प्रार्थना पत्र सौंप कर अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है। 26 अप्रैल को बसपा के पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद कुमार उर्फ पप्पू कुशवाह की गोलियों से भून कर व चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। जिसकी तहरीर विनोद कुमार पप्पू के पुत्र प्रिंस ने थाने में हत्या में शामिल गांव के लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मृतक का पुत्र अकेला कोर्ट की तारीख पर जाता रहता है। तहरीर के आधार पर उक्त अभियुक्तों में से दो लोग फरार हैं। जिससे मृतक के पुत्र को अपनी जान का खतरा महसूस हो रहा है। एसएसपी ने पीड़ित को उसकी सुरक्षा का पूरा भरोसा दिलाया है।

### टूंडला तहसील दिवस में डीएम एसएसपी सुनेंगे जनता की समस्याएं

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद । जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में आज शनिवार को तहसील टूण्डला में प्रातः 10 बजे से अपराहन 2 बजे तक सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा, जिसमें जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं सभी जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर जनता की समस्यायें सुनेंगे और उनका निस्तारण करायेंगे। इसके अतिरिक्त जनपद की समस्त तहसील सभागार में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन भी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रातः 10 बजे से सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उपस्थित रहकर जन शिकायतों का प्रभावी निस्तारण करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।

### श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का हुआ मार्मिक वर्णन



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/जसराना-सिकंदरपुर पाढ़म कस्बे में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन कथा वाचक पं. श्याम शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण और भक्तिभाव से परिपूर्ण वर्णन किया। जैसे ही शास्त्रीजी ने पूतना वध, शकट भंजन, तृणावर्त वध एवं यशोदा द्वारा श्रीकृष्ण को ऊखल से बांधने जैसी लीलाओं का वर्णन प्रारंभ किया, श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने लगी थी। कथा के दौरान वातावरण 'जय श्रीकृष्ण' के जयघोष से गूंज उठा। महिला और पुरुष श्रद्धालु भजन-कीर्तन में लीन नजर आए। आयोजकों ने श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण और बैठने की समुचित व्यवस्था की थी। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के अंतर्गत अगले दिन गोवर्धन लीला और रास लीला का वर्णन किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से कथा श्रवण हेतु उपस्थित रहने की अपील की।

## डीजे पर डांस को लेकर हुए विवाद में चले लाठी डंडे, बिन दुल्हन बारात वापस

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।




फिरोजाबाद । जनपद में बारात में डांस करने पर हुए झगड़े के कारण बारात वापस जाने का मामला सामने आया है । बताया गया कि पंचायत तथा समझाने के बाद भी दूल्हा ने शादी करने से इनकार कर दिया। वहीं मामले में दुल्हन ने जिला मुख्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र देते हुए कार्यवाही की मांग की ।

मामला जनपद के थाना मटसैना स्थिति संतोषी गेस्ट हाउस का है जहां पर नगला मवासी निवासी कुंवर सिंह की बेटी रेनू उम्र 23 वर्ष की शादी की जनपद के थाना टूंडला क्षेत्र के नगला गोला निवासी रामबाबू लोधी के पुत्र अमन उम्र 25 वर्ष से तय हुई थी जिसकी बारात गुरुवार रात बड़े ही धूमधाम से आई । इस दौरान घराती सभी बारातियों के स्वागत की तैयारी में लगे थे इसी दौरान डीजे पर डांस करने को लेकर बरती और घराती पक्षों झगड़ा हो गया और झगड़ा इतना बढ़ गया कि लाठी डंडे चलने और दूल्हे के भांजे के गंभीर चोटें लग गईं और सिर से खून बहने लग गया ।

पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया तथा शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए दोनों पक्ष के 10 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर लिया ।

वहीं बताया गया कि झगड़ा डीजे पर दूल्हे पक्ष से डांस कर रही लड़कियों को दुल्हन पक्ष के एक व्यक्ति द्वारा पैसे देने को लेकर हुआ था । पुलिस तथा स्थानीय लोगों ने लड़के को शादी के लिए मानने की कोशिश की लेकिन लड़का किसी भी कीमत पर शादी न करने की जिद पर अड गया और रात में ही दूल्हा व बारात वापिस लौट गई । जिसके बाद शुक्रवार सुबह दुल्हन अपने परिजनों के साथ डीएम ऑफिस तथा एसएसपी ऑफिस पहुंची जहां उसने दूल्हा पक्ष के खिलाफ कार्यवाही की मांग की ।

## सीडीओ शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में हुई जीरो पॉवर्टी की समीक्षा बैठक




नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो विपिन कुमार

फिरोजाबाद । जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्ग निर्देशन में और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में जीरो पॉवर्टी की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार कक्ष में आयोजित की गई, इस बैठक में इस महत्वपूर्ण उद्देश्य से जुड़े 11 विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें मुख्य रूप से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम बदन राम, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, उपनिदेशक कृषि, सहायक श्रमायुक्त, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला दिव्यांगजन अधिकारी के साथ-साथ सभी खंड विकास अधिकारियों ने प्रतिभाग किया, मुख्य विकास अधिकारी ने सर्वप्रथम जीरो पॉवर्टी हेतु सबसे आवश्यक तत्व स्वास्थ्य विभाग से बनने वाले आयुष्मान कार्ड की बात कहीं, क्योंकि अक्सर यह देखा गया है कि स्वास्थ्य पर अधिकाधिक खर्च होने के कारण व्यक्ति मध्यम वर्ग से निम्न वर्ग और निम्न वर्ग का व्यक्ति अति निम्न वर्ग में शामिल हो जाता है।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद के हर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड अवश्य बने, कोई भी पात्र व्यक्ति ऐसा न छूटे जिसका आयुष्मान कार्ड न बना हो, दूसरा इसका सबसे महत्वपूर्ण घटक प्रधानमंत्री आवास योजना है, मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा पात्र लाभार्थियों को आवास योजना के तहत शामिल करें, कोई ऐसा जनपद में पात्र व्यक्ति न रहे जो इस योजना से वंचित हो, इसी तरह जनपद में अब तक राशन कार्ड बनाए जाने हेतु लाभार्थियों की संख्या 1837 है जिसमें 1723 लाभार्थियों का स्थलीय परीक्षण कराया जा चुका है, इसी तरह जनपद के श्रमिकों को ज्यादा से ज्यादा सरकार की योजना का लाभ दिलाना वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन पात्र व्यक्तियों को दिलाने का कार्य अनिवार्य रूप से करायें, मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो, सभी सम्बन्धित अधिकारी अपने यहां संचालित योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को आच्छादित कर इसका लाभ दिलायें।

## चोरों का आतंक जारी, किसान बैट्री हाउस से की लाखों की चोरी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

**पांच दिन में दो दुकानों में चोरों ने दिया चोरी को अंजाम, पुलिस को दी चुनौती**

टूंडला ।बीती रात एटा रोड पर स्थित एक दुकान में चोरों ने चोरी को अंजाम दे दिया ।पीड़ित दुकानदार ने थाने में तहरीर दी है ।पीड़ित दुकानदार रहीस खान ने तहरीर के माध्यम से बताया कि गुरुवार देर रात्रि को करीब 10 बजे अपनी किसान बेटसी हाउस के नाम से दुकान को बंद करके अपने घर चला गया था ।जब शुक्रवार को सुबह करीब 10 बजे अपनी दुकान खोलने आया तो देखा कि दुकान के ताले टूटे पड़ें हैं और सटर खोलकर देखा तो करीब 10 बैटरे बडे व 5 बैटरे छोटे व तीन इनवर्टर और पार्टस गायब थे ।मैंने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को फोन किया। इसी क्रम में 27 अप्रैल की रात को भी चोरों ने किसान बैटरी हाउस के बगल से ही राना स्वीट कार्नर में चोरी की घटना को अंजाम दिया था ।जिसमें तीन सिलेंडर भरे 14 किग्रा व 2 सिलेंडर खाली व कुछ चीनी के कट्टे चोर चोरी कर ले गए थे ।जिसकी तहरीर पीड़ित ने थाना पुलिस को दी थी ।लेकिन चोर अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है।

## मृत व्यक्ति की जमीन का करा लिया था फर्जी बैनामा, दो गिरफ्तार

**तहसील शिकोहाबाद के गांव शेखूपुर का है मामला, खेती मालिक की हो चुकी है 15 वर्ष पूर्व मौत**

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।



फिरोजाबाद। मृत किसान की जगह दूसरे व्यक्ति को खडा कर जमीन का बैनामा कराने के आरोपी दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जनवरी माह में पुलिस ने अदालत के निर्देश पर मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में दविश दे रही है। फर्जी तरीके से बैनामा करने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है।

शेखूपुर हाथवंत निवासी अजंट सिंह की गांव में ही कृषि योग्य भूमि है। पास में ही मोहल्ला कोटला फिरोजाबाद निवासी सुनील कुमार की जमीन है। सुनील उस जमीन पर ईंट बनाने क कार्य करते हैं। मोहर सिंह निवासी रसूलपुर थाना मटसैना एवं राजेश यादव निवासी निजामपुर गढूमा थाना शिकोहाबाद ने जमीन को खाली करने को कहा। दोनों ने बताया अजंट सिंह ने उनके नाम बैनामा कर दिया है। अजंट सिंह की 15 वर्ष मृत्यु हो चुकी थी। इसी बात को लेकर सुनील ने जसराना के रजिस्ट्रार कार्यालय से बैनामा की नकल निकलवाई तो अजंट सिंह की जगह किसी अन्य व्यक्ति को खडा कर बैनामा करने का मामला सामने आया। सुनील ने मोहर सिंह एवं राजेश यादव के साथ रवी प्रकाश, चंद्रप्रकाश निवासीगण शेखूपुर थाना खैरगढ़, कमलेश, रजनेश कुमार निवासीगण निजामपुर गढूमा थाना शिकोहाबाद के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर थाना जसराना में फर्जी एवं कूटरचित तरीके से बैनामा कराने का मामला दर्ज करा दिया। पुलिस ने पूरे मामले की पडताल की तो मामला सही निकला। पुलिस ने बृहस्पतिवार को मामले में आरोपी मोहर सिह रसूलपुर थाना मक्खनपुर एवं रविप्रकाश निवासी शेखपुरा थाना खेरगढ को गिरफ्तार कर न्यायालय के निर्देश पर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह ने बताया फर्जी बैनामा कराने के आरोप में दो लोगों को जेल भेजा गया है। अन्य की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ने राजगीर खेल अकादमी-सह-खेल विश्वविद्यालय में नवनिर्मित खेल सुविधाओं का किया लोकार्पण

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 की तैयारियों का लिया जायजा,बिहार पुलिस अकादमी का किया निरीक्षण,अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार



**पटना(बिहार)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज नालंदा जिला के राजगीर में राजगीर खेल अकादमी-सह-खेल विश्वविद्यालय में नवनिर्मित खेल सुविधाओं का लोकार्पण किया।इसके तहत मुख्यमंत्री ने राजगीर खेल अकादमी-सह-खेल विश्वविद्यालय में निर्मित इंडोर हॉल संख्या-2,बास्केटबॉल कोर्ट,हैंडबॉल कोर्ट,वॉलीबॉल कोर्ट एवं हॉकी प्रैक्टिस टर्फ का शिलापट्ट अनावरण एवं फीता काटकर लोकार्पण किया।लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने इंडोर हॉल संख्या-2,बास्केटबॉल कोर्ट,हैंडबॉल कोर्ट,वॉलीबॉल कोर्ट एवं हॉकी प्रैक्टिस टर्फ का जायजा लिया और इस अवसर पर गुब्बारा भी उड़ाया।निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री का ताली बजाकर स्वागत किया।मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्द्धन किया और कहा कि खूब बढ़िया से प्रैक्टिस करें और आगे बढ़ें।उन्होंने वहां संचालित ब्वॉयज और गर्ल्स हॉस्टल में दी जा रही सुविधाओं की भी जानकारी ली।साथ ही राज्य खेल अकादमी में खिलाड़ियों को उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी जाना।मुख्यमंत्री ने राजगीर में आयोजित होनेवाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स,2025 की तैयारियों का जायजा लिया।उन्होंने खेल मैदान एवं खेल ट्रैक को भी देखा।इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य खेल अकादमी में खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधा का इंतजाम किया गया है।सभी चीजों का निर्माण अच्छे ढंग से कराया गया है।खेलो इंडिया यूथ गेम्स,2025 का बेहतर ढंग से आयोजन हो,इसका ध्यान रखें।इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बिहार पुलिस अकादमी का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने स्वीमिंग पूल,मॉडल थाना का जायजा लिया।वहां पुलिस के लिए वर्दी सिलाई करनेवाली जीविका दीदियों से भी बातचीत की।उन्होंने क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया।वहां पहले से तीन लैब कार्यरत हैं और चौथे लैब की आज मुख्यमंत्री ने शुरूआत की।मुख्यमंत्री ने बिहार पुलिस अकादमी के पासिंग आउट परेड ग्राउंड का भी निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार पुलिस अकादमी का निर्माण बेहतर ढंग से कराया गया है और सारी सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया है।यहां प्रशिक्षण की अच्छी व्यवस्था की गई है।उन्होंने कहा कि यहां पर बिहार पुलिस और बिहार पुलिस के अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्य का संचालन बेहतर ढंग से कराते रहें।इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी,जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री सह नालंदा जिला के प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार,भवन निर्माण मंत्री जयंत राज,खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता,पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ.सुनील कुमार,सांसद कौशलेंद्र कुमार,विधायक कौशल किशोर,विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया,पूर्व विधायक ई.सुनील सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण,मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार,बिहार खेल विश्वविद्यालय के कुलपति शिशिर सिन्हा, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार,गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी,बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के महानिदेशक सह अध्यक्ष आलोक राज,बिहार पुलिस अकादमी की निदेशक श्रीमती आर.मल्लार विजी,मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार,भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि,पटना प्रमंडल के आयुक्त मयंक वरबड़े,खेल विभाग के निदेशक महेंद्र कुमार,नालंदा जिला के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर,पुलिस अधीक्षक भारत सोनी सहित अन्य वरीय अधिकारी,खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक उपस्थित थे।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम, पाटलीपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से जुड़ी सड़कों के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती

स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार




- खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव बी राजेन्दर और डीजीपी विनय कुमार ने लिया सुरक्षा तैयारियों का जायजा

**पटना(बिहार)।** बिहार में पहली बार सज रहे खेलों के महाकुंभ खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित पाटलीपुत्रा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और उससे जुडने वाली सभी सड़कों पर ट्रैफिक को सुचारु बनाए रखने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है।ताकि न सिर्फ खिलाड़ियों और उनके सपोर्ट स्टाफ को बल्कि खेलों के इस महाकुंभ में आने वाले दर्शकों को भी किसी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव बी राजेन्दर,राज्य के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रण शंकरण ने पूरे दलबल के साथ गुरुवार को पाटलीपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में की गई सुरक्षा व्यवस्था का जायज लिया।उन्होंने खिलाड़ियों,उनके प्रशिक्षकों और सपोर्ट स्टाफ के साथ-साथ दर्शकों की सुरक्षा इंतजामों का भी निरीक्षण किया। पाटलीपुत्रा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से जुड़ी सड़कों की ट्रैफिक व्यवस्था का भी उन्होंने जायज लिया और पटना पुलिस के वरीय अधियाकरियों को कई जरूरी निर्देश भी दिए।इस खेल महाकुंभ का उद्घाटन 4 मई को तथा समापन समारोह आगामी 15 को राजधानी पटना के पाटलीपुत्रा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ही होगा।इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया उपस्थित रहेंगे जबकि इस खेल महाकुंभ का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडिओ कॉन्फ्रेंसिंग से करेंगे।इन खेलों में देश के सभी 28 राज्यों और सात केंद्र शासित प्रदेशों से दस हजार खिलाड़ी,खेल प्रशिक्षक और उनके सपोर्ट स्टाफ शिरकत कर रहे हैं।यह पहला मौका है जब बिहार की राजधानी पटना सहित राज्य के चार अन्य शहरों में राष्ट्रीय स्तर पर खेलों का आयोजन किया जा रहा है।बताते चलें कि पटना के अलावा राजगीर में नवनिर्मित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स,गया,भागलपुर और बेगूसराय में कुल 28 खेलों का आयोजन किया जा रहा है।

# पीएम मोदी के मास्टर स्ट्रोक के बाद जातिवादी पार्टियों में बौखलाहट : मंगल पांडेय,मंत्री

## राजद-कांग्रेस में जाति जनगणना की घोषणा का श्रेय लेने की होड़

स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार

**पटना(बिहार)।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि राजद-कांग्रेस में जाति गणना की घोषणा का श्रेय लेने की होड़ लगी है।कांग्रेस नेता राहुल गांधी का कहना है कि जाति जनगणना हमारा विजन है,वहीं राजद के तेजस्वी यादव का कहना है कि उनके पिता लालू यादव पिछले 30 सालों से जाति गणना की मांग करते रहे हैं। दरअसल इन दोनों का दावा हास्यास्पद है।पीएम नरेंद्र मोदी जी के मास्टर स्ट्रोक के बाद जातिवादी पार्टियों में बौखलाहट आम बात है।श्री पाण्डेय ने कहा कि राहुल गांधी को बताना चाहिए कि आजादी के बाद के छह दशकों से ज्यादा समय तक देश में किसका शासन था?1951 और बाद के वर्षों में नेहरू जी, इंदिरा जी व राजीव गांधी जी



को जाति गणना कराने से किसने रोका? 2004 से 2014 तक किसकी सरकार थी? 2011में हुई गणना की रिपोर्ट कांग्रेस की सरकार ने क्यों नहीं सार्वजनिक की?

2015 में कांग्रेस की कर्नाटक सरकार द्वारा कराई गई जातीय गणना की रिपोर्ट क्यों नहीं प्रकाशित की गई? यूपीए-1 और-2 की सरकार में लालू यादव किंग मेकर की भूमिका में थे।इसके पहले 90 के दशक में भी लालू यादव की दमदार राजनीतिक हैसियत थी,बावजूद उन्होंने जाति गणना कराने की कौन सी पहल की?श्री पाण्डेय ने कहा कि पिछले साल बिहार में हुए जातीय सर्वे को जहां तेजस्वी यादव अपनी उपलब्धियों में गिनाते नहीं थक रहे थे,वहीं,कुछ माह पहले बिहार आकर राहुल गांधी ने उसका उपहास उड़ाकर बिहारियों का अपमान किया था।दरअसल राजद-कांग्रेस की मंशा जाति गणना के जरिए समरस समाज का निर्माण,वंचित तबकों व पिछड़ी जातियों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करना नहीं,बल्कि उनका केवल राजनीतिक इस्तेमाल करना है।

# फर्जी केस करने के मामले में गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार

**पटना(बिहार)।** मोतिहारी में फर्जी लूट का कांड दर्ज कराने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।48 घंटे में एसआईटी टीम ने झूठ लूटकांड का पदार्फाश किया है। 30 अप्रैल को केसरिया में राहुल गिरी ने दो लाख रुपए लूटने का मामला दर्ज कराया था।

वैज्ञानिक जांच में पुलिस ने मामले का उद्भेदन किया।कर्ज से उबरने के लिए राहुल ने रचा था झूठा ड्रामा। एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा,इस तरह के और भी मामले आ रहे है सामने।पैसे पचाने की नियत से कलेक्शन एजेंट गलत झूठा दर्ज करा रहे है प्राथमिकी।ऐसे मामलों के तह तक जाएगी पुलिस।झूठा मुकदमा दर्ज कराने वाले पर पुलिस करेगी कड़ी कानूनी कारवाई।

# मछुआरों और मत्स्य पालकों के लिए वरदान है एनएफडीपी पोर्टल

## विभिन्न केंद्रीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए यहां रजिस्ट्रेशन है अनिवार्य

स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार



**पटना(बिहार)।** केंद्र सरकार मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है।इन योजनाओं का लाभ मत्स्य पालन और इसके व्यवसाय से जुड़े लोग उठा सकते हैं।केंद्र सरकार ने इससे जुड़े लोगों के विकास और उनकी आय में बढ़ोतरी के लिए नेशनल फिशरिज डिजिटल प्लेटफॉर्म या एन.एफ.डी.पी बनाया है।एन.एफ.डी.पी के जरिए मछली पालकों और उनकी सहकारी समितियों को ट्रेनिंग,वित्तीय जानकारी और योजना बनाने में मदद दी जाती है।इस पर रजिस्ट्रेशन कर मछुआरे अपनी डिजिटल पहचान प्राप्त कर सकते हैं।प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना के विभिन्न घटकों के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए एन.एफ.डी.पी पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना के अंतर्गत एन.एफ.डी.पी के माध्यम से मछुआरों,मत्स्य पालकों और सहायक श्रमिकों के स्व-पंजीकरण द्वारा असंठित क्षेत्र का औपचारिकीरण किया जा रहा है।इस पर मछुआरों के साथ ही मत्स्य पालक किसान, मछली विक्रेता और इससे जुड़े कार्यों से संबंधित लोग रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।इस वेब पोर्टल पर एन.एफ.डी.पी पर सूक्ष्म और लघु स्तर पर चलने वाले मत्स्य उद्यमों,मत्स्य सहकारी समितियों,स्वंय सहायता समूह, मत्स्य पालन से जुड़ी निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां रजिस्ट्रेशन करवा सकती हैं।अधिक जानकारी के लिए मत्स्य पालक एन.एफ.डी.पी के पोर्टल पर लॉग इन कर सकते हैं,इसका पता है (nfdp.dof.gov.in) एन.एफ.डी.पी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन दो स्तरों से किया जाता है।इसमें पहला व्यक्तिगत श्रेणी और दूसरा संगठन श्रेणी है।व्यक्तिगत श्रेणी में रजिस्ट्रेशन का विकल्प उन व्यक्तियों के लिए है,जो एनएफडीपी पोर्टल पर स्व-पंजीकरण या सहायता प्राप्त/सुविधा प्राप्त रजिस्ट्रेशन के रूप में रजिस्ट्रेशन करना चाहते हैं।व्यक्तिगत श्रेणी में रजिस्ट्रेशन के लिए आवश्यक डाक्यूमेंट्स की बात करें तो इसके लिए आधार कार्ड,मोबाइल नंबर जो आधार कार्ड में रजिस्टर हो,बैंक पासबुक या चेक का विवरण देना जरूरी है।संगठन श्रेणी में रजिस्ट्रेशन के लिए राजस्व आयुक्तों के पास पंजीकृत फार्म भागीदारी का नाम और टैक्स संदर्भ संख्या,वह पता जहां फार्म भागीदारी के रिकॉर्ड,पुस्तकें और अन्य दस्तावेज रखे जाने है।

# खेल

## संक्षिप्त समाचार

### लाहिड़ी ने लिव कोरिया में चार अंडर 68 का कार्ड खेला



इंचियोन (दक्षिण कोरिया) (भाषा) भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने शुक्रवार को यहां लिव गोल्फ कोरिया के पहले दिन चार अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। आठवें होल से शुरूआत करने वाले लाहिड़ी ने पांच बर्डी लगाईं और एक बोगी कर बैठे। यह 37 साल का खिलाड़ी अभी लिव तालिका में 26वें स्थान पर है। उन्होंने नौवे, 10वें और 14वें होल में बर्डी लगाई तथा 16वें होल में शॉट ड्रॉप कर बैठे। लाहिड़ी की टीम के साथी ब्रायसन डेचैम्ब्यू और टेलर गूच ने सात अंडर 65 के कार्ड बनाये जिससे दोनों संयुक्त बढ़त बनाए है।

### सनराइजर्स ने टाइटंस को बल्लेबाजी का मौका दिया

अहमदाबाद (भाषा) सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में टॉस जीतकर शुक्रवार को यहां पहले गेंदबाजी का फैसला किया। सनराइजर्स ने अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। टाइटंस ने करीम जनत की जगह शुरूआती एकादश में जेराल्ड कोएत्जी को मौका दिया है।

### भुल्लर संयुक्त छठे स्थान पर

सोल (भाषा) भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर शुक्रवार को यहां जीएस काल्टेक्स माएकयंग ओपन के दूसरे दौर के बाद पांच खिलाड़ियों के ग्रुप से एक शॉट पीछे संयुक्त छठे स्थान पर बने हुए हैं।कुछ समय के लिए भुल्लर छह अंडर से आगे बने हुए थे लेकिन 16वें और 17वें होल में लगातार बोगी से वह पिछड़ गए। अब वह रिचर्ड टी ली के साथ संयुक्त रूप से छठे स्थान पर बने हुए हैं। भुल्लर ने 12वें होल से लगातार तीन बर्डी लगाईं। थाईलैंड के जैज जेनवाटननॉन्ड ने दूसरे दौर में तीन अंडर-पार 68 का कार्ड बनाया जिससे वह डोयोन ह्वांग (66), वूयंग चो (70) और पहले राउंड के बाद शीर्ष पर रहे हीमिन चांग (71) के साथ पांच अंडर पर हैं। ये सभी कोरिया के हैं। एक अन्य कोरियाई ह्युंगहून ली भी 5 अंडर पर थे लेकिन उन्हें अभी सात होल और खेलने थे।

# क्रिकेट किट में हेलमेट की तरह मीडिया और तकनीक को अपनाएं : शास्त्री

मुंबई (भाषा) भारत के पूर्व कप्तान और कोच रवि शास्त्री ने शुक्रवार को मीडिया और तकनीक को क्रिकेट किट में हेलमेट की तरह करार देते हुए खिलाड़ियों को इसे अपनाने की सलाह देते दी और कहा कि इसके बिना खेल पिछले 40-45 वर्षों में जिस तरह विकसित हुआ है, वैसा नहीं होता।



शास्त्री ने कहा कि उनके खेलने के दिनों में केवल दो माध्यम रेडियो और दूरदर्शन (टीवी) थे लेकिन भारतीय टीम के 1983 विश्व कप जीतने के बाद क्रिकेट ने एक लंबा सफर तय किया है। इस 62 वर्षीय पूर्व दिग्गज ने यहां विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन सम्मेलन (वेव्स) में ह्यखेल, प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और मीडिया के अंतसंबंधह्न पर एक पैनल चर्चा के दौरान कहा, हमने पहली बार 1983 में विश्व कप जीता था। इसके बाद भारत ने पिछले 40 वर्षों में बहुत सारे टूनामेंट जीते हैं। हमने लोगों को सपने दिखाए। उन्होंने कहा, आपको हालांकि समर्थन की जरूरत होती है। यह ऐसा है जैसे आपके किट बैग में पैड हों, आपके किट बैग में क्रिकेट बैट हो, मीडिया किट बैग का हिस्सा है। मीडिया और प्रौद्योगिकी आपके क्रिकेट बैग में हेलमेट की तरह है; आप इसे खुशी-खुशी अपनाते हैं। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से प्रौद्योगिकी अब खेल का एक अनिवार्य हिस्सा है और खिलाड़ियों को यह जानना चाहिए कि खुद को विकसित करने के लिए इसका उपयोग कैसे किया जाए। उन्होंने कहा, आपको ऐसे में तकनीक को अच्छे से अपनाना चाहिये। एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) अब बड़े पैमाने पर काम आ रही है। यह आपके लाभ के लिए है। यह टीम के लाभ के लिए है और यह खेल के विकास के लिए है।

### संजू सैमसन विवाद पर टिप्पणी के लिये

# केसीए ने श्रीसंत पर तीन साल का प्रतिबंध लगाया

तिरूवनंतपुरम (भाषा) केरल क्रिकेट संघ (केसीए) ने चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये भारतीय टीम से संजू सैमसन के बाहर रहने को लेकर हुए विवाद के सिलसिले में उसके खिलाफ कथित तौर पर झूठे और अपमानजनक बयान देने पर भारत के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत को तीन साल के लिये निलंबित कर दिया है । केसीए ने एक बयान में कहा कि यह फैसला 30 अप्रैल को कोच्चि में उसकी आमसभा की विशेष बैठक में लिया गया ।



श्रीसंत ने अपने खिलाफ केसीए की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि मैंने क्या गलत किया है।

उन्होंने कहा कि उन्होंने केवल संजू के लिए समर्थन व्यक्त किया था, जो हमारे अपने राज्य के हैं। उन्होंने यहां समाचार चैनलों द्वारा प्रसारित एक वीडियो में कहा, मैंने केवल नेकी दिखाई है। मैंने संघ के खिलाफ और कुछ नहीं कहा है।

इस क्रिकेटर ने कहा, मैंने केवल इतना कहा था कि अगर संघ के लोग उच्च स्तर पर क्रिकेट खेल होते तो बेहतर होता। श्रीसंत इस समय केरल क्रिकेट लीग में कोल्लम एरीस टीम के सह मालिक हैं ।

इससे पहले उनके विवादित बयान के सिलसिले में श्रीसंत, कोल्लम टीम, अलपुझा टीम लीड और अलपुझा रिपल्स को कारण बताओ नोटिस जारी किये गए थे ।

बयान में कहा गया, फ्रेंचाइजी टीमों ने नोटिस का संतोषजनक जवाब दे दिया लिहाजा उनके खिलाफ आगे कोई कार्रवाई नहीं की गई है । लेकिन बैठक में तय किया गया कि टीम प्रबंधन के सदस्यों की नियुक्ति के समय काफी एहतियात बरतने की सलाह दी जायेगी ।

इसमें यह भी कहा गया कि संजू सैमसन के पिता सैमसन विश्वनाथ और दो अन्य के खिलाफ संजू सैमसन का नाम लेकर बेबुनियाद आरोप लगाने के लिये मुआवजे का दावा किया जायेगा । केसीए ने दो बार के विश्व कप विजेता श्रीसंत को एक मलयालम टीवी चैनल पर परिचर्चा के दौरान सैमसन और केसीए से जुड़ी टिप्पणियों के कारण नोटिस जारी किया ।

केसीए ने बयान में स्पष्ट किया कि नोटिस सैमसन का समर्थन करने के लिये नहीं दिया गया है बल्कि केसीए के खिलाफ भ्रामक और अपमानजनक टिप्पणियां करने पर दिया गया है ।

# टी20 मुंबई लीग : सूर्यकुमार ट्रायम्फ नाइट्स के आइकन खिलाड़ी, अय्यर सोबो मुंबई से जुड़े

मुंबई (भाषा) भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थईस्ट का आइकन खिलाड़ी चुना गया, जबकि श्रेयस अय्यर सोबो मुंबई फाल्कन्स की टीम से जुड़े।

टी20 लीग मुंबई के लिए शुक्रवार को यहां आइकन खिलाड़ियों के ड्राफ्ट के बाद मुंबई के रणजी ट्रॉफी कप्तान अजिंक्य रहाणे नमो बांद्रा ब्लास्टर्स के लिए खेलेंगे, जबकि भारतीय हरफनमौला शिवम दुबे आर्क्स अंधेरी टीम का हिस्सा होंगे।



भारतीय टेस्ट बल्लेबाज सरफराज खान आकाश टाइगर्स मुंबई वेस्टर्न सबर्ब्स टीम के आइकान खिलाड़ी बने जबकि तुषार देशपांडे को मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने आवंटित किया।

आठ टीमों का यह टूनार्मेंट 26 मई से 8 जून तक वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। शारदुल ठाकुर को ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स और पृथ्वी साव को नॉर्थ मुंबई पैंथर्स ने खरीदा।

मुंबई क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने बताया कि टी20 मुंबई लीग के तीसरे सत्र के लिए करीब 2,800 पंजीकरण प्राप्त करने के बाद अंतिम सूची में 400 खिलाड़ियों के नाम है। नीलामी का आयोजन सात मई को होगा।

भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर और दिलीप वेंगसरकर भी लीग से जुड़े रहेंगे, लेकिन उनकी भूमिका का खुलासा बाद में किया जाएगा। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा इस लीग के ब्रांड एंबेसडर है। इस लीग के शुरूआती दो सत्र का आयोजन 2018 और 2019 में हुआ था।

नाइक ने पुष्टि की कि भारतीय खिलाड़ियों को उनकी भागीदारी के लिए 20-20 लाख रुपये मिलेंगे। इन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय टीम और चोटिल नहीं होने पर इस लीग के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है।

नाइक ने मीडिया से कहा, मुंबई के भारतीय खिलाड़ी टी20 मुंबई लीग में भाग लेने के लिए सहमत हो गए हैं, जो हमारे उभरते खिलाड़ियों को बड़े मंच पर खुद को साबित करने के लिए बहुत प्रेरणा और ऊर्जा देगा।

उन्होंने कहा, आठ टीमें नीलामी में भाग लेंगी। नीलामी में शामिल 400 नामों में से अंडर-23 और अंडर-19 के खिलाड़ी भी है। हर टीम कुल 18 खिलाड़ी होंगे जिसमें से टीमों को एकादश में अंडर-19 स्तर के एक खिलाड़ी को रखना होगा।

# भारतीय डिफेंडर सुभाशीष बोस वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी, महिला वर्ग में सौम्या को पुरस्कार

भुवनेश्वर (भाषा) भारतीय डिफेंडर और मोहन बागान सुपर जायंट्स के कप्तान सुभाशीष बोस को एक यादगार सत्र के बाद शुक्रवार को देश का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया जबकि ईस्ट बंगाल एफसी की स्ट्राइकर सौम्या गुगुलोथ ने महिला वर्ग में यह सम्मान प्राप्त किया।



बोस के नेतृत्व में मोहन बागान सुपर जायंट्स ने एक ही सत्र में लीग विनर्स शील्ड और आईएसएल कप दोनों जीतकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में ऐतिहासिक दो खिताब जीते।

पिछले महीने फाइनल में बेंगलुरु एफसी पर उसने 2-1 से जीत हासिल की। इससे मोहन बागान आईएसएल इतिहास में 2020-21 में मुंबई सिटी एफसी के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली केवल दूसरी टीम बन गई। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) द्वारा आयोजित पुरस्कार समारोह के दौरान जमशेदपुर एफसी के कोच खालिद जमील को लगातार दूसरी बार वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष कोच चुना गया। सुजाता कर को भारतीय महिला लीग में श्रीभूमि एफसी को तीसरे स्थान पर पहुंचाने के लिए वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला कोच का पुरस्कार दिया गया। मिडफील्ड के मास्टर-माइंड ब्रिसन फर्नांडस को वर्ष का सबसे उदीयमान पुरुष खिलाड़ी चुना गया जबकि 18 वर्षीय डिफेंडर थोईबिसना चानू ने वर्ष की सर्वश्रेष्ठ होनहार महिला खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। विशाल कैथ ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलकीपर का पुरस्कार जीता जबकि पंथोई चानू ने आईडब्ल्यूएल में शानदार प्रदर्शन के लिए महिला वर्ग में यह सम्मान प्राप्त किया। वेंकटेश आर को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष रेफरी चुना गया जबकि टेकचम रंजीता देवी को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला रेफरी का सम्मान मिला। वैरामुथु पी को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष सहायक रेफरी जबकि रिओहलांग धर को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला सहायक रेफरी चुना गया।

नई दिल्ली, शनिवार 5 मई 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



"कर चोरी राष्ट्रीय क्षति है। इसे किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। विभागीय स्तर पर कर अपवंचन की रोकथाम के लिए कठोरतम और सुनियोजित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।"

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने उद्यमियों के साथ संवाद के बाद प्रयागराज मंडल के औद्योगिक क्षेत्र नैनी में चल रहे कार्यों एवं निर्माणाधीन विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों से कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्धारित समय पर कार्य पूरा करने और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किए जाने के निर्देश दिए।




# उत्तर भारत में बारिश ने ढाया कहर; सात लोगों की मौत, दिल्ली-एनसीआर में कई जगह पेड़ गिरे

**नयीदिल्ली/गुरुग्राम/ चंडीगढ़/ लखनऊ/शिमला,** दो मई (भाषा) उत्तर भारत के अनेक हिस्सों में शुक्रवार सुबह बहुत तेज आंधी के साथ भारी बारिश हुई और इसके चलते सात लोगों की मौत हो गई तथा कई जगहों पर सड़कों पर यातायात जाम रहा एवं कई उड़ानों में देरी हुई।

दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शुक्रवार सुबह धूल भरी आंधी के साथ करीब तीन घंटे तक भारी बारिश हुई, जिससे उड़ानों में देरी हुई और यातायात बाधित हुआ। दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद और मथुरा में व्यस्त रहने वाली सड़कें जलमग्न हो गईं और वाहनों को रेंगते हुए देखा गया। दिल्ली में अनेक स्थानों से आईं तस्वीरों में गिरे हुए पेड़ देखे जा सकते हैं। फरीदाबाद में लोगों को पानी में आधी डूब गई एक कार को बाहर निकालने की कोशिश करते हुए देखा गया।

गाजियाबाद में भी यातायात जाम की स्थिति बनी रही। दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में एक मकान के ढह जाने से 28 वर्षीय महिला और उसके तीन बच्चों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटना में ज्योति और उसके बच्चों आर्यन (सात), ऋषभ (पांच), प्रियांश (सात माह) की मौत हो गई तथा उसके पति अजय (30) को सीने व कलाई में मामूली चोटें आईं हैं।

दिल्ली में मिंटो ब्रिज, आईटीओ, मेजर सोमनाथ मार्ग और खानपुर सहित कई इलाकों में जलभराव हो गया, जिसकी वजह से यातायात जाम हो गया। राजधानी में सुबह करीब पांच बजे शुरू हुई बारिश के दौरान मात्र तीन घंटे में 77 मिमी बारिश हुई। मौसम विभाग ने दिल्ली के लिए 'रेड अलर्ट' जारी करते हुए लोगों से अत्यधिक सतर्क रहने और आवश्यक सावधानी बरतने का आग्रह किया है। गरज के साथ मूसलाधार बारिश होने और तेज हवाएं चलने के कारण इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 200 से अधिक उड़ानों के परिचालन में देरी हुई और तीन उड़ानों के मार्ग में बदलाव करना पड़ा।

एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली हवाई अड्डा आ रही दो उड़ानों को जयपुर और एक उड़ान को अहमदाबाद की ओर मोड़ा गया।

दिल्ली अग्निशमन सेवा को बारिश से जुड़ी घटनाओं के संबंध में करीब 100 कॉल आईं।

लोक निर्माण विभाग ने कहा कि उसे दोपहर 12 बजे तक जलभराव की 100 शिकायतें मिलीं। उसने कहा कि जलभराव और अन्य समस्याओं को दूर करने के लिए 150 त्वरित प्रतिक्रिया दल तैनात किए गए हैं। लुटियन्स दिल्ली क्षेत्र में पेड़ गिरने के 25 मामले सामने आए और जलभराव से संबंधित 12 शिकायतें प्राप्त हुईं।

टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडीडीएल) के एक प्रवक्ता ने बताया कि उन्हें बिजली कटौती से जुड़ी 22 शिकायतें मिलीं, जिन्हें कुछ मिनटों से लेकर एक घंटे के भीतर



बहाल कर दिया गया।

उन्होंने बताया, "आंधी, भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हुई और बिजली के तारों को नुकसान पहुंचा। पेड़ उखड़ गए और उनकी शाखाएं बिजली के तारों पर गिर गईं। करंट से बचने के लिए एहतियाती उपाय के तौर पर कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से रोक दी गई।"

गुरुग्राम में शुक्रवार सुबह बारिश और आंधी के कारण कुछ इलाकों को छोड़कर शहर का अधिकतर हिस्सा जलमग्न हो गया।

पुलिस जहां बाधित यातायात को सुचारू करने में जुटी रही वहीं नगर निगम के प्राधिकारी जलभराव और बंद नालों से निपटने में व्यस्त रहे।

दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर भी यातायात धीमा रहा, जबकि हीरो होंडा चौक, राजीव चौक और इफको चौक पर भी यातायात बाधित रहा।

उत्तर प्रदेश में शुक्रवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने की अलग-अलग घटनाओं में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए।

मृतकों में फिरोजाबाद जिले के थाना नसीरपुर के क्षेत्र शिकोहाबाद नानेमऊ रोड पर 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (मनरेगा) के तहत कार्य कर रहे दो मजदूर शामिल हैं।

सिरसागंज के पुलिस क्षेत्राधिकारी अन्वेष कुमार ने बताया कि आज सुबह सड़क के किनारे काम कर रहे 35 वर्षीय सतेंद्र, 25 वर्षीय विष्णु एवं 30 वर्षीय देवेंद्र कुमार सिंह के ऊपर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई।

उन्होंने बताया कि सत्येंद्र और विष्णु की मौके पर ही मौत हो गई तथा घायल देवेंद्र को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

एटा जिले के साकेत थाना क्षेत्र के भगवंतपुर गांव में बिजली गिरने से 17 वर्षीय दीक्षा की मौत हो गई और उसकी छोटी बहन सपना गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना में लड़की के पिता और भाई भी घायल हो गए।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अधिकारियों को तत्काल राहत और बचाव अभियान शुरू करने का निर्देश दिया।

एक बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वेक्षण करने तथा राहत कार्य की निगरानी के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आकाशीय बिजली, आंधी-तूफान, बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें और घायलों का समुचित उपचार कराया जाए।

योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि अधिकारी सर्वेक्षण कराकर फसल नुकसान का आकलन करते हुए विवरण शासन को भेजें ताकि इस संबंध में आगे कार्रवाई की जा सके।

मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तीन और चार मई को कुछ स्थानों पर तेज बारिश और आंधी का पूर्वानुमान जताया है।

इस अवधि के दौरान तेज हवाएं (30-50 किलोमीटर प्रति घंटे) चलने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने लोगो को सतर्क रहने और सावधानी बरतने की सलाह दी है।

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला और जुब्बारहट्टी के आसपास के कई इलाके में ओलावृष्टि जबकि राज्य के कई स्थानों पर बारिश हुई। मौसम विभाग केंद्र ने शुक्रवार को राज्य में अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि को लेकर 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। अगले सप्ताह बृहस्पतिवार तक आंधी, बिजली चमकने समेत 30-50 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने का 'ऑरेंज अलर्ट' भी जारी किया गया है। राज्य में कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान में दो से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई और लाहौल एवं स्पीति के ताबो में न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मई महीने के लिए अपने पूर्वानुमान में मौसम विभाग ने कहा कि अधिकतर भागों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

पंजाब और हरियाणा के कई हिस्सों में रातभर तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के कारण दोनों राज्यों में तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई। स्थानीय मौसम विभाग ने बताया कि हिसार, बठिंडा और गुरदासपुर में सबसे अधिक बारिश हुई।

# कर चोरी रोकने के लिए कठोरतम और सुनियोजित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ,** (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को निर्देश दिया है कि राजस्व संग्रह में पारदर्शिता बढ़ाने के साथ ही तकनीक का व्यापक उपयोग किया जाए और कर चोरी की रोकथाम के लिए कठोरतम एवं सुनियोजित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

शुक्रवार को यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार राज्य कर विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया, "कर चोरी राष्ट्रीय क्षति है। इसे किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। विभागीय स्तर पर कर अपवंचन की रोकथाम के लिए कठोरतम और सुनियोजित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।"

समीक्षा बैठक में योगी आदित्यनाथ ने राजस्व संग्रहण में पारदर्शिता, तकनीकी दक्षता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य किये जाने पर बल दिया है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास में सहभागी बनें, कर प्रणाली में नवाचारों को अपनाएं और ईमानदार करदाताओं को हरसंभव सुविधा एवं सम्मान प्रदान करें।

बयान के अनुसार बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में राज्य कर विभाग ने 1,14,637.54 करोड़ रुपये का संग्रहण किया। अब चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1.75 लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नए वित्त वर्ष के प्रथम माह अप्रैल में 9,986.15 करोड़ रुपये का



जीएसटी/वैट संग्रहण हुआ। इसे संतोषप्रद बताते हुए आने वाले महीनों में लक्ष्य के सापेक्ष इसे और बेहतर किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ ज़ोन जैसे गौतमबुद्ध नगर, अयोध्या, लखनऊ द्वितीय, अलीगढ़, कानपुर प्रथम और झांसी ने अप्रैल में 60 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य अर्जित कर सराहनीय कार्य किया है। लखनऊ द्वारा 71.66 प्रतिशत की लक्ष्य प्राप्ति की गई है जबकि कुछ ज़ोन, कॉर्पोरेट सर्किल और सेक्टरों में अपेक्षित संग्रह न हो पाने पर मुख्यमंत्री ने सुधार की आवश्यकता जताई।

मुख्यमंत्री ने कहा, "वाराणसी, इटावा,, गोरखपुर, कानपुर द्वितीय और आगरा जैसे ज़ोन/कॉर्पोरेट सर्किलों को और अधिक परिणामोन्मुखी कार्य करना होगा। इसी प्रकार मुजफ्फरनगर, मेरठ, सहारनपुर और जालौन के कुछ सेक्टरों में भी सुधार की आवश्यकता है। संबंधित अधिकारियों को ठोस और क्षेत्रीय कार्ययोजना बनाकर निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए।"

योगी आदित्यनाथ ने विभाग को निर्देश दिया कि वह तकनीकी सशक्तीकरण की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि 'आईटी टूल्स', 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' और 'डेटा एनालिटिक्स' का अधिकाधिक उपयोग कर न केवल संग्रहण क्षमता बढ़ाई जाए, बल्कि करदाताओं को एक सरल, पारदर्शी और भरोसेमंद अनुभव भी प्रदान किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्रीय अधिकारी व्यापारियों से संवाद बनाये रखें और समय से सही 'रिटर्न फाइल करने' में यथासंभव सहायता करें।

शुक्रवार को यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार नगर विकास विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना की समीक्षा बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य में चल रही विकास परियोजनाओं की वास्तविक प्रगति जानने के लिए विशेष क्षेत्र निरीक्षण कराया जाएगा। इसके लिए राज्य स्तरीय अधिकारियों और पीएमयू (परियोजना प्रबंधन इकाई) की संयुक्त विशेष टीमें गठित की जाएंगी।

मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि योजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन केवल कागजों पर नहीं, बल्कि जमीनी सच्चाई के आधार पर हो।

## परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष, स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और प्रसिद्ध कथावाचक जया किशोरी ही की दिव्य भेंटवार्ता

# देहरादून में पहली बार श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का समापन

**ऋषिकेश/देहरादून,** । परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और प्रसिद्ध कथा वाचक, वक्ता जया किशोरी जी की एक अत्यंत प्रेरणादायी और सारगर्भित भेंटवार्ता हुई देहरादून में हुई। सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भव्य समापन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी आज के युग में कथा की प्रासंगिकता, युवाओं की भूमिका तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन की संभावनाओं पर चर्चा की।स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि कथा धार्मिक अनुष्ठान के साथ आत्मशुद्धि, जीवननिर्माण और समाज कल्याण का सशक्त माध्यम है। यह हमारी जड़ों से, हमारे मूल्यों, हमारी संस्कृति और संस्कारों से हमें जोड़ती है। आज जब युवा सोशल मीडिया की चकाचैंध में अपने अस्तित्व को खोज रहे हैं, ऐसे में कथा



हरित कथा का दिव्य संदेश देते हुये रूद्राक्ष का पौधा किया भेंट

उन्हें दिशा देती है, दृष्टि देती है और जीवन में सच्चा उद्देश्य प्रदान करती है ।कथा केवल पुराणों की बातें नहीं, यह हमारे जीवन की सच्चाइयाँ हैं। इसमें छिपे आदर्श चरित्र और उनके निर्णय युवाओं को न केवल प्रेरणा देते हैं बल्कि उनके भीतर छुपे दिव्य संभावनाओं को भी जाग्रत करते हैं ।कथा केवल शब्दों का प्रवाह नहीं, यह जीवन को दिशा देने वाली ऊर्जा है। जब तक हम कथा को सुनते है तो यह बाहरी अनुभव रहेगी। पर जब हम कथा को जीवन में उतारेंगे, तब वह हमारा जीवन बन जाएगी। यही सनातन संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है, वह जीवन को ही साधना बना देती है ।पर्यावरण चेतना का अनुपम संदेश देते हुए स्वामी जी ने जया किशोरी जी को एक रूद्राक्ष का पौधा भेंट करते हुये कहा कि हमारी संस्कृति कथा और कर्तव्य दोनों को साथ लेकर चलती है और आज के युग में पर्यावरण संरक्षण ही सबसे बड़ा कर्तव्य है। कथा जहाँ हमारे जीवन को दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्ग है, वहीं कर्तव्य वह आधार है जो उस मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। आज के युग में, जब प्रकृति संकट में है, तब पर्यावरण संरक्षण ही सबसे बड़ा कर्तव्य बन गया है ।कथा हमें हमारे मूल, हमारी जड़ों और हमारे दायित्वों की याद दिलाती है। जब हम श्रीमद्भागवत व दिव्य कथाओं को सुनते हैं, तो भगवान की लीलाएँ के साथ धर्म, सेवा और प्रकृति के प्रति संवेदना का संदेश भी ग्रहण करते हैं। हर कथा हमें यह सिखाती है कि सच्ची भक्ति वही है जो सेवा और संरक्षण से जुड़ी हो ।वर्तमान समय में पौधारोपण, जल-संरक्षण और प्लास्टिक मुक्ति जैसे प्रयास केवल पर्यावरण के नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और कर्तव्य के भी प्रतीक बन चुके हैं। इसलिए जब भी कथा हो, कम से कम पांच पौधे जरूर लगाएं, यह कथा को कर्म में बदलने का सबसे सुंदर माध्यम है।

# कार्यों की गुणवत्ता से नहीं किया जाएगा कोई समझौता, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

नैनी औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों के साथ संवाद के बाद मंत्री नन्दी ने उद्यमियों एवं अधिकारियों के साथ नैनी औद्योगिक क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। जहां चल रहे विकास कार्यों की रफ्तार धीमी होने, नाला-नाली क्षतिग्रस्त होने, जलनिकासी और साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर न होने पर मंत्री नन्दी ने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को तत्काल व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

0मंत्री नन्दी ने नैनी औद्योगिक क्षेत्र के गेट नंबर एक पर हो रहे गेट के निर्माण का निरीक्षण किया। निर्माण सामग्री के गुणवत्ता की जांच करते हुए कार्य में लापरवाही न करने और समय से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उद्यमियों ने जलनिकासी की व्यवस्था बेहतर न होने की शिकायत की। जिसकी वजह से बरसात के मौसम में जलभराव होता है। मंत्री नन्दी ने मौके पर



- मंत्री नंदी ने औद्योगिक क्षेत्र के सुंदरीकरण के साथ ही जलनिकासी व्यवस्था बेहतर बनाने को कहा
- नन्दी ने नैनी औद्योगिक क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण

निरीक्षण किया तो कई स्थानों पर नाली बंद पाई गई। जिस पर मंत्री नन्दी ने नाला-नाली की सफाई एवं मरम्मत कराते हुए जलनिकासी व्यवस्था को बरसात के पहले दुरूस्त कराने के निर्देश दिए। गेट नंबर एक के पास ही वर्षो से बंद पड़ी निष्प्रयोज्य दुकानों को ध्वस्त कराने का आदेश मंत्री ने दिया। साथ ही सिंचाई विभाग को दी गई खाली भूमि को वापस लेने का भी निर्देश दिया। पार्कों की साफ-सफाई को बेहतर बनाने और सौंदर्याकरण का कार्य कराने के निर्देश भी मंत्री नन्दी ने दिए।

## पाक भेजे जाने वाले याचिकाकर्ता परिवार को न्यायालय ने राहत दी, दस्तावेजों के सत्यापन का निर्देश

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को प्राधिकारियों से कहा कि वे कथित तौर पर वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी यहां रह रहे एक परिवार के छह सदस्यों के खिलाफ पाकिस्तान वापस भेजने जैसी कोई दंडात्मक कार्रवाई तब तक न करें जब तक उनकी नागरिकता के दावों का सत्यापन नहीं हो जाता। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने बिना कोई विशेष समयसीमा तय किए अधिकारियों से कहा कि वे परिवार के पहचान दस्तावेजों जैसे पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि तथा उनके संज्ञान में लाए गए अन्य प्रासंगिक तथ्यों का सत्यापन करें।

पीठ ने कहा, ''इस मामले के विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए, उचित निर्णय लिए जाने तक प्राधिकारी कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करें। यदि याचिकाकर्ता अंतिम निर्णय से असंतुष्ट हैं, तो वे जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं।

# बारिश से दिल्ली में जलभराव: आप ने भाजपा की 'चार इंजन' वाली सरकार पर बोला हमला

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली में शुक्रवार को मूसलाधार बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव और उड़ानों में विलंब देखने को मिला, जिसके बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने शहर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर निशाना साधते हुए किसी भी तरह की तैयारी नहीं करने का आरोप लगाया।

'आप' की दिल्ली इकाई के प्रमुख सौरभ भारद्वाज ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा शहर की विभिन्न सरकारी एजेंसियों को नियंत्रित करती है इसलिए वह जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई।

भारद्वाज ने कहा, "आज दिल्ली में पहली बारिश हुई और पूरा शहर जलमग्न हो गया। सड़कें, भूमिगत मार्ग, कॉलोनियां, सब कुछ जलमग्न हो गया। यह 'चार इंजन' वाली भाजपा सरकार की वास्तविकता है।" उन्होंने कहा कि एनडीएमसी, डीडीए, पीडब्ल्यूडी और एमसीडी पर भाजपा का नियंत्रण है।



भारद्वाज ने कहा, "अब कोई बहाना नहीं चलेगा। सभी एजेंसियां, चाहे वे केंद्र के अधीन हों या राज्य के, अब भाजपा के नियंत्रण में हैं।" उन्होंने कहा, "अगर कोई सड़क एनडीएमसी की है, तो यह भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है, अगर कोई सड़क डीडीए की है, तो यह भाजपा के उपराज्यपाल की जिम्मेदारी है, अगर कोई सड़क पीडब्ल्यूडी या बाढ़ नियंत्रण विभाग की है, तो यह भाजपा की दिल्ली सरकार की जिम्मेदारी है, और अगर कोई सड़क एमसीडी की है, तो भी भाजपा जिम्मेदार है। अब चारों इंजन भाजपा के हैं।"

'आप' नेता ने दावा किया कि बारिश 'सामान्य' थी और पूर्वानुमान जारी किया गया था। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सुबह-सुबह भारी बारिश के साथ आए तूफान के कारण एक मकान ढह गया, जिसमें एक महिला और उसके तीन बच्चों की मौत हो गई।

खराब मौसम के कारण 200 से अधिक उड़ानों में विलंब हुआ। मिंटो ब्रिज और आईटीओ समेत कई व्यस्त सड़कों पर पानी भर गया, जिससे कई इलाकों में यातायात जाम हो गया।

भारद्वाज ने दिल्ली के लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के पिछले बयानों का हवाला देते हुए कहा, "मंत्री ने 445 जलभराव वाली जगहों की पहचान की थी और दावा किया था कि हर एक पर एक इंजीनियर की निगरानी है। फिर भी, आज हम उनमें से 400 स्थानों पर जलभराव देख रहे हैं। कितने इंजीनियरों को निलंबित किया गया है? मंत्री ने हमें नहीं बताया।" उन्होंने पिछले वर्ष दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश के क्रियान्वयन पर भी सवाल उठाए, जिसमें गाद निकालने के काम के लिए तीसरे पक्ष से ऑडिट कराने को कहा गया था।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।